लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष - 34, अंक - 77, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आओ सहेजें अपनी विरासत को व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | धूप खिली रहेगी, हल्के बादल रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 46 | सूर्यास्त 18 : 32

लखनऊ, रविवार, 14 अप्रैल 2024

परिणीति चोपड़ा ने फिल्म के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया...15

इजराइली जहाज पर ईरान का कब्जा

दुबई, एजेंसी

ईरान-इजराइल में तनाव बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि ईरान दो दिन के अंदर इजराइल पर हमला कर सकता है। इस बीच ओमान की खाड़ी से होर्मुज होते हुए भारत आ रहे कार्गो शिप पर ईरान की सेना ने कब्जा कर लिया है। जहाज पर 17 भारतीय भी मौजूद हैं।

कार्गो शिप लंदन बेस्ड कंपनी का है, जिसका मालिकाना हक इजराइली अरबपति के पास है। शिप पर 20 क्रू मेंबर सवार हैं, जो फिलीपींस के नागरिक हैं। इजराइली सेना के प्रवक्ता डेनियार हगारी ने कहा कि हम हमलों पर चुप नहीं बैठेंगे। इसका जवाब दिया जाएगा। इधर, भारत समेत छह देशों- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और जर्मनी ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एक अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

जहाज पर 17 भारतीय सवार, तनाव बढ़ा

भारतीयों की मुक्ति को ईरान के संपर्क में भारत

नई दिल्ली। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ने तनाव को देखते हुए भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा और मुक्ति के लिए तेहरान और नई दिल्ली, दोनों स्थानों पर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। ईरान ने जहाज जब्त करने का कदम यह आशंका बढ़ने के बीच उठाया कि तेहरान 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले के जवाब में इजराइली क्षेत्र पर हमला कर सकता है।

स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटेगा बॉर्नविटा

नई दिल्ली, एजेंसी: सरकार ने ई-कॉमर्स कंपनियों से पोर्टल से बॉर्नविटा समेत अन्य पेय पदार्थों को स्वास्थ्यवर्द्धक पेय पदार्थ की श्रेणी से हटाने का निर्देश दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने दिए परामर्श में कहा कि बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा (3) के तहत गठित वैधानिक निकाय राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सीआरपीसी अधिनियम 2005 की धारा 14 के तहत जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि एफएसएस अधिनियम 2006, एफएसएसएआई और मोंडेलेज इंडिया फूड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत नियमों और विनियमों के तहत कोई स्वास्थ्यवर्द्धक पेय परिभाषित नहीं है। आदेश 10 अप्रैल को जारी हुआ है।

मुख्यमंत्री के सचिव का नाम ... मनमाना काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जिलों के अधिकारियों के फोन पर सीएम के सचिव का सीयूजी नंबर प्रदर्शित कराकर उन्हें आदेश देकर मनमाने काम करवाने वाले गिरोह को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।

ये गिरोह वायस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल का सहारा लेकर मुख्यमंत्री, विभिन्न विभागों के मंत्रियों के निजी सचिव बनकर अधिकारियों को रौब मे लेता रहा। पकड़ा गया मास्टरमाइंड अन्मेष तिवारी एवं कप्तान तिवारी रौनाही अयोध्या के रहने वाले हैं। इनके पास से चार मोबाइल फोन, छह एटीएम, एक लैपटॉप और सूचना डायरी बरामद की है। डायरी से अधिकारियों का सीयूजी नंबर हासिल करते थे। गिरोह के सरगना अन्वेष तिवारी ने बताया कि उसने 2018 में अयोध्या से एमसीए करने के बाद 2023 में खुद की कंपनी बनायी और लगभग तीन हजार साफ्टवेयर बनाये हैं। 2022 में उसे 'इंडीकॉल' ऐप की जानकारी मिली जिसके माध्यम से किसी भी नम्बर को प्रदर्शित कर कॉल किया जा सकता था।

अन्वेष तिवारी ने बताया कि उसने इसकी जानकारी अपने चाचा कप्तान तिवारी को दी और इसके बाद फोन करके अधिकारियों से काम कराने लगा। लखनऊ के सीनियर अधिकारियों का सीयूजी नंबर देखकर अधिकारियों को शक नहीं होता था और इनके काम झटपट हो जाते थे।

एसटीएफ ने किया गिरोह का खुलासा

- एसटीएफ ने लखनऊ से की गिरफ्तारी
- कई मंत्रियों के सचिव बनकर कराए काम

कप्तान तिवारी | अन्वेष तिवारी।

बरेली में अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे में की पैरवी

बरेली के इज्जतनगर थाने में आरोपी अन्वेष के खिलाफ के रिपोर्ट दर्ज हुआ था। 2022 में फिनटेंक कंपनी बरेली को साफ्टवेयर बना कर दिया गया था। पैरवी के लिए इंडीकॉल ऐप के माध्यम से 22 फरवरी 2024 को एसएचओ इज्जतनगर को मुख्यमंत्री का निजी सचिव बनकर कॉल किया गया। एसएचओ को निर्देश दिया कि मुकदमे में अभियुक्त अन्वेश तिवारी व आरती पांडेय निवासी पिरखौली बड़ागांव अयोध्या तथा विनीत कुमार निवासी नाथू मिश्रा का पुरवा मजरे पंडितपुर अयोध्या व खुश्बू के खिलाफ कोई कार्रवाई न किया जाए। इसी तरह से आरोपियों ने मुख्यमंत्री के निजी सचिव का नंबर प्रदर्शित कराकर अयोध्या के डीसी मनरेगा, एसडीएम सोहावल, सीएमएस से कई कार्यों को अपने हिसाब से प्रभावित कराया।

बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की जगह जहन्नुम : योगी

बहेड़ी की जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब नो कर्फ्यू नो दंगा, यूपी में सब चंगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा की सरकारों में चारों तरफ दंगे होते थे, लेकिन प्रदेश में सात साल में एक भी दंगा नहीं हुआ है। दंगा करने वालों को मालूम है कि दंगा करेंगे तो उल्टे लटका दिए जाएंगे। व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पता है कि जेल जाने से पहले उनके लिए जहन्नुम का रास्ता तैयार है।

मुख्यमंत्री शनिवार को पीलीभीत में भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में बहेड़ी के रामलीला मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक नया भारत है, जिसमें 140 करोड़ लोगों का सम्मान है।

नया भारत अपनी सुरक्षा और देश की सीमाओं को सुरक्षित करना जानता है। यहां आस्था का सम्मान भी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें कर्फ्यू लगाती थीं लेकिन अब माफिया गले में तख्ती लटकाकर घूम रहे हैं और बोल रहे हैं कि बस जान बख्श दो। कहा कि कुछ लोग पहले ही अपने कर्मों की सजा पा चुके हैं। कुछ भयभीत होकर खुद जहन्नुम जा रहे हैं। कहा कि अब यह नहीं होगा कि दंगा भी कराएंगे और फिर किसी पार्टी से फतवा जारी कर अव्यवस्था पैदा करेंगे।

- दंगाइयों को पता है उल्टे लटका दिए जाएंगे, 370 हटने के बाद खत्म हुई आतंकवाद की समस्या

मुरादाबाद दंगे की जांच रिपोर्ट दबाई, हमने किया खुलासा

बिजनौर। मुख्यमंत्री योगी ने कहा, जो लोग माफिया को पालते थे, वह आपको सुरक्षा नहीं दे सकते। यह भाजपा का सुशासन है, जिसने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया है। 1980 में मुरादाबाद में सांप्रदायिक दंगा हुआ, इसमें दर्जनों लोग मारे गए। इतने सालों तक इसकी जांच रिपोर्ट को भी फाइलों में दबा दिया गया। मेरे मुख्यमंत्री बनने के बाद इसका खुलासा हुआ। उसमें बड़े-बड़े लोग बेपर्दा हुए। मुख्यमंत्री मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा बढ़ापुर के गांव आलमपुर गांवड़ी में भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने 2016 में सहारनपुर में हुए सिख विरोधी दंगे का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू है सब कुछ चंगा है। दंगाई छिपे हुए हैं।

जमीन चाहे रामलला की हो या गरीब की वसूली ब्याज सहित की जाएगी

उन्होंने कहा कि आज यूपी और किसान आगे बढ़ चुका है। जम्मू कश्मीर में अब किसी भी वर्ग, जाति का व्यक्ति जमीन खरीद सकता है। कांग्रेस ने इससे लोगों को वंचित कर रखा था। जमीन चाहे रामलला की हो या फिर किसी गरीब या व्यापारी की, उससे ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

किसान को बनाएंगे भुगतान न करने वाली चीनी मिलों के मालिक

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 120 चीनी मिलों में 105 एक सप्ताह में भुगतान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जो भी चीनी मिलें गन्ना भुगतान समय पर नहीं करेंगी, हम किसानों को उसका मालिक बनाएंगे। किसान ही उन चीनी मिलों को संचालित करेंगे।

कोर्ट में केजरीवाल की याचिका पर 15 को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के गिरफ्तार करने और हिरासत में रखने के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल को वैध करार देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर सुनवाई के लिए जारी मुकदमों की सूची में केजरीवाल की याचिका भी है। हाईकोर्ट ने धनशोधन के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को वैध करार दिया था और कहा था कि बार-बार समन देने के बावजूद जांच में शामिल होने से इनकार करने के बाद ईडी के पास थोड़ा विकल्प बचा था।

हाईकोर्ट ने आप नेता की गिरफ्तारी और संघीय एजेंसी की हिरासत में भेजे जाने को चुनौती देने वाली याचिका रद कर दी है। हाईकोर्ट की ओर से मामले में ईडी की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने से इनकार करने के कुछ घंटों बाद ही ईडी ने 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को अदालत ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और वह अब तिहाड़ जेल में हैं।

प्रियंका ने मोदी सरकार पर किया पलटवार

सत्ता में आने वाले आपदा के समय नहीं दिखते

संवाददाता रामनगर

अमृत विचारः कांग्रेस की न्याय रैली में महासचिव प्रियंका गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भाजपा को घेरा। कहा कि देवभूमि की जनता को भ्रमित कर सत्ता में आने वाले आपदा के वक्त नहीं आते हैं। अबकी बार मोदी सरकार पर पलटवार करते हुए उन्होंने जनता का आह्वान किया कि वह अबकी बार जनता की सरकार चुनें।

शनिवार को पीरूमदारा के किसान इंटर कालेज के मैदान से प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड की तीन संसदीय सीटों के मतदाताओं को संबोधित किया। कहा कि वह खुद, भाई और उनके बच्चे भी देहरादून में ही पढ़े। 13 साल की उम्र से रामनगर आ रही हैं। जब भी आती हूं, सिद्धबली मंदिर के दर्शन जरूर करती हूं। उन्होंने अग्निवीर योजना और इलेक्टोरल बॉन्ड पर सरकार की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जुमलेबाजी में दस साल गुजार दिए, पर कांग्रेस को कोस रहे हैं। कहा कि जब भी वह उत्तराखंड ओर हिमाचल आए तो इन प्रदेशों को देवभूमि बताते हुए कहा कि मैं इस भूमि को बार-बार प्रणाम करता हूं। लेकिन हिमाचल में जब कांग्रेस की सरकार बनी और पिछले साल वहां दैवीय आपदा आई। पहाड़ टूटे, मंदिर टूटे, लोगों के घर टूटे लेकिन केंद्र ने हिमाचल को एक पैसे की मदद नहीं की। कहां गया उस समय उनका देवभूमि के प्रति प्रेम ?

उन्होंने पौड़ी गढ़वाल प्रत्याशी गणेश गोदियाल, नैनीताल ऊधमसिंह नगर प्रत्याशी प्रकाश जोशी, अल्मोड़ा प्रत्याशी अजय टम्टा को भारी मतों से जिताने की अपील की।

रामनगर के पीरूमदारा में जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी।

एक नजर

खराब मौसमः दिल्ली 22 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदल दिया गया। इनमें से नौ उड़ानों को जयपुर, आठ को लखनऊ, दो को चंडीगढ़ और 1-1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं। मार्ग परिवर्तन शाम तीन से साढ़े छह बजे के बीच हुआ। राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) प्रतिदिन 1,300 उड़ानों की आवाजाही संभालता है।

चुनावी बॉण्ड खरीदार मेघा इंजीनियरिंग पर केस

नई दिल्ली। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी।

दोनों आरोपी रिमांड पर गए बेंगलुरु

बेंगलुरु। बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले में एनआईए ने कोलकाता से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर यहां लेकर आई है। दोनों को चिकित्सा जांच के बाद एनआईए की अदालत में पेश किया जाएगा। कोलकाता की अदालत ने विस्फोट मामले में दोनों आरोपियों को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा और एनआईए को उन्हें बंगलुरू ले जाने की अनुमति दी थी। एनआईए ने मुसव्विर हुसैन शाजिब और ए मथीन अहमद ताहा को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था।

कक्षा पांच की छात्रा को अगवाकर किया सामूहिक दुष्कर्म, दो पर एफआईआर

रुदौली, अयोध्या

अमृत विचार : कक्षा पांच की छात्रा को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने की वारदात सामने आई है। पीड़िता को दो दिन तक लखनऊ में बंधक बनाकर उससे दुष्कर्म किया गया। आरोपियों के चंगुल से छूटी पीड़िता घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस पीड़िता की शिकायत पर एक नामजद समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। घटना आठ अप्रैल की बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र की 13 वर्षीय छात्रा गांव के निजी स्कूल में पांचवीं में पढ़ती है। पुलिस को दी तहरीर के अनुसार, गांव का युवक स्कूल आते-जाते वक्त रास्ते में रोककर आए दिन उससे छेड़छाड़ करता था। आठ अप्रैल की सुबह वह घर निकली थी। पहले से घात लगाए आरोपी ने चाकू के बल पर उसका अपहरण कर लिया। गांव के बाहर गन्ने के खेत में दुष्कर्म करने के बाद आरोपी उसको लखनऊ ले गया। वहां पर दो दिनों तक एक घर में बंधक बनाकर अपने दोस्त के साथ मिलकर दुष्कर्म करता रहा। आरोपियों ने पीड़ित किशोरी को शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दी।

गत दिवस वह मौका पाकर वहां से भाग निकली और अपने घर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही अनुज कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। चिकित्सीय परीक्षण के लिए पीड़िता को अस्पताल भेजा जाएगा।

वारदात

- लखनऊ में दो दिनों तक बनाकर रखा बंधक, आरोपियों को तलाश रही पुलिस

मानवाधिकारों का संदेशखालि में हुआ उल्लंघन : आयोग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प. बंगाल के संदेशखालि मामले की मौके पर पहुंचकर की गई जांच में अत्याचार की घटनाओं को चिह्नित किया और कहा कि ऐसी घटनाओं की रोकथाम में की गई लापरवाही से मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि प्रतिशोध के व्यापक भय के साथ ही ताकत दिखाने के खेल ने एक दुर्जेय बाधा के रूप में काम किया, जिससे लोगों ने शिकायतें दर्ज कराने से परहेज किया। एनएचआरसी ने कहा कि आयोग ने कई सिफारिशें की हैं और हर सिफारिश पर बंगाल सरकार से आठ सप्ताह में कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

उन्नाव में एक ही परिवार के पांच बच्चे गंगा में डूबे, चार की मौत

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतीरामपुरवा गांव के एक ही परिवार के पांच बच्चे शनिवार सुबह गंगा नहाने के दौरान डूब गए। आसपास के लोगों ने एक बच्ची को तो बचा लिया, लेकिन चार बच्चों की जान चली गई। परिजनों ने गंगा में जाल डालकर बच्चों को निकाला और कानपुर के कांशीराम अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चारो को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अफसर पहुंचे।

बहराइच के द्वारिकापुरी थाना क्षेत्र के कैसरगंज निवासी सलमान और उसका भाई नियाज अहमद जाजमऊ चौकी क्षेत्र के रतीराम पुरवा के बंधे पर डेढ़ साल पहले परिवार के साथ रहने आया था। शनिवार को सलमान का 7 वर्षीय बेटा राजबाबू, बेटी नाजिया बानो (11) और नियाज का बेटा मो. मुनाजिर (10), रियाज अहमद (8) और 5 साल की बेटी जैनब सुबह सात बजे गंगा के किनारे पहुंचकर नहाने लगे। बच्चे नहीं दिखे तो नियाज की पत्नी शमीरुन उनको ढूंढते हुए गंगा किनारे पहुंची, जहां बेटी जैनब को डूबता देख शोर मचाया। लोगों ने जैनब को बाहर निकाला। पांच बच्चों के डूबने की खबर पर भीड़ लग गई। परिजनो नाव लेकर जाल के सहारे चारों बच्चे को निकाला और जाजमऊ के निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टर ने कानपुर के कांशीराम अस्पताल भेज दिया। वहां डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। कानपुर पुलिस ने इसकी सूचना गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने बच्चों का पोस्टमार्टम करना चाहा, लेकिन परिजनों ने मना कर दिया। सूचना पर एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, तहसीलदार अविनाश चौधरी मौके पर पहुंचे।

- गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा, चार बच्चों की मौत की खबर पर अधिकारी पहुंचे

कंगना रनौत के सामने विक्रमादित्य को उतारा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 और प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी। चंडीगढ़ सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल की दो और ओडिशा की नौ सीट के लिए एलान किया गया है। साथ ही पार्टी ने गुजरात की पांच विस सीटों पर उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों का एलान कर दिया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी को चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। यहां पिछली बार पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन बंसल को टिकट दिया गया था। हालांकि, उन्हें भाजपा उम्मीदवार किरण खेर के हाथों 49 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। हिमाचल के मंत्री विक्रमादित्य सिंह को राज्य के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ अपना प्रत्याशी बनाया है। विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे हैं।

कांग्रेस की नई सूची

बाबा हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

नानकमत्ता। डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह को एसटीएफ ने हरियाणा के जींद जिले से गिरफ्तार कर लिया। बीते दिवस गौरी फंटा (लखीमपुर खीरी) से पकड़े गए षड़यंत्रकारी सतनाम सिंह का आज चालान हुआ। दूसरा शूटर सर्वजीत सिंह अभी भी हत्थे नहीं चढ़ा है।

एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बाबा हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सुल्तान सिंह व बीते दिवस गिरफ्तार सतनाम सिंह की जानकारी दी। षडयंत्र में सतनाम सिंह निवासी कुईया महोलिया बंडा (शाहजहांपुर) को एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर से सटे गौरी फंटा (लखीमपुर) से पकड़ा था।

राहत | क्षुद्रग्रह एपोफिस वैज्ञानिकों की चिंता का सबसे बड़ा कारण था

टल गया पृथ्वी पर आने वाला अबतक का सबसे बड़ा खतरा

बबलू चंद्रा, नैनीताल

बहुचर्चित नही बल्कि कुख्यात भी साथ ही वैज्ञानिकों की चिंता का बड़ा कारण क्षुद्रग्रह एपोफिस के पृथ्वी से टकराने की संभावना नही रही। इस से वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है और पृथ्वी के लिए अबतक का सबसे बड़ा खतरा भी टल गया है। यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी के एक बड़े हिस्से को तबाह करने की ताकत रखता है। हालिया गणना में यह जानकारी सामने आई है।

एपोफिस की खोज 2004 में हुई थी। हमारे आसमान में बेख़ौफ घूमती इस चट्टान का आकार करीब आधा किमी है। अगर यह पृथ्वी से टकरा जाए तो हजारों किमी हिस्से को तबाह कर सकती है। इसके पृथ्वी से टकराने की प्रबल संभावना के चलते खगोलविद् बेहद चिंतित हो चले थे। जिस कारण नासा समेत रसिया व इसा स्पेस एजेंसी इसकी जांच पड़ताल के साथ ही लगातार निगरानी कर रहे थे। शुरुआती गणना में उसके अप्रैल 2013 में पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई गई थी। जिसे लेकर वर्ष 2013 में धरती के तबाह होने की खबरों ने दुनियाभर के लोगों ने चिंता में डाल दिया था। मगर उसी दौरान एक और अध्ययन ने इसके 2013 के बजाय 2029 में टकराने की संभावना की घोषणा की दी। इस गणना से निकट भविष्य का खतरा तो टल गया, लेकिन समस्या का सही निदान नही मिल पा रहा था। इसके बाद 2021 में पूनः एपोफिस की गणना की गई तो पता चला कि अब यह 2036 में पृथ्वी से टकराएगा। इस तरह से इस आकाशीय पिंड पर वैज्ञानिक पल पल नजर बनाए रहे और इस खतरे को दूर करने के उपाय भी तलाशते रहे। मगर अब जो रिपोर्ट आई है उसके मुताबिक पृथ्वी को अगले सौ साल किसी भी आकाशीय पिंड यानी क्षुद्रग्रह से कोई खतरा नही है। इसकी ऑर्बिट की सटीक गणना को लेकर गोल्डस्टोन डीप स्पेस कम्युनिकेशंस कॉम्प्लेक्स व ग्रीन बैंक टेलीस्कोप का सहारा लिया गया , तब यह जानकारी सामने आई। एपोफ़िस पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करता है, जिसे एक चक्कर पूरा करने में 323.6 दिन लगते हैं, जबकि पृथ्वी को 365.3 दिन का समय लगता है।

2029 में देखा जा सकेगा कुख्यात एपोफिस को

नैनीताल। हाल के वर्षों की गणनाओं से पता चला है कि यह क्षुद्रग्रह 2029 और 2036 दोनों में पृथ्वी के पास से सुरक्षित रूप से गुजरेगा। 2029 में पृथ्वी की सतह से 19,662 मील की मामूली दूरी से गुजरगे। यह पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले कई उपग्रहों से अधिक निकट की दूरी है। तब इसे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र का सामना करेगा। तब संभव है कि एपोफिस पर भूकंप आए। इससे एपोफिस की कक्षा में भी थोड़ा बदलवा आएगा। इस दौरान इस पिंड को आसानी से देखा जा सकेगा।

एक नजर

2 करोड़ 78 लाख की शराब व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई के तहत दो करोड़ 78 लाख की शराब व नकदी जब्त की गई, जबकि अब तक कुल 92,91,280 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। बीते दिन बाराबंकी की हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 250 ग्राम ड्रग व मिर्जापुर विधानसभा क्षेत्र में 12.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 65 ग्राम ड्रग पकड़ी गई। अब तक सार्वजनिक स्थानों से 56,03,727 व निजी स्थानों से 36,87,553 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। बताया कि 16 मार्च से 12 अप्रैल तक पुलिस विभाग की कार्रवाई में अपराधिक व्यक्तियों के 483 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये।

इस सत्र से बढ़ेंगी 1200 एमबीबीएस सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में 14 नहीं, इस सत्र में 12 नए मेडिकल कॉलेज शुरू हो सकते हैं। करीब 1200 एमबीबीएस सीटें बढ़ने के बाद उप्र. 10 हजार से अधिक एमबीबीएस सीटों वाले राज्यों के क्लब में शामिल हो जाएगा।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शनिवार को बताया कि मानक पूरे करते हुए 12 कॉलेजों में एमबीबीएस सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी में आवेदन किया गया है। कॉलेजों का निरीक्षण जल्द ही होने की उम्मीद है और इसके बाद अगर टीम को कोई कमी मिलती है और उन्हें पूरा करने के लिए हमें नोटिस जारी करती है तो उन्हें दूर किया जाएगा।

आंकड़ों के मुताबिक, कर्नाटक और तमिलनाडु में 11 हजार से अधिक एमबीबीएस सीटें हैं। उनके बाद महाराष्ट्र में 10,845, जबकि उप्र. में नौ हजार से अधिक एमबीबीएस सीटें हैं, उसके बाद तेलंगाना में 8490 हैं।

प्रदेश सरकार ने हर जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज देने की योजना बनाई है, इसलिए मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 75 से अधिक होगी, क्योंकि कुछ जिलों में पहले से ही एक से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। यूपी में वर्तमान में 65 मेडिकल संस्थान हैं। कुछ नए कॉलेजों को मौजूदा जिला अस्पतालों के साथ जोड़ा जाएगा।

भाजपा का संकल्प पत्र तैयार, आज आ सकता है सामने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में कुल 27 सदस्यीय समिति ने तैयार किया है संकल्प पत्र
- पांच लाख लोगों के सुझावों पर चर्चा के बाद तैयार हुए भाजपा के घोषणा पत्र का बेसब्री से इंतजार

अमृत विचार : भाजपा अपना बहुप्रतीक्षित घोषणापत्र (संकल्प पत्र) संविधान निर्माता डा. आंबेडकर की जयंती पर रविवार को घोषित कर सकती है। कांग्रेस और सपा का घोषणा पत्र पहले ही जारी हो चुका है। अब देखना होगा कि बेरोजगारी और महंगाई को लेकर घेर रहे विपक्ष के जवाब में मोदी की तीसरी ताजपोशी के लोकलुभावन मुद्दे, तरक्की की योजनाएं, सांस्कृतिक मुद्दे, बाहरी और आंतरिक सुरक्षा समेत विदेशों में धमक बढ़ाने के क्या संकल्प सामने आते हैं।

भाजपा केंद्रीय कार्यालय दिल्ली से रविवार को लोकसभा चुनाव के संकल्प पत्र को सामने लाने की पूरी तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी दिग्गज नेताओं समेत संकल्प पत्र बनाने वाली समिति के आने का कार्यक्रम तय हो चुका है। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है।

भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र बनाने वाली समिति का अध्यक्ष पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बनाया है। इस कमेटी में 27 सदस्य शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को इस समिति का संयोजक बनाया गया है। गुजरात, असम और मध्य प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री क्रमशः भूपेंद्र पटेल, हिमंता बिस्वा सरमा, डॉ. मोहन यादव के अलावा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी इस समिति में शामिल किया गया। भाजपा को अपना चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने के लिए मिस कॉल अभियान के जरिए 3.75 लाख और नमो ऐप के जरिए 1.70 लाख सुझाव मिले। चुनावी घोषणा पत्र को तैयार करने में भारत सरकार के तमाम मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की गई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 के अपने संकल्प पत्र में विकास, विकसित भारत, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और विशेष तौर पर किसानों को लेकर बड़े ऐलान कर सकती है। माना जा रहा है कि इस बार के मेनिफेस्टो का थीम 'मोदी की गारंटीः विकसित भारत 2047' होगा।

बेरोजगारी, महंगाई और विकास का मुद्दा अहम

सीएसडीएस-लोकनीति के द्वारा कराए गए सर्वे से पता चला है कि मतदाता 2024 के लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी, महंगाई और विकास के मुद्दों को अहम मानते हैं। कांग्रेस समेत सभी विरोधी दलों ने बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में अहमियत दी है। अग्निपथ योजना को रद्द करने और जम्मू और कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल का भी वादा है। सपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र यानी विजन डाक्यूमेंट में दूध सहित सभी फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, किसानों का ऋण माफ करने, मुफ्त सिंचाई की सुविधा, किसान आयोग का गठन, हर 10 किलो मीटर पर मंडी की स्थापना, छोटे सीमांत किसानों को 5 हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिए जाने सहित कई वादे किए हैं।

पहला चरण : सत्तापक्ष-विपक्ष ने प्रचार में झोंकी ताकत

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की आठ सीटों के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र पांच दिन शेष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं
- अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां, अब 'दो लड़कों की जोड़ी' के रोड-शो का इंतजार

अमृत विचार : प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। प्रदेश की 8 सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र पांच दिन शेष हैं। ऐसे में इन चंद दिनों में खासकर एनडीए और इंडिया के स्टार प्रचारकों के बीच आरोपों-प्रत्यारोपों का घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रही हैं। वहीं, देर से ही सही लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के उप्र. प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

वहीं, भाजपा के सहयोगी दल भी उप्र. के चुनावी रण में खूब पसीना बहा रहे हैं। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको उप्र. के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही राहुल और अखिलेश संयुक्त रैली कर सकते हैं। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों संयुक्त प्रचार की रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उप्र. में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी उप्र. की कई सीट समेत कुल 8 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा की अंदरूनी कलह पार्टी को नुकसान पहुंचा सकती है।

प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि:संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

देश-धर्म की रक्षा को गुरु गोविंद सिंह ने की खालसा पंथ की स्थापना : योगी

बैसाखी पर्व पर राजधानी स्थित नाका गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बैसाखी पर्व पर नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे पहुंचे मुख्यमंत्री योगी, दीं शुभकामनाएं

अमृत विचार : गुरु गोविंद सिंह महाराज ने वर्ष 1699 में देश और धर्म की रक्षा के लिए शक्तिपुंज के रूप में खालसा पंथ की स्थापना की, जो आज दुनिया में बिना रुके, डिगे, झुके धर्म की ध्वज पताका को गौरव के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। बैसाखी का पर्व खालसा पंथ की स्थापना दिवस के रूप में एक नई प्रेरणा और प्रकाश का स्रोत है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बैसाखी के अवसर पर राजधानी के नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में कही। इससे पहले उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को मत्था टेका और प्रदेशवासियों संग सिख भाइयों-बहनों को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान योगी को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उन्होंने भी प्रधान सेवादार गुरुद्वारा नजरबाग अयोध्या बाबा महेंद्र सिंह, गुरुनानक विद्यालय चंदन नगर की प्रिंसिपल रंजित कौर, गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज बांसमंडी की प्रिंसिपल निशा तिवारी, खालसा इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह को अंगवस्त्र पहनाने के साथ स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्टी के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा आदि मौजूद रहे।

भाजपा संविधान की भक्षक : अखिलेश



चुनावी जनसभा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश यादव ने नगीना और बिजनौर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभा को किया सम्बोधित

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में भाजपा सरकार पर जनता के अधिकारों को छीनने का आरोप लगाया है। सपा प्रमुख ने फिर दोहराया कि ये संविधान खत्म करना चाहते है और भाजपा संविधान की भक्षक है, लोकतंत्र को कमजोर कर रही है।

शनिवार को नगीना में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मनोज कुमार और बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी दीपक सैनी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। यहां उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोग पता नहीं कहां से ऐसी भाषा सीख कर आये है। संविधान की शपथ लेकर बड़े पदों पर बैठे भाजपा नेताओं की भाषा डराने वाली है। भाजपा के नेता जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह संविधान की शपथ लेने वाले नेताओं की नहीं है।

उन्होंने कहा, बड़े पदों पर बैठने वालों की भाषा और व्यवहार विनम्र होना चाहिए, तभी हमारा संविधान और लोकतंत्र बचेगा। 2024 लोकसभा चुनाव विशेष परिस्थितियों का चुनाव है। एक तरफ संविधान बचाने वाले समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के लोग हैं तो दूसरी तरफ संविधान को कमजोर करने वाली भाजपा है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने वादा करके भी किसानों को एमएसपी की गारंटी नहीं दी। गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा।

जयंत चौधरी पर कसा तंज

अमृत विचार, लखनऊ : मुजफ्फरनगर की एक जनसभा में शनिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने रालोद मुखिया जयंत चौधरी के एक पुराने बयान का संज्ञान लेकर उन पर तंज कसा। दरअसल, जयंत 2022 के विधानसभा चुनाव के वक्त सपा के साथ थे। तब उनकी भाजपा के साथ जाने की अटकलें लगी थीं। उन अटकलों को विराम लगाते हुए जयंत ने कहा था, चवन्नी थोड़ी हूं जो पलट जाऊंगा। मगर अब जयंत भाजपा के साथ आ गए हैं। ऐसे में अखिलेश ने जयंत पर यह कहते हुए तंज कसा कि, जो हमारे साथ रुपया बन गए थे, वो घोड़े की ढाई चाल से पता नहीं कहां गिरेंगे।

बूथ स्तर तक जुटें कांग्रेस कार्यकर्ता : अविनाश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जुट जायं। साथ ही, गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता से बेहतर समन्वय बनाये रखें। राष्ट्रीय महासचिव शनिवार को कैराना समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कार्यकर्ता समन्वय बैठकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के शेखपुरा कदीम व सहारनपुर देहात विधानसभा क्षेत्र के अंबाला रोड पर दो सभाओं को संबोधित किया।

सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को जिताने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह हार और जीत का चुनाव नहीं है, वास्तव में यह चुनाव सत्य-असत्य का है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष विदित चौधरी, सपा विधायक उमर अली खान, सपा विधायक शाहनवाज खान, कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।

धरातल पर कोई काम नहीं किया: अजय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने धरातल पर कोई काम नहीं किया। जारी बयान में कहा कि जब चुनाव आता है तो भाजपा नेताओं के पास धार्मिक उन्माद वाली बातें करने, झूठे राष्ट्रवाद का दिखावा करने और जुमले उछालने के अलावा कुछ बचता नहीं है। मुख्यमंत्री योगी खुद ही अपनी पीठ थपथपा रहे हैं जबकि प्रदेश अपराध प्रदेश बन चुका है।

वृद्धाश्रमों की सीसीटीवी से होगी निगरानी

अमृत विचार, लखनऊ : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धा आश्रम में अब कर्मियों की मनमानी पर विराम लगाने की तैयारी कर ली गई है, ताकि बुजुर्गों की देखरेख और बेहतर तरीके से हो सके। प्रदेश के सभी 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे और इसका कंट्रोल रूम निदेशालय में बनाया जाएगा। कंट्रोल रूम में बैठकर आश्रम के क्रियाकलापों पर नजर रखी जाएगी। समाज कल्याण विभाग के 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। 15 दिनों के भीतर सीसीटीवी लगने का काम पूरा हो जाएगा। कंट्रोल रूम समाज कल्याण निदेशालय में बनाया जाएगा।

रामनवमी पर अयोध्या में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव, डीजीपी ने बैठक कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

अमृत विचार : रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में होने वाली भीड़ को देखते हुए देश और प्रदेश की समस्त सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। एनआई, एटीएस के अलावा यूपी पुलिस भी अयोध्या की प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को इस संबंध में प्रदेश के मुख्य सचिव ने भी बैठक कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी बारीकियां भी परखीं। उन्होंने कहा कि 17 अप्रैल को अयोध्या में 25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

विगत दिनों पकड़े गए तीन आतंकियों के खुलासे के बाद अयोध्या में देश और प्रदेश की सभी सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। एक-एक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। मुख्य सचिव ने समीक्षा बैठक के दौरान राम की पैड़ी और सरयू नदी में जलपुलिस भी तैनात करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा ड्रोन के माध्यम से अयोध्या की निगरानी करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी मॉनिटरिंग भी की जाए।

एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को मिले 368.76 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : गोरखपुर, पूर्वांचल, गंगा और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। औद्योगिक विकास विभाग ने इसके लिए 368.76 करोड़ की धनराशि जारी की है। शासन ने पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए धनावंटन के तहत 50-50 करोड़ की धनराशि दी है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना की कुल लागत 23349.37 करोड़ है, जिसमें से अबतक 13303.10 करोड़ भुगतान मिला है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए लोन पर ब्याज 135.25 करोड़ दिया गया है। गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में भूमि खरीद के लिए लोन पर ब्याज 47.96 करोड़, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे परियोजना के लिए लोन पर ब्याज के लिए 130.97 करोड़, गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना में मूल धन की तिमाही किश्त के रूप में 45.97 करोड़, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे परियोजना के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय संस्थाओं को भुगतान के लिए 40.38 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई है।

अमरमणि का मकान कुर्क, अदालत के आदेश पर कार्रवाई

अमृत विचार, लखनऊ : 2001 में बस्ती में एक व्यापारी के बेटे के अपहरण मामले में पूर्व मंत्री व बाहुबली अमरमणि त्रिपाठी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस ने अमरमणि त्रिपाठी के नौतनवा स्थित आवास को कुर्क कर दिया है। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। पूर्व मंत्री अमरमणि बस्ती जिले एक व्यापारी के बेटे के हुए अपहरण के मामले में आरोपी हैं। वह इस मामले में फरार चल रहे हैं। बस्ती के अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट ने फरार चल रहे अमरमणि त्रिपाठी की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था।

कवियत्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी कुछ माह पहले ही जेल से रिहा हुए थे। छह दिसंबर 2001 में बस्ती जिले के कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर निवासी धर्मराज गुप्ता के बेटे राहुल मद्धेशिया का अपहरण हो गया था। इस मामले में फरार चल रहे अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ कोर्ट ने कार्रवाई के बाद उनकी संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया था।

चुनाव ड्यूटी में लगे पति व पत्नी में एक को मिलेगी छूट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निर्वाचन आयोग ने कर्मियों के लिए जारी किया आदेश

अमृत विचार : चुनाव ड्यूटी में लगे पति-पत्नी में किसी एक को ड्यूटी से छूट मिलेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए आदेश जारी किया है। आयोग के आदेश के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किया है।

जारी निर्देश में कहा गया है कि सरकारी कर्मियों में पति व पत्नी दोनों अगर चुनाव ड्यूटी में लगाए गए हैं तो दोनों में किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्ति मिल सकेगी। प्रार्थना पत्र के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग ने कर्मचारी संगठनों की ओर से सरकारी सेवा में कार्यरत पति व पत्नी दोनों को चुनाव ड्यूटी में लगाने की शिकायत के बाद नए निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश मिनिस्टीरियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने निर्वाचन आयोग से इस सिलसिले में शिकायत की थी। कहां गया था कि परिवार के दोनों सदस्यों के चुनाव ड्यूटी में तैनात होने पर संबंधित परिवार के लोगों को दिक्कतें होंगी।

ओवैसी के साथ पल्लवी तो चंद्रशेखर के साथ स्वामी आजमाएंगे दांव

पीडीएम ने सात प्रत्याशियों की घोषणा की, कुशीनगर से खुद की पार्टी के उम्मीदवार बने स्वामी प्रसाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में एनडीए के मिशन 80 पर अंकुश लगाने को उत्तर प्रदेश से सपा-कांग्रेस गठबंधन और बसपा ही नहीं अन्य दल दांव आजमाने को तैयार हैं। इस कड़ी में पिछले दिनों सपा से अलग होकर अपनी पार्टी बना लेने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य अब चुनाव मैदान में उतरने को तैयार हैं। स्वामी ने नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को समर्थन देने का भी ऐलान किया है। वहीं, दूसरी ओर पल्लवी पटेल वाली अपना दल कमेरावादी ने तीन और दलों के साथ मिलकर पीडीएम न्याय मोर्चा बनाया है। इस गठबंधन मोर्चे में कमेरावादी के साथ ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम, राष्ट्र उदय पार्टी एवं प्रगतिशील मानव समाज पार्टी शामिल हैं।

दरअसल, ये मोर्चे एनडीए को ललकारेंगे या एनडीए से मुकाबला करने उतरे सपा-कांग्रेस गठबंधन की मुहिम को कमजोर करेंगे एक बड़ा सवाल है? फिलहाल इनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में अपना अस्तित्व बचाने और बनाने की भी है। इसी महत्वाकांक्षा के चलते राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य की कुशीनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी है। मौर्य की यह अपनी पार्टी है। दरअसल, इससे पहले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का इंडी गठबंधन से कुशीनगर सीट पर चुनाव लड़ने की अटकलें थीं, लेकिन सपा ने इस सीट पर उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद अब स्वामी ने अब अपनी पार्टी से चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

इससे पहले स्वामी प्रसाद ने लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने इंडी गठबंधन के साथ बिना शर्त समर्थन देने की बात कही थी। इसी के बाद ऐसी चर्चा चली कि वह इंडी गठबंधन से कुशीनगर सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन अब सपा की ओर से प्रत्याशी घोषित करने के बाद खबरों पर विराम लग गया।

पीडीएम की पहली सूची जारी

अमृत विचार : पीडीएम यानी पिछड़ा, दलित, मुस्लिम गठबंधन के प्रत्याशियों की भी पहली सूची शनिवार को सुबह जारी की गई। इस गठबंधन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल ने कहा कि पीडीएम उप्र. में मजबूती से चुनाव लड़ेगी। शेष अन्य सीटों पर शीघ्र ही प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। सूची के मुताबिक, अपना दल (के) और एआईएमआईएम के पीडीएम मोर्चे ने बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह, धनगर फिरोजाबाद से प्रेम दत्त बघेल, रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, फतेहपुर से राम किशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिंद और चंदौली से जवाहर बिंद को प्रत्याशी बनाया है।

स्वामी ने किया चंद्रशेखर का समर्थन

अमृत विचार : इस बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी और भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को समर्थन देने का ऐलान किया। जिसका चंद्रशेखर आजाद ने स्वागत किया है।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

षष्ठम कात्यायनी

कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र-क्लीं श्री त्रिनेत्राय नमः।

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के.
कन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

सात पर हत्या की रिपोर्ट, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

काकोरी थाना अंतर्गत तेजकिशन खेड़ा गांव में हुए गोलीकांड में अनंतराम की गई थी जान, दो हुए थे घायल

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

अमृत विचार : पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास की जान बचाने में अनंतराम की जान गई थी। जबकि जयकरन व अमित घायल हो गए थे। प्रधान रामपाल की तहरीर पर काकोरी थाने में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। हत्या के मुख्य आरोपी व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के पूर्व पीए शुभम उर्फ मोनू रावत को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि फरार छह अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें दबिश दे रही हैं। गोलीकांड को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि शुभम उर्फ मोनू रावत की पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास से प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश चल रही है।

इसी के चलते मोनू ने साथियों संग राम विलास को निशाना बनाते हुए फायरिंग की। एक गोली राम विलास के पेट में जा लगी। उन्हें बचाने अनंत राम व जयकरन सामने आ गए। तभी एक गोली अनंतराम की गर्दन में लगी और उसकी मौत हो गई। वहीं, बीच बचाव में जय करन व अमित उर्फ छोटू भी घायल हो गए। राम विलास ने प्रधान रामपाल यादव के घर में घुस कर किसी तरह अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने प्रधान रामपाल यादव की तहरीर पर मोनू के अलावा अखिलेश, रिंकू, बबलू उर्फ रितेश, ज्ञानेंद्र, श्रीकृष्ण, रामकेश को नामजद किया है। एडीसीपी विश्वजीत ने बताया टीमें जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही हैं।

वहीं जिस समय घटना हुई, तिलक में डीजे तेज ध्वनि में बज रहा था। इसके चलते गोलियों की आवाज दब गयी। कुछ ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर घटना के बारे में बताया। तब जाकर डीजे बंद किया गया व कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल जय करन को डॉक्टर ने शुक्रवार को ही डिस्चार्ज कर दिया था। जबकि पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास व अमित का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अंतिम संस्कार के लिए अनंतराम का शव ले जाते परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

प्रधानी व भाई के जेल जाने की रंजिश में गोली कांड

गोली से घायल जय करन और प्रधान रामपाल यादव के परिजन ने बताया कि पिछले पंचायत चुनाव में आरोपी ज्ञानी लोधी भी चुनाव लड़ा था। जो चुनाव हार गया था। इसको लेकर ज्ञानी पूर्व ब्लॉक प्रमुख के भी विरोध में रहता था। मुख्य आरोपी मोनू रावत के भाई अखिलेश पर एक लड़की ने दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोनू इसको लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख से रंजिश मानता था। इसी मामले को लेकर मोनू ने पूर्व ब्लाक प्रमुख को निशाना बनाने का प्रयास किया था।

इंडी गठबंधन के नेताओं ने बंधाया ढांढस

इंडी गठबंधन के प्रत्याशी आर के चौधरी के साथ कई नेता मृतक अनंतराम के भाई जय करन से मिले। उनको ढांढस बंधाया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख राजबाला रावत व केसीएल वर्मा ने मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की शासन प्रशासन से मांग की।

पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

शनिवार को पोस्टमार्टम के होने के बाद अनंतराम यादव का शव गांव पहुंचा। परिजनों में कोहराम मच गया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में मृतक अनंत राम के शव का अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े बेटे ने दी।

▸▸ मुख्य आरोपी शुभम को भेजा गया जेल, अन्य आरोपियों को तलाश रहीं पुलिस की पांच टीमें

नहीं दिया था भागने का रास्ता

ग्रामीणों ने बताया कि हमलावरों ने पहले से ही हत्या की साजिश रच डाली थी। बताया जिस जगह पर पूर्व ब्लाक प्रमुख को आरोपियों ने घेर कर फायरिंग की। उस स्थान से भागने का रास्ता नहीं था। एक तरफ तालाब था, और दूसरी तरफ मकान बने थे लेकिन, साथियों के बीच में आने से उसे प्रधान रामपाल यादव के घर तक पहुंचने का मौका मिल गया। इससे उनकी जान बच गई।

तिलक में दोनों पक्ष के लिए अलग-अलग थी खाने की व्यवस्था

मृतक के परिजन ने राम कुमार लोधी की भी गलती बताई है। उनका कहना है कि राम कुमार को बेटे संदीप के तिलक में पूर्व ब्लॉक प्रमुख व मोनू रावत दोनों को निमंत्रण दिया था। इसकी सूचना पूर्व प्रमुख को नहीं थी। ऐसे में बेफिक्र होकर वह साथियों के साथ पहुंचे थे। यदि ऐसी सूचना होती तो वह तिलकोत्सव में शामिल न होते या फिर सतर्क रहते। बताया जा रहा है कि रामकुमार ने दोनों पक्षों के लिए अलग-अलग भोजन की व्यवस्था की थी।

निमंत्रण में आने की सूचना होती तो बचकर नहीं जाते हमलावर

मृतक के परिजनों का कहना है कि हमलावरों ने धोखे से वार किया है। यदि निमंत्रण की सूचना होती तो हमलावर बच कर नहीं जा पाते। प्रधान की पत्नी सोनी यादव ने बताया कि मोनू रावत ने केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के सचिव रहते जमीन पर कब्जा कर मकान बना लिया था। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं।

अयोध्या की ओर छह दिन नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ रामनवमी मेले के चलते 14 से 19 तक हाइवे पर किया गया रूट डायवर्ट

▸▸ लखनऊ व आसपास के जिलों के वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस से निकाले जाएंगे

अमृत विचार : अयोध्या के रामनवमी मेले में इस बार ज्यादा भीड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए वाया लखनऊ अयोध्या की ओर जाने वाले हाईवे पर 14 अप्रैल को दोपहर दो बजे से 19 अप्रैल को दोपहर 12 बजे तक ट्रक, डीसीएम व ट्रैक्टर समेत सभी भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंध रहेगा। इन वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग तय किए गए हैं। लखनऊ और आसपास के जिलों के वाहन परिवर्तित (डायवर्ट) मार्गों से जा सकेंगे।

फतेहपुर-कानपुर, उन्नाव की ओर के भारी वाहनः फतेहपुर से लालगंज, बछरांवा, हैदरगढ़ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से निकलेंगे। कानपुर की तरफ से आने वाली बसें, ट्रक और अन्य भारी वाहनों का बाराबंकी व अयोध्या की तरफ जाना प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन जुनाबगंज मोड़, मोहनलालगंज कस्बा तिराहा से दाहिने बछरावां होते हुए हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते निकाले जाएंगे। इसी तरह उन्नाव, बीघापुर, पुरवा, मौरावां की ओर से जाने वाले भारी वाहन लालगंज, बछरावां, हैदरगढ़ होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जाएंगे।

इधर से जा सकेंगे वाहन

सीतापुर/शाहजहांपुर की तरफ से आने वाली बसे/बड़े/भारी वाहनों को भिठौली तिराहा, इंजीनियरिंग कालेज चौराहा, टेढ़ीपुलिया चौराहा, कुर्सी रोड होते हुए बेहटा चौराहा, किसान पथ, सुलतानपुर रोड से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से निकलेंगे।

इन मार्गों से जा सकेंगे वाहन

बाराबिरवा चौराहा से जुनाबगंज तिराहा से बाएं मोहनलालगंज कस्बा चौराहा से दाहिने बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे होते हुए जा सकेंगे। बाराबिरवा चौराहा से बंगला बाजार पुल चौराहा से तेलीबाग चौराहा से दाहिने उतरेठिया अंडरपास चौराहा होते हुए मोहनलालगंज, बछरावां से हैदरगढ़ से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए जा सकेंगे।

शहर में आज

- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में लखनऊ वोटर्स कप के तहत जिला प्रशासन और सोशल मीडिया ग्रुप संचालकों के बीच मैच - 6:00 बजे।
- केजीएमयू के ब्राउन हाल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम- 11:00 बजे।
- सीएमएस गोमतीनगर विस्तार में भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का संबोधन - 3:30 बजे।
- बलरामपुर गार्डेन हजरतगंज में श्रीराम हनुमत महोत्सव के तहत कार्यक्रम का आयोजन - 3:30 बजे।
- राजाजीपुरम में सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 38वां स्थापना दिवस 'अभिव्यक्ति 2024-25' - 5:00 बजे।

आठ उड़ानें लखनऊ डायवर्ट

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

अमृत विचारः दिल्ली में मौसम बिगड़ने से शनिवार शाम को आठ उड़ानें चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्ट की गईं। अमृतसर, मुम्बई, चेन्नई, गोवा, भुवनेश्वर और त्रिवेंद्रम से दिल्ली जाने वाली उड़ानों को लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया।

इसमें विस्तारा की त्रिवेंद्रम से दिल्ली, भुवनेश्वर से दिल्ली, इंडिगो की बेंगलुरु से दिल्ली की उड़ान शामिल हैं। शाम साढ़े छह से साढ़े सात के बीच लखनऊ आईं डायवर्ट उड़ानें वापस गईं। इस बीच यात्री विमान में ही बैठे रहे। किसी की कनेक्टिंग इंटरनेशनल फ्लाइट थी तो किसी को आवश्यक काम से समय पर पहुंचना था। दिल्ली में मौसम बिगड़ा तो उस वक्त कई उड़ानें उतरने को तैयार थीं। तेज हवा और दृश्यता कम होने की वजह से ये उड़ानें उतर नहीं सकीं। विस्तारा की उड़ान संख्या यूके 896 त्रिवेंद्रम से दिल्ली पहुंची थी जो कि डायवर्ट होने के बाद शाम 5:00 बजे लखनऊ उतरी। बाद में इसने 18:52 बजे लखनऊ से दिल्ली के लिए वापस उड़ान भरी। उड़ान संख्या यूके 788 भी भुवनेश्वर से दिल्ली पहुंच चुकी थी। यह 5:15 बजे लखनऊ उतरी। इंडिगो की उड़ान 6 ई 6401 बेंगलुरु से दिल्ली जा रही थी। एक यात्री को दिल्ली से आगे सिंगापुर की एसक्यू 403 विमान पकड़ना था, लेकिन विमान डायवर्ट हो गया। 6ई 2292 अमृतसर से दिल्ली, 6ई 452 चेन्नई से दिल्ली, 6ई 6150 मुम्बई से दिल्ली, एआई 886 गोवा से दिल्ली और 6ई 9930 मुम्बई से दिल्ली उड़ान भी लखनऊ डायवर्ट की गई।

खरमास समाप्त फिर भी सामूहिक विवाह पर विराम

अमृत विचार, लखनऊ : खरमास समाप्त होने के साथ ही रविवार से शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे मगर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह पर आदर्श आचार संहिता के चलते विराम लगा रहेगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समारोह का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक आयोजन पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश में 1 लाख 7 हजार जोड़ों का विवाह कराया गया था। जबकि 2023-24 में एक लाख चौदह हजार का लक्ष्य दिया गया था और विवाह एक लाख चार हजार का हुआ। आदर्श आचार संहिता के कारण समारोह आयोजित नहीं किए जा सकते हैं और समारोह में माननीय भी नहीं आ सकेंगे। इस कारण खरमास खत्म होने के बाद भी विवाह पर विराम लगा हुआ है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के कारण समारोह आयोजित नहीं किए जा सकते हैं। साथ ही धारा 144 भी लागू है।

मानक के विपरीत निर्माण मिलने पर मंडलायुक्त नाराज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : शहर में मानक विपरीत हो रहे निर्माण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शनिवार को निरीक्षण के दौरान कैसरबाग चौराहे पर मानक विपरीत निर्माण मिलने पर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नाराजगी जताते हुए वी मार्ट को तत्काल सील करने के साथ जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन छह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। सफेद बारादरी के बगल के ड्रेन खुले मिलने पर तत्काल ढक्कन से ढकने के साथ पेड़ पौधों की छंटाई और लाखी गेट की फसाड लाइटिंग कराने के लिए निर्देशित किया

मंडलायुक्त ने शनिवार कैसरबाग चौराहे से लेकर इमामबाड़ा तक समस्त हेरिटेज बिल्डिंगों के जीर्णोद्धार के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हेरिटेज एरिया की इमारतों को एक कलर कोडिंग में किया जाए। कैसरबाग चौराहे की रोटरी वाली रेलिंग के पास झूलते तारों को तत्काल हटाने के साथ अव्यवस्थित दुकानों को चौराहे से हटाकर वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कैसरबाग चौराहे के सौंदर्यीकरण का जायजा लेतीं मंडलायुक्त। अमृत विचार

▸▸ वी मार्ट को तत्काल सील करने के साथ जोनल अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि

▸▸ हेरिटेज जोन से तत्काल झूलते तार हटाने के साथ अव्यवस्थित दुकानें वेंडिंग जोन में की जाएं शिफ्ट

पक्का पुल के पास बनेगा वेंडिंग और पार्किंग जोन

मंडलायुक्त ने निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि वेंडिंग और पार्किंग जोन पक्का पुल के पास बनाया जाए। जिससे अव्यवस्थित तरीके से खड़े ठेले और खोमचे वेंडिंग जोन में शिफ्ट करने के साथ सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था का संचालन किया जा सके। इमामबाड़ा के सामने तांगा स्टैंड के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया की कैनोपी लगाकर तांगों को व्यवस्थित करने के साथ तांगा स्टैंड का बोर्ड लगाया जाए।

एक नजर

मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने शनिवार को बीकेटी और जानकीपुरम के बिजली उपकेंद्र का जायजा लिया। फीडरों और उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही प्रीपेड मीटरों के रिचार्ज की दिक्कतों को दूर करने और राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश दिए। कर्मचारियों से अनुरक्षण कार्य पर पैनी नजर रखने के लिए भी कहा। निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए उपकेंद्र अधिकारियों को इलाके के एबीसी लाइनों के साथ ट्रांसफार्मर, ढीले तारों को कसने और पेटीफ्यूज को लगातार चेक करने के लिए निर्देशित भी किया।

नगर निगम ने सात यूनिपोल दो बस शेल्टर हटाए

अमृत विचार, लखनऊ : चुनाव आचार संहिता का विज्ञापन एजेंसियां फायदा उठा रही हैं। नगर निगम की अनुमति के बिना शहर में होर्डिंग और यूनिपोल लगा रही हैं। नगर निगम के प्रचार विभाग ने शनिवार को अभियान चलाया। जिसमें जोन तीन के कुर्सी रोड से इंटीग्रल यूनिवर्सिटी तक पांच यूनीपोल, जानकीपुरम प्रभात चौराहा से दो और लोहिया पथ से दो बस शेल्टर हटाये। प्राइवेट भूमि पर पॉलिटेक्निक से लेकर चिनहट तिराहे तक लगे 13 यूनिपोल से फ्लैक्स हटवा दिए।

नगर निगम के आठ जोन में दिलाई मतदान की शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के सभी आठ जोन में शनिवार को चुनाव पाठशाला व जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों से संपर्क कर चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। मतदाताओं को बूथ की जानकारी देने के साथ मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर जोनल अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

857 विस्थापित सर्वे में मिले आवास के पात्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अकबरनगर में प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराने वालों में से पहले चरण में 857 विस्थापित पात्र मिले हैं। इनमें से 157 को लखनऊ विकास प्राधिकरण पहले आवास आवंटित कर चुका है। बाकी 700 विस्थापित को सर्वे में सही पाया गया है। इन्हें सोमवार से आवंटन पत्र जारी करने के साथ जल्द ही हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा।

कुकरैल बंधे व नदी की भूमि पर अवैध तरीके से बने लगभग 1,200 मकान, कॉम्प्लेक्स, शोरूम और दुकानों को एलडीए ने ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया था। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर एलडीए विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास दे रहा है। इसके लिए एलडीए ने 31 मार्च तक अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में शिविर लगाकर पंजीकरण कराया था। जिसमें कुल 1,700 लोगों ने आवेदन किया था। ज्यादा आवेदन आने के बाद जिन लोगों ने आवेदन करते समय नोटिस की कॉपी नहीं लगाई थी, एलडीए ने उनका सर्वे कराने का निर्णय लिया था। एक सप्ताह से अकबर नगर में सर्वे चल रहा है। जांच में सामने आया कि एक परिवार के चार सदस्यों ने आवास के लिए फार्म भर दिए। अकबर नगर प्रथम के लोगों ने अकबर नगर द्वितीय में वहीं द्वितीय के निवासियों ने प्रथम में लगे शिविर में मकान के लिए पंजीकरण करा दिया था। ऐसे लोगों को एलडीए आवास नहीं देगा।

सर्वोच्च न्यायालय में अगली सुनवाई कल

अकबरनगर ध्वस्तीकरण मामले में अगली सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय में सोमवार को होगी। इसमें ध्वस्तीकरण पर निर्णय लिया जाएगा। लखनऊ में 20 मई को मतदान है। उम्मीद है कि चुनाव के बाद ही इस पर कोई फैसला आएगा। वहीं दूसरी ओर एलडीए अभी तक पंजीकरण कराने वाले विस्थापितों को आवास आवंटित नहीं कर पाया है। सुनवाई के दौरान एलडीए आवास के लिए कराये गए पंजीकरण के बाद सर्वे में पात्र विस्थापितों की सूची न्यायालय के सामने रखेगा।

▸▸ कल से आवंटन पत्र होंगे जारी, मिलेगा मकान

▸▸ जांच जारी, 1700 लोगों ने मकान के लिए किया था आवेदन

एआरएम से कहासुनी पर कर्मचारी निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : परिवहन निगम में एक कर्मचारी को एआरएम के साथ गाली-गलौज करने पर निलंबित कर दिया गया। चारबाग डिपो के एआरएम प्रशांत दीक्षित की शिकायत पर परिवहन निगम ने यातायात निरीक्षक उमेश सिंह को निलंबित कर दिया। उपनगरीय डिपो में तैनात सहायक यातायात निरीक्षक उमेश सिंह को बसों के निरीक्षण कार्य में रुचि नहीं लेने का आरोप है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने निलंबन कार्रवाई के बाद सहायक यातायात निरीक्षक को अब बसों की चेकिंग के बजाए लिपिकीय कार्य में तैनात किया है। एआरएम ने बताया कि लगातार आदेशों को दरकिनार करते हुए दुर्व्यवहार पर निलंबन किया गया। निलंबित किए जाने के बाद आरोपी लिपिक पत्नी को लेकर चारबाग पहुंचा और एआरएम से दोबारा कहासुनी करने लगा। इसका एक वीडियो भी मिला है।

पांच लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के बीकेटी, अर्जुननगर, जानकीपुरम सहित कई इलाकों में आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर तार, खंभों और ट्रांसफार्मरों पर रविवार को अनुरक्षण कार्य किया जायेगा। इससे करीब पांच लाख की आबादी को बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। सदर में कैंट उपकेंद्र पर एचटी पोल बदलने के कार्य के चलते आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। शिवपुरी उपकेंद्र से पोषित 11केवी के तारों को बदलने के कार्य के चलते करीब 400 घरों की सप्लाई 11 बजे तक बाधित रहेगी। हुसैनगंज के शिवाजी मार्ग फीडर पर स्मार्ट सिटी के पास नये सीएसएस परिवर्तकों को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते इसके आसपास के इलाकों में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। विकासनगर से पोषित सेक्टर-8, नगरनिगम कॉलोनी और वृद्धा आश्रम कल्याणपुर के आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। पुरनिया उपकेंद्र से पोषित 11 केवी फीडर जनरल पूल पर जर्जर कंडक्टर को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिससे सेक्टर के, क्यू.पी और विध्यांचल मंदिर के आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली ठप रहेगी।

नए रिकॉर्ड बनाता सोना, 75 हजार प्रति 10 ग्राम के पार

85 हजार रुपये किलो के पार हुई चांदी, बढ़ती कीमतों से ग्राहक हैरान, बाजार में बनाई दूरी

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : वैश्विक पटल पर अनिश्चितता के बादल और भारत, चीन, रूस समेत विभिन्न देशों के भंडारण से सोने का भाव अपने उच्चतम शिखर की ओर बढ़ चुका है। हाल यह है कि पीली धातु 75,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर आ चुकी है। वहीं चांदी ने भी अपनी धमक दिखाते हुए बाजार में 85,100 रुपये प्रति किलो का आंकड़ा छू लिया है।

बता दें कि इनमें तीन फीसद जीएसटी शामिल है। दोनों कीमती धातुओं की चमक अब आमजन को चुभ रही है। शादी-ब्याह में खरीदे जाने वाले शगुन के उपहार अब आमजन के बजट और जेब पर भारी पड़ रहे हैं। कारोबारी कह रहे हैं कि बाजार में रोजमर्रा के ग्राहकों ने दूरी बना ली है।

माह	सोने की कीमत (प्रति 10 ग्राम जीएसटी समेत)
1 अप्रैल	71,500
6 अप्रैल	72, 500
8 अप्रैल	73,500
10 अप्रैल	74,100
12 अप्रैल	75,100

नोट : ये आंकड़े इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें जीएसटी शामिल है।

सोना अपने उच्चतम रिकॉर्ड पर है। कीमतों की बढ़ती रफ्तार से आम ग्राहक आश्चर्य में है। वे बाजार में जरूरत के मुताबिक ही खरीदारी कर रहे हैं। आगामी दिनों में सहालग है। फिलहाल कहना मुश्किल है कि सहालग के दौरान भाव क्या होगा। सोना और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। छोटे खरीदार निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं। जरूरी न हुआ तो वह भाव पूछकर अपने पुराने जेवरों की कीमतों का आकलन करने में जुट जाते हैं। यह कहकर कि जब बाजार अनुकूल होगा तब आएंगे।

-विनोद महेश्वरी, प्रदेश संयोजक, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन

युद्ध और वैश्विक अनिश्चितता के बीच कई देश अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। ऐसे में कीमतें तेजी से भाग रही हैं। बाजार में कीमती धातु कम और ठोस खपत ज्यादा है। इसका असर कीमतों पर पड़ रहा है। आमजन तो बाजार से दूर हैं, लेकिन निवेशक आगे आ रहा है। बड़े ब्रॉयर 'पेपर गोल्ड' के माध्यम से फ्यूचर ट्रेडिंग को बढ़ा रहे हैं। 'फिजिकल गोल्ड' खरीद काफी कम है। कीमतों की यही रफ्तार रही तो 80,000 का आंकड़ा छूने में स्वर्ण धातु को ज्यादा समय नहीं लगेगा। दशकों से ऐसे रेट न तो कारोबारियों ने सुने हैं और न ही ग्राहकों ने।

-अनुराग रस्तोगी, स्टेट हेड इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा)

अरहर, उड़द और छोला ने दिखाए तेवर हफ्तेभर में पांच रुपये किलो का इजाफा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फसल कम और खपत अधिक होने से दलहन के भाव ने तेजी पकड़ ली है। छह दिनों में अरहर दाल, उड़द और छोले के भाव में करीब पांच रुपये प्रति किलो की बढ़ोत्तरी हुई है।

1 अप्रैल से तुलना की जाए तो प्रति किलो 10 रुपये का अंतर है। रसोई के बजट में अचानक पड़े इस अतिरिक्त भार से गृहणियां परेशान हैं। कारोबारी कह रहे कि माल है नहीं, खपत ज्यादा है। बाहर से आने वाली दलहन भी काफी तेज है। ऐसे में कीमतें चढ़ रही हैं। रोजमर्रा की चीजों में से मुख्य दाल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से आम लोग परेशान है।

▸▸ 1 अप्रैल के भाव से तुलना की जाए तो यह तेजी करीब 10 रुपये प्रति किलो है

▸▸ दाल की कीमतों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

माल नहीं है, इसकी वजह से अरहर और उड़द की दाल तेज है। हफ्तेभर में पांच रुपये किलो का इजाफा बाजार में आया है। दलहन मंडी में अरहर दाल फिर से आगे बढ़ रही है। बाहर से भी माल नहीं आ पा रहा है। इसकी वजह है कि म्यांमार, रंगून आदि जगहों से आने वाली दाल भी काफी महंगी है।

-भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष, लखनऊ मिलर्स एसोसिएशन डालीगंज

छह से सात दिनों में दाल की कीमतों में तेज उछाल आया है। पांच रुपये किलो पहले हफ्ते में बढ़ा था। इस बार फिर पांच रुपये प्रति किलो बढ़ गया है। थोक में अरहर दाल 157 रुपये किलो पहुंच चुकी है। न केवल अरहर दाल, छोला में भी छह रुपये किलो का उछाल है। अरहर की सभी किस्मों में उछाल आया है। उड़द दाल भी महंगी है।

-राजेंद्र अग्रवाल, चेयरमैन लखनऊ व्यापार मंडल एवं अध्यक्ष पांडेयगंज गल्ला मंडी

फुटकर बाजार कीमत (रुपये प्रति किलो)

दालें	6 अप्रैल	13 अप्रैल
अरहर दाल पुखराज ब्रांड	158	165
सूरजमुखी	145	160
डायमंड	122	127
उड़द दाल (काली)	110	115
उड़द दाल (हरी)	135	145

थोक बाजार कीमत (रुपये प्रति क्विंटल)

दालें	6 अप्रैल	13 अप्रैल
अरहर दाल पुखराज ब्रांड	15,200	15,700
सूरजमुखी	14,700	15,200
डायमंड	12,400	12,700
उड़द दाल (काली)	9,900	10,400
उड़द दाल (हरी)	11,500	12, 500
छोला अव्वल	11,400	11,900

एक नजर

यूपी बोर्ड की बैठक कल

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बैठक का आयोजन सोमवार को किया जायेगा। इस बैठक में तय हो जायेगा कि यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम किस तिथि में जारी किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि परिणाम की समीक्षा हो चुकी है। बेहद पारदर्शी तरीके से परिणाम जारी करने की तैयारी हो रही है। इसी को देखते हुए निदेशक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन होना है।

सेंट जोसेफ का 38वां स्थापना दिवस आज

अमृत विचार, लखनऊ : सेंट जोसेफ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस 38वां स्थापना दिवस और 37वां वार्षिक संगीत कार्यक्रम अभिव्यक्ति 'जयतु भारतम्' की थीम पर रविवार और सोमवार को शाम 5 बजे से मना रहा है। पूर्व छात्रों के सम्मान और कॉलेज पत्रिका स्मृतिका के अनावरण के साथ सौम्या मिश्रा आईएसएस, यूपीएससी भारतीय सांख्यिकी सेवा और सेंट जोसेफ राजाजीपुरम के पूर्व छात्र और सुरेंद्र तिवारी अतिरिक्त निदेशक-माध्यमिक शिक्षा उत्तर प्रदेश इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे।

आज खुलेंगे स्कूल, मनायी जाएगी अंबेडकर जयंती

बीएसए का निर्देश, समय से विद्यालय पहुंचें शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 14 अप्रैल रविवार को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर राजधानी सहित प्रदेश भर के सभी सरकारी विद्यालयों को खोले जाने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के क्रम में विद्यालय अपने निर्धारित समय पर प्रातः खुलेंगे, इस दौरान वहां अंबेडकर जयंती मनानी होगी। बच्चों को भी अंबेडकर से जुड़ी जीवनी के बारे में जानकारी देने के लिए कहा गया है।

विद्यालयों में अंबेडकर जयंती के मौके पर अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। कई विद्यालयों में बाबा साहेब के चित्रों की प्रदर्शनी भी बच्चों की ओर से लगाई जायेगी। हालांकि इस बार अंबेडकर जयंती रविवार को होने के चलते शिक्षकों को उम्मीद थी कि विद्यालय बंद रहेंगे लेकिन अधिकारियों ने बताया कि महापुरुषों की जयंती के अवसर पर विद्यालय खोले जाने का निर्देश है, ऐसे में सभी विद्यालय खुलेंगे और अंबेडकर जयंती मनायी जायेगी।

> बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर सभी विद्यालय खोले जाने के निर्देश हैं। इस दौरान विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा और बच्चों को बाबा साहेब से जुड़ी जानकारी भी दी जायेगी। शिक्षकों को समय से विद्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गये हैं।
>
> –राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

भेजनी होगी फोटो

स्कूलों अंबडेकर जयंती के मौके पर मनाये जाने वाले कार्यक्रमों की फोटो भी विभाग के ग्रुप पर डालनी होगी। विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन हो इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की गई है।

पुनर्वास विश्वविद्यालय में याद किए गए अंबेडकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुरुष छात्रावास के कॉन्फ्रेंस हॉल में दृष्टि दिव्यांग छात्रों के मध्य सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वहीं अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छात्रावास के चीफ प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष कुमार गुप्ता ने दिव्यांग छात्रों के मध्य अंबेडकर के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला।

▸▸ दृष्टि दिव्यांग छात्रों ने आयोजित की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

इस दौरान परास्नातक छात्र आकाश कश्यप ने अम्बेडकर के द्वारा शिक्षा पर किए गए कार्यों का उल्लेख किया। डिप्लोमा छात्र कमल किशोर ने कहा कि हम सभी को अंबेडकर की राह पर चलना चाहिए। बीएड छात्र जगदीश प्रसाद ने कहा कि अम्बेडकर ने जातिवाद को दूर कर सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया। इस मौके पर बीएड छात्र शालू वर्मा, छात्र पवन कुमार मिश्र सहित कई छात्र उपस्थित रहे।

अंबेडकर दर्शन पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग में डॉ. अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर 'डॉ. अंबेडकर के दर्शन' विषय पर एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 से अधिक छात्र छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। क्विज प्रतियोगिता का परिणाम दर्शनशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष एवं प्रतियोगिता की आयोजक डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने घोषित किया गया। इस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंशिका सिंह द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से आन्या राज वर्मा एवं अनुपम सिंह तथा तृतीय स्थान पर सर्वजीत शुक्ला के नाम घोषित किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को उनका प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा एवं डॉ. राजेश्वर प्रसाद यादव तथा विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

जीवन में सफलता के लिए 99 प्रतिशत अंक जरूरी नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एमिटी विवि में आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम में दी गई जानकारी

अमृत विचार : 99 परसेंटाइल का सपना लिए एक सामान्य अभिभावक का दिन अपने बच्चों के बेहतर भाविष्य और खुशियों के लिए प्रार्थना करने से शुरू होता है। जिसके लिए वे बच्चों को परीक्षाओं में 90 से 99 प्रतिशत अंक लाने के लिए हर संभव दबाव बनाते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि जीवन में सफल होने के लिए 99 प्रतिशत अंकों की कोई बाध्यता नहीं। बच्चों पर कभी दबाव नहीं बनाना चाहिए।

ये बात उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए एम्बेसडर ऑफ पीस अवॉर्ड सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से विभूषित एमिटी विश्वविद्यालय समूह के ग्रुप वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) गुरिंदर सिंह ने कही। प्रो. गुरिंदर एमिटी विवि द्वारा आयोजित ओपेन हाउस कार्यक्रम ग्लोबल स्टडी के बारे में बता रहे थे। कार्यक्रम में डीन अकादमिक, एमिटी विवि. लखनऊ परिसर प्रोफेसर डॉ. राजेश कुमार तिवारी सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

बच्चों ने रैली निकाल स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अप्रैल माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जारी है। इस अभियान के तहत राजधानी में बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों के बच्चों ने शुक्रवार को रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि मौजूदा समय में सभी स्कूलों के शिक्षकों और बच्चों की ओर से रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बीएसए ने बताया कि इस कार्य में एसआरजी, एआरपी के अलावा नोडल शिक्षकों की भी भूमिका अहम है।

शिक्षकों द्वारा अभिभावकों एवं बच्चो को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित रोगों (हीट रिलेटेड इलनेसेज) से बचाव, रोकथाम के उपाय बताये जा रहे हैं। वहीं सुरक्षित पीने का पानी, शौचालय का प्रयोग, खुले में शौच जाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया जा रहा है।

बीएसए ने बताया कि हर बुखार खतरनाक हो सकता है, बुखार के कारण क्या है, बुखार होने पर क्या करें, क्या ना करें, के विषय में जागरुक करने का निर्देश दिया गया है।

प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर के छात्रों की ओर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत निकाली गई रैली, साथ में शिक्षिकाएं। अमृत विचार

▸▸ सरकारी स्कूलों के बच्चों ने रैली निकालकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दिमागी बुखार के प्रति किया जागरूक

मतदाता जागरूकता रैली के दौरान शिक्षिक एवं छात्राएं। अमृत विचार

मतदाता जागरूकता रैली निकाली

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज रामनगर, आलमबाग में शनिवार को मतदाता जागरूकता क्लब ने प्राचार्या सारिका दुबे के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसके अलावा महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने 20 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान करने एवं दूसरों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। छात्राओं ने मतदाता जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक भी किया। संचालन ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ. सत्या शुक्ला एवं एनएसएस यूनिट वन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमिता यादव ने किया।

कांग्रेस कार्यालय में हुआ होली एवं ईद मिलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कांग्रेस हमेशा अनेकता में एकता पर विश्वास करती है

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्रम प्रकोष्ठ में शनिवार को होली और ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश भर से श्रम प्रकोष्ठ पदाधिकारियों ने भाग लिया। चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि होली और ईद सौहार्द व आपसी भाईचारे का त्योहार है। कांग्रेस हमेशा अनेकता में एकता पर विश्वास करती है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि आपसी सदभाव, भाईचारा और प्रेम से मिलजुल कर रहें। इस अवसर पर श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पाण्डेय, अनुराधा मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, शिव पाण्डेय, शहजाद आलम आदि उपस्थित रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153

Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in

For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India

For more details and application form & application fee

Visit University Website : www.biu.edu.in

(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

लविवि की छात्रा को मिला वित्त इंटर्नशिप पद

कार्यालय संवददाता, लखनऊ

छात्रा आकृति संत

▸▸ स्तन कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए करेंगी खोज

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग की शोध छात्रा आकृति संत ने ताइपे में कॉलेज ऑफ बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, तायपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी ताइवान में पूरी तरह से वित्त पोषित इंटर्नशिप पद हासिल किया है।

1 मई से 31 अक्टूबर, 2024 तक निर्धारित छह महीने की इंटर्नशिप, ताइवान सरकार द्वारा प्रतिष्ठित ताइवान एक्सपीरियंस एजुकेशन प्रोग्राम (टीईईपी) के माध्यम से संभव हुई है। आकृति, एक समर्पित शोधार्थी, डॉ. अनुप पंडित की प्रयोगशाला में काम करेंगी, जिसका उद्देश्य कैंसर और ट्यूमर के उपचार में दवा की खोज और विकास और फोटोथेरानोस्टिक्स है। इसके अतिरिक्त, आकृति संश्लेषित नवीन सामग्रियों में शामिल होंगी और स्तन कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस के उपचार के लिए अपना योगदान देंगी।

यह इंटर्नशिप कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ तालमेल बिठाते हुए, विभिन्न घातक बीमारियों के लिए नई संश्लेषण सामग्री को आगे बढ़ाने की आकृति की खोज में एक महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक होगा।

वर्तमान में आकृति संत अपनी पीएचडी कार्यक्रम में दवा खोज और विकास के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान में दिसंबर 2020 से सक्रिय रूप से लगी हुई हैं।

सूचना

मु0अ0सं0 638/23 धारा 306 भादवि0 थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या से सम्बन्धित अभियुक्त गण 1. शुभम सिंह उर्फ सिब्बू पुत्र जमुना प्रसाद सिंह नि0 ग्राम जनौरा थाना कोतवाली नगर जनपद अयोध्या, 2. शुभम श्रीवास्तव पुत्र त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, निवासी– पूरे हुसैन थाना कोतवाली नगर अयोध्या लगातार फरार चल रहे है। इसलिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय जनपद अयोध्या द्वारा उनके विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी उदघोषणा आदेश जारी किया गया है यदि अभियुक्त गण हाजिर नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

(अश्विनी कुमार पाण्डेय)
प्रभारी निरीक्षक
थाना– को0नगर, अयोध्या

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय

प्रवेश प्रारम्भ

सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम

CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइसेंज

एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज

डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान

एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी

डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज

डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज

बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स

बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म

बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी

पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)

E-mail : admission@biu.edu.in

नए सत्र में बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा से जोड़ने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरकारी विद्यालयों के बच्चों को नए सत्र में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने की तैयारी हो रही है। इस संबंध में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की भूमिका अहम होगी। सभी उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को कम्पयूटर शिक्षा मिले इसकी तैयारी की जा रही है। इसमें एनजीओ का भी सहारा लिया जायेगा।

अभी तक सरकारी विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा नहीं प्रदान की जा रही थी लेकिन न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 (एनईपी) के तहत सरकारी विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों के मुताबिक, नए सत्र से विद्यार्थी डिजिटल लिटरेसी अध्याय के तहत कम्प्यूटर के बेसिक कोर्स की पढ़ाई करेंगे। दरअसल, बेसिक शिक्षा विभाग का भी मानना है कि मौजूदा समय डिजिटल युग का है, ऐसे में बच्चों को बचपन से ही कम्प्यूटर का ज्ञान जरूरी है।

पहले से ही ऑनलाइन शिक्षा पर दिया जा रहा है जोर

सरकारी विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा पर पहले से ही जोर दिया जा रहा है। इसके लिए दीक्षा सेल के माध्यम से बच्चों को 5,000 हजार से अधिक शैक्षिक वीडियो उपलब्ध कराये जा चुके हैं। जो कि पूरी तरह से निशुल्क हैं। इसके साथ ही अब कम्प्यूटर, स्मार्टफोन व इंटरनेट कनेक्टिविटी की जानकारी भी बच्चों को विशेष तौर पर प्रदान की जायेगी। डिजिटल शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा व सावधानियों के बारे में भी पढ़ाया जाएगा।

स्थापित होंगी स्कूलों में आईसीटी लैब

कम्प्यूटर की पढ़ाई के लिए परिषदीय विद्यालयों में आईसीटी लैब की स्थापना की भी तैयारी चल रही है। लैब का रख-रखाव और उसमें बच्चों को पढ़ाने के लिए अच्छे ट्रेनरों के माध्यम से शिक्षकों को भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

बीबीएयू में स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अंबेडकर जयंती व विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर हुए विभिन्न आयोजन

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में भीमराव अंबेडकर जयंती व विश्वविद्यालय स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह के दिशानिर्देशन में यूनिवर्सिटी हेल्थ सेंटर, एचडीएफसी बैंक एवं टेंडर पॉम अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में सभी विश्वविद्यालय परिवार के लिए स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक लोगों की रक्त जांच, ईसीजी, आंखों की जांच, रक्तचाप आदि की जांच की गई।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान प्रो. बीएन दुबे , सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. विकास श्रीवास्तव, मेडिकल ऑफिसर डॉ. हर्षिता सिंह, कल्स्टर हेड अजय तिवारी, एचडीएफसी ब्रांच मैनेजर अभय मिश्रा एवं बैंक कर्मचारी मदन गोपाल मौजूद रहे। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान एमिटी विश्वविद्यालय प्रोफेसर अल्पना श्रीवास्तव, आईआईटी रूड़की के प्रो. एसपी सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम इंद्रजीत से बदलकर इंद्रजीत चौहान रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एव समझा जाय। **–इंद्रजीत चौहान पुत्र भगवान दास, निवासी– ग्राम– बरसीपार छावनी टोला, पोस्ट चकोरवा बघेर दास, जिला देवरिया**

सूचना

सूचित हो कि पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र का नाम आर्यन पुत्र सतीश दर्ज है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम आर्यन कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम आर्यन कुमार ही सही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी ग्राम व पोस्ट दतावली, इटावा**

सूचना

सूचित हो कि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय इटावा में प्रवेश के समय मेरे पुत्र अभी पुत्र सतीश कुमार दर्ज है। जबकि वास्तविक एवं सही नाम अभी कुमार पुत्र सतीश कुमार है। मेरे पुत्र का नाम अभी कुमार ही माना जावे। **–सतीश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार, निवासी– ग्राम व पोस्ट दतावली इटावा**

सूचना

सूचित हो कि मैं **सावित्री देवी पत्नी पूर्णमाशी निवासिनी–ग्राम मेंहदीपुर, ब्लाक हरख, तहसील नवाबगंज, जनपद–बाराबंकी** मेरे आधार कार्ड जिसका नम्बर–8798 7233 6367 में मेरा नाम त्रुटिवश प्रेमा देवी अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सावित्री देवी है। यहकि सावित्री देवी व प्रेमा देवी दोनों नाम स्वंय अर्थात मेरे है अन्य कोई दूसरी महिला इस नाम की नहीं है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सावित्री देवी अंकित किया जाय।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मैंने अपने पुत्र शेख असफाक हुसैन एवं पुत्रवधू नाज फातिमा के गलत कार्य व्यवहारों से व्यथित होकर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। इनके द्वारा किये गये किसी कार्य एवम् लेन–देन के प्रति मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **–जुवेद अहमद पुत्र सफदर अली निवासी–587ए/307, गाँधी नगर ई–ब्लॉक, तीसरी गली, तेलीबाग, लखनऊ, उ0प्र0–226002**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

जांच के लिए खनन निदेशालय पहुंची एसटीएफ

अमृत विचार, लखनऊ: खनन निदेशालय में आग लगने की घटना की जांच के लिए एसटीएफ की टीम शनिवार दोपहर खनन निदेशालय पहुंची। इस दौरान एसटीएफ ने वहां के कई अफसरों से पूछताछ की। कर्मचारियों को भी मौके पर बुलाया गया और उनके बयान लिए गए। इसके अलावा गेट पर रखे रजिस्टर का भी अवलोकन किया गया। रजिस्टर में अंकित मोबाइल नंबरों की भी छानबीन की गई। करीब डेढ़ घंटे तक एसटीएफ टीम परिसर के अंदर मौजूद रही। आग लगने प्रभावित स्थान का बारीकी से अवलोकन किया गया और फोटोग्राफ लिए गए। बताया जा रहा है कि अफसर सहित एक दर्जन कर्मचारियों के भी बयान लिए गए।

मेडिकल में एआई से आया बड़ा बदलाव : प्रो.दत्ता

अमृत विचार, लखनऊ: केजीएमयू के कॉलेज ऑफ नर्सिंग का 9वां सेमिनार शनिवार को हुआ। इसमें एआई के विशेषज्ञ, एकेटीयू के सेंटर ऑफ एडवांस स्टडीज के पूर्व प्रमुख और एमिटी सेंटर ऑफ एआई के निदेशक प्रो. एमके दत्ता संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ इलाज के तौर तरीके के अलावा पोस्ट सर्जरी केयर में भी बड़ा बदलाव आया है। इसके जरिए मरीज के रिकवरी टाइम को भी कम किया जा सकता है। जांचे भी काम समय में मिल जा रही हैं। प्रो. दत्ता ने एआई के इतिहास से वर्तमान तक के बारे में बताया। केजीएमयू की प्रति कुलपति प्रो. अपजित कौर, एम्स कल्याणी की डॉ. पूनम जोशी, एम्स मंगलागिरी की डॉ. मुथु वेंकटचलम, एम्स नागपुर की डॉ. रजनी पीटर और लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. हिमांशु पांडेय ने गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस-इन्सेप्शन ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन नर्सिंग प्रैक्टिस विषय पर विचार साझा किए।

अनफिट वाहनों में सफर कर रहे बच्चे

फिटनेस न होने पर एआरटीओ प्रवर्तन ने चार स्कूलों को भेजा नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर के स्कूलों में नये सत्र की शुरुआत होने के साथ ही स्कूली वैन और बसों में उनका सफर भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही अनफिट वाहनों में छात्र-छात्राओं को ढोने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

ऐसे वाहनों की रोक के लिए आरटीओ ने राजधानी के चार प्रतिष्ठित स्कूलों को नोटिस भेजा है। इन स्कूलों की ओर से अब तक कोई जवाब आरटीओ ऑफिस को नहीं मिला है। ऐसे में इन वाहनों में सफर करने वाले छात्रों की सुरक्षा खतरे में हैं। एआरटीओ प्रवर्तन अमित राजन राय के अनुसार शहर में तकरीबन 4500 से अधिक स्कूली वाहन बच्चों को ढोने में जुटे है। इन वाहनों में रोजाना तकरीबन 70 हजार के बच्चे सफर कर रहे है। आरटीओ प्रवर्तन दल में मौजूद अधिकारी लगातार इनकी चेकिंग कर रहे हैं।

▸▸ साउथ सिटी, अंसल गोल्फ सिटी हिंद नगर और वृंदावन योजना जैसे वीआईपी क्षेत्रों में स्थित हैं स्कूल

इसी के तहत बीते दिनों चेकिंग के दौरान अनुबंध पर चल रहे स्कूली वैन और बस पर कार्रवाई करते हुए चार स्कूलों से नोटिस भेज कर का जवाब मांगा गया था। इन स्कूलों में साउथ सिटी, अंसल गोल्फ सिटी, हिंद नगर और वृंदावन योजना में स्थित प्रतिष्ठित चार स्कूल हैं। आरटीओ की ओर से इन स्कूलों को नोटिस दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अनफिट वाहनों का संचालन रोकने के लिए जिला प्रशासन और स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी तय की गई है। जब इन स्कूल प्रबंधकों की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली तब इन्हें नोटिस दी गई है। साथ ही अनफिट वाहनों के खिलाफ अभियान जल्द शुरू होगा।

हीट वेव के मरीजों के लिए बनाएं एसी वार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राजधानी के प्रमुख अस्पतालों में बेड किए गए आरक्षित

▸▸ दवाओं के साथ अन्य जरूरी इंतजाम भी किए गए

अमृत विचार : मौसम विभाग से हीट वेव की आशंका जाहिर होने पर सभी सरकारी अस्पताल सतर्क हो गए हैं।अस्पतालों के एसी वार्ड में हीट वेव के मरीजों के लिए बेड आरक्षित किए गए हैं। दवाओं सहित अन्य जरूरी चीजों का बंदोबस्त भी कर लिया गया है। हीट वेव के लिए सभी अस्पतालों में नोडल अधिकारी भी बना दिए गए हैं।

मौसम विभाग विभाग से आशंका जाहिर होने पर शासन ने हीट वेव मरीजों के लिए सभी अस्पतालों में एसी रूम में बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए थे। बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु ने बताया एसएसबी ब्लॉक के प्रथम तल पर छह बेड का हीट वेव वार्ड बनाया गया है। अस्पताल आने वाले हीट वेव के मरीजों को यहां पर रखा जाएगा। वाटर कूलर के साथ एसी प्वांइट भी ठीक करा लिया गया है। लोकबंधु चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर ने बताया छह बेड का एसी वार्ड तैयार किया गया है। वहां पर मरीजों को भर्ती किया जाएगा। सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश ने बताया एसी वार्ड में बेड रिजर्व किए गए हैं। बताया मरीजों की संख्या बढ़ने पर बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी।

टीबी अस्पताल में मरीज रहेंगे कूलर में

शासन ने हीट वेव के मरीजों के लिए एसी रूम में बेड आरक्षित करने के निर्देश दिए है। निर्देशों के उलट ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में मरीजों के लिए कूलर वाला कमरा तैयार किया गया है। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह का कहना है हीट वेव को लेकर आठ बेड का वार्ड बनाया गया है। वहां पर कूलर लगाए गए गए हैं। बताया एक डॉक्टर को हीट वेव का नोडल भी नियुक्त किया गया है।

निर्माणाधीन मॉड्यूलर ओटी पर पुरातत्व की रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 60 फीसदी निर्माण के बाद ठप हो गया निर्माण कार्य

▸▸ रोक हटवाने के लिए चक्कर लगा रही कार्यदायी संस्था

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में निर्माणाधीन मॉड्यूलर ओटी और वॉर्ड के कार्य पर पुरातत्व विभाग ने आपत्ति लगा दी है। जिससे निर्माण कार्य ठप हो गया था। आपत्ति हटाने के लिए कार्यदायी संस्था के लोग पुरातत्व विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन आपत्ति हटवाने के लिए प्रयास कर रहा है।

बलरामपुर अस्पताल की इमारत को भारतीय पुरातत्व विभाग ने संरक्षित कर रखा है। यहां किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक है। अस्पताल के नेत्र रोग विभाग की ओटी और वार्ड का भवन जर्जर हो गया था। इन्हें एसएसबी ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया।

> पुरातत्व विभाग की ओर से निर्माण पर आपत्ति लगाई गई है। जिसके बाद से काम बंद है। आपत्ति हटाने के लिए प्रयास किया जा रहा है।
>
> –डॉ. पवन कुमार अरुण, अस्पताल निदेशक

अस्पताल प्रशासन ने मॉड्यूलर ओटी व वॉर्ड निर्माण के लिए शासन से बजट मांगा था। पिछले साल शासन ने करीब ढाई करोड़ का बजट स्वीकृत कर दिया। 1 करोड़ 25 लाख रुपये मिलने पर कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। अफसरों का कहना है कि करीब 60 फीसदी निर्माण कार्य होने के बाद पुरातत्व विभाग ने आपत्ति लगा दी है। कार्यदायी संस्था ने पुरातत्व विभाग से संपर्क करके रोक हटाने की मांग की है।

आरएलबी में फॉल्स सीलिंग गिरने की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में फॉल्स सीलिंग गिरने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शासन के निर्देश पर जांच समिति का गठन कर दिया गया है। जल्द ही समिति निरीक्षण कर पूरे मामले की रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

सूत्रों का कहना है फॉल्स सीलिंग लगवाने में हुए भ्रष्टाचार में कई लोग फंस सकते हैं। आरएलबी अस्पताल के नवनिर्मित हाल में गत मार्च माह में फॉल्स सीलिंग लगवाई गई थी। 2 अप्रैल की रात पूरे हाल की फॉल्स सीलिंग भरभरा कर गिर गई थी। इसकी जानकारी अगले दिन हाल खोलने पर हुई थी। इस मामले को शासन ने संज्ञान लेकर जांच करने के निर्देश दिए है। सूत्रों के मुताबिक अफसर जल्द ही अस्पताल का निरीक्षण कर सकते हैं।

अस्पताल के हाल की गिरी हुई फॉल्स सीलिंग। अमृत विचार

कार्डियोलॉजी की ओपीडी बंद होने के मामले में भी जांच

आरएलबी में कई महीनों से कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी बंद चल रही है। पुरुष वार्ड में ताला लगा हुआ है। हार्ट के मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं। बताया जा रहा है कि यहां तैनात कार्डियोलॉजी के डॉक्टर नौकरी से त्याग पत्र दे दिया है। इस मामले में भी जांच के आदेश हुए हैं।

मेरा गोण्डा, मेरी शान।। 20 मई को करें मतदान।।

कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, गोण्डा

पत्रांक : स0शि0/लेखा0/431/2024–25 दिनांक:– अप्रैल 2024

समस्त गोण्डा वासियों से बेसिक शिक्षा विभाग की अपील

☑ लोक तंत्र के इस महापर्व पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, स्वयं मतदान करें तथा अपने आस–पड़ोस के प्रत्येक मतदाता को मतदान हेतु प्रेरित करते हुए स्वतंत्र व निश्पक्ष मतदान संपन्न कराये करें।
☑ 01 अप्रैल 2024 से नवीन शैक्षिक सत्र प्रारम्भ हो चुका है, अतः 6–14 आयु वर्गके प्रत्येक बच्चे को उनके घर के निकटवर्ती परिषदीय प्राथमिक /उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय में नामांकित कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करायें।
☑ 15 से 35 आयु वर्ग का यदि कोई व्यक्ति निरक्षर है, तो उसका विवरण नजदीकी विद्यालय में उपलब्ध करायें, जिससे उन्हें भी नव भारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत साक्षर बनाने की प्रकिया पूर्ण की जा सकें।
☑ निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में प्रदत्त व्यवस्थानुसार अलाभित समूह व दुर्बल के अधिक से अधिक बच्चों को उनके पड़ोस के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकित कराते हुए उनकी प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।
☑ 01 अप्रैल 2024 से संचारी रोग से बचाव हेतु निम्नलिखित उपाय अपनायें :–
1. नियमित रूप से मच्चछरों से बचाव हेतु दरवाजों व खिड़कियों पर जाली का प्रयोग।
2. मच्छरदानी का प्रयोग, मच्छर रोधी उपायों का प्रयोग, तथा अनुपयोगी वस्तुओं में पानी इकट्ठा न होने दे, पानी की टंकी पूरी तरह से ढंक कर रखें।
3. बच्चों को पूरी आस्तीन का कपड़ा पहनायें।
4. घर और कार्य स्थल के आस–पास तथा नालियों में पानी जमा न होने दें।
5. खुले में शौच न जांय।
6. बुखार हाने पर उसका नजदीकी चिकित्सक से तत्काल इलाज प्रारम्भ करायें।

मतदान है जरूरी

प्रेमचन्द्र यादव
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गोण्डा

एम अरुन्मोलि
मुख्य विकास अधिकारी
गोण्डा

नेहा शर्मा
जिलाधिकारी
गोण्डा

एक नजर

उप मुख्यमंत्री के नाम से बनाए गए फर्जी अकाउंट

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड स्थित साइबर क्राइम थाने में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निजी सचिव ने जालसाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि जालसाज डिप्टी सीएम के नाम से फेसबुक पर कई फर्जी अकांउट बनाकर लोगों गुमराह कर रहे हैं। धीरेंद्र कुमार डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निजी सचिव हैं। निजी सचिव के मुताबिक अज्ञात युवक ने डिप्टी सीएम के नाम का प्रयोग करके कई फर्जी फेसबुक पेज बनाए हैं। आरोप है कि युवक इसके जरिये लोगों को गुमराह कर रहा है। मामले में कई बार युवक को चेतावनी भी दी गई थी। इसके बावजूद उसने ऐसा करना बंद नहीं किया है। इसके चलते धीरेंद्र ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

आवास आयुक्त का वाट्सएप हैक, परिचितों से मांगे रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : जालसाजों ने आवास आयुक्त का वाट्सएप हैक परिचितों से रुपये मांगे। उप आवास आयुक्त ने यह आरोप लगाते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई है। महात्मा गांधी मार्ग स्थित उप्र आवास एवं विकास परिषद कंप्यूटर सेल में हिमांशु कुमार गुप्ता उप्र आवास आयुक्त के पद पर तैनात हैं। हिमांशु के मुताबिक विकास परिषद में आईएएस डॉ. बलकार सिंह आवास आयुक्त के पद पर वाट्सएप का इस्तेमाल कर लोगों को मैसेज व कॉल कर रहे हैं। लोगों से रुपयों की मांग की जा रही है। इसके चलते आवास आयुक्त की छवि खराब हो रही है। हिमांशु कुमार ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए डॉ. बलकार सिंह के नाम पर संचालित वाट्सएप नंबर को बंद कराने की मांग की।

दरोगा का शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

प्रदर्शनकारियों ने की मछरेहटा इंस्पेक्टर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और सीबीआई जांच की मांग

दरोगा का शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते परिजन व स्थानीय लोग (इनसेट में दरोगा)। अमृत विचार

- सीतापुर में संदिग्ध हालात में गोली लगने से हुई थी मौत
- बेटे ने मछरेहटा थाना प्रभारी के खिलाफ दी तहरीर

लखनऊ/ सरोजनीनगर

अमृत विचार: राजधानी में बंगला बाजार बिजनौर रोड पर दरोगा का शव रखकर शनिवार सुबह परिजन और मोहल्ले के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मछरेहटा थाना प्रभारी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने और मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के कारण करीब तीन घंटे यातायात ठप होने से राहगीर और स्कूली बच्चे बेहाल रहे। जाम खुलवाने के प्रयास में पुलिस की परिजन से नोकझोंक भी हो गई। एसीपी ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जाम खुलवाया। देर शाम शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बेटे आकाश ने बिजनौर थाने में मछरेहटा थाना प्रभारी के खिलाफ तहरीर दी है।

फतेहपुर जिले के जलाला गांव के मूल निवासी मनोज कुमार (50) पुलिस भाग में दरोगा थे। वह राजधानी में बिजनौर के सरवन नगर में मकान बनाकर 10 वर्ष से परिवार के साथ रह रहे थे। पिछले वर्ष 21 अक्टूबर से मनोज की तैनाती सीतापुर जिले मछरेहटा थाने में थी। शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान मछरेहटा थाने में संदिग्ध हालात में गोली लगने से मनोज की मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शनिवार सुबह शव लेकर बिजनौर पहुंचे। करीब 7:30 बजे सरवन नगर के पास बंगला बाजार बिजनौर रोड पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पत्नी गीता देवी ने मछरेहटा थाना प्रभारी से पति का मतभेद होने और बड़े बेटे आकाश ने हत्या का आरोप लगाया। बेटे का आरोप था कि थाना प्रभारी क्षमता से अधिक काम लेकर प्रताड़ित करने के साथ दबाव बना वसूली कराते थे। परिजन थाना प्रभारी पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर सीबीआई जांच कराने की मांग कर रहे थे। सूचना पर एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी और बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और परिजन को समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद परिजन जिलाधिकारी से मिलने गए, लेकिन मुलाकात नहीं हो पाई। देर शाम पुलिस की मौजूदगी में आलमबाग नहर स्थित शवदाह गृह में दरोगा के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया।

थाना प्रभारी और दरोगा में मतभेद का आरोप

परिजन का आरोप है कि वसूली और काम के दबाव को लेकर मछरेहटा थाना प्रभारी से मनोज का मतभेद था। इसको लेकर मनोज ने एक पत्र मीडिया कर्मियों को दिया था। इसकी जानकारी पर ही थाना प्रभारी ने मनोज को गोली मार दी। परिजन का कहना है कि कुछ पुलिसकर्मियों ने बताया कि मनोज किसी बात को लेकर तनाव में थे। दरोगा के छोटे बेटे शीबू ने बताया पिता के सिर से खून बह रहा था और शरीर पर कई जगह चोटों के निशान थे। उन्हें सर्विस रिवाल्वर भी नहीं दिखाई गई, जिससे आत्महत्या की बात कही जा रही है। बेटे ने मछरेहटा थाना प्रभारी पर हत्या कर मनगढ़ंत कहानी सुनाने का आरोप लगाया है।

सड़क जाम होने के कारण पैदल जाते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

पुलिस ने शव सड़क से हटवाकर खुलवाया रास्ता, निकलते वाहन। अमृत विचार

अकेले दबिश देने जाते थे दरोगा

पत्नी गीता देवी और बच्चों ने बताया कि कुछ माह पहले एक किशोरी लापता हो गई थी। इसकी जांच का जिम्मा मनोज कुमार को सौंपा गया था। वह किशोरी की बरामद के लिए अकेले ही दबिश देने जाते थे। किशोरी के परिजन कोर्ट चले गए थे। इसको लेकर वह दबाव महसूस कर रहे थे।

करीब साढ़े तीन घंटे ठप रहा यातायात

रोड पर दरोगा का शव रखकर परिजन व मोहल्लावासियों ने सुबह करीब 7:30 बजे से 10:30 बजे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान रोड पर जाम लग गया। कुछ स्कूली वाहन भी जाम में फंसे रहे। स्कूली बच्चों के अलावा राहगीर भी गर्मी और धूप में परेशान हुए।

डिवाइडर से टकराई बाइक दो चचेरे भाइयों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीतापुर निवासी थे बाइक सवार, ताड़ीखाना स्थित बहन के घर ईद मनाने आए थे
- रात में घंटाघर घूमने निकले थे, डालीगंज पुल के पास देर रात हुआ हादसा

अमृत विचार: हसनगंज इलाके में शुक्रवार रात ताड़ीखाना निवासी बहन के घर ईद मनाने जा रहे तेज रफ्तार एक बाइक पर सवार तीन युवक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गये। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दो चचेरे भाइयों को मृत घोषित कर दिया। जबकि भांजा का इलाज चल रहा है।

सीतापुर के सिधौली निवासी फरमान ने बताया कि छोटा भाई अयान (22) ईद मनाने मड़ियांव के ताड़ीखाना निवासी बहन के घर गया था। उसके संग सिधौली निवासी चचेरा भाई जैद (20) भी था। अयान कक्षा 11 और जैद नौवीं का छात्र था। शुक्रवार रात को अयान, जैद और भांजा सूफियान एक ही बाइक से घंटाघर घूमने निकले थे। बाइक सूफियान चला रहा था। देर रात 2:30 बजे तीनों डालीगंज पुल के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। तीनों बाइक समेत उछलकर सिर के बल सड़क पर जा गिरे। हादसे में गंभीर घायल अयान और जैद को अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तबकि भांजा की हालत गंभीर बताई जा रही है। शनिवार को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर हसनगंज ने बताया परिजन ने आरोप से इनकार किया है। इस संबंध में अभी तहरीर नहीं मिली है।

हादसे का शिकार फरमान व जैद

ईद की खुशियां मातम में बदलीं

ईद पर एक ही परिवार में दो युवकों की मौत से दो परिवारों में ईद की खुशिया मातम में बदल गईं। परिजन का रो- रो कर बुरा हाल है। फरमान ने बताया कि शनिवार सुबह अयान और जैद की मौत की सूचना मिलते ही घर में मातम पसर गया। दोनों एक दिन पहले ही बहन के घर लखनऊ गए थे। जहां से उनकी मौत की सूचना आई है।

हेलमेट पहनने से बच गई सूफियान की जान

पुलिस के अनुसार हादसे के समय सूफियान ने हेलमेट पहन रखा था। इससे सिर के बल गिरने से वह बच गया। जबकि बाइक पर पीछे बैठे अयान और जैद की सिर में गंभीर चोट आने से जान गई।

सतर्कता

चुनाव को लेकर पुलिस सजग है। इसी क्रम में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास गाड़ी की तलाशी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

सीआरपीएफ दरोगा समेत चार से लाखों की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ितों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : जालसाजों ने सीआरपीएफ दरोगा समेत चार लोगों ने धोखाधड़ी कर उनके खाते से लाखों से रुपये निकला लिए है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर विभूतिखंड काकोरी, हजरतगंज और साइबर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से प्रयागराज जनपद के मुकुन्दपुर निवासी सीआरपीएफ मनोज कुमार विभूतिखंड स्थित सीआरपीएफ के आईजीपी आफिस तैनात है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 03 अप्रैल को उनके मोबाइल पर अन्जान कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद की पहचान क्रेडिट कार्डकर्मी राहुल गुप्ता के रुप में करते हुए कहा कि



उनका क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट नहीं हुआ है। जालसाज ने क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट कराने का झांसा देकर उनके मोबाइल पर लिंक भेजा। इसके बाद दरोगा के खाते से दो मदों में 74 हजार रुपये निकाल लिए है। वहीं, काकोरी कस्बे की रहने वाली लज्जावती ने बताया कि 18 बिस्वा जमीन हंसखेड़ा की राजकुमारी और जनकपुर मुक्खाखेड़ा के जितेंद्र को 40 लाख में बेचने की बात कही थी। मगर दोनों खरीदारों ने उनसे एक बीघा 18 बिस्वा का बैनामा कर लिया और सिर्फ 2.80 लाख रुपये दिए। शेष 37 लाख नहीं दिए। वहीं, आलमनगर की स्मिता त्रिवेदी से जालसाजों ने शेयर मार्के में निवेश के नाम पर एक लाख 24 हजार रुपये ऐंठ लिए। उधर हजरतगंज के बेलदारी लेन निवासी आकाश के मुताबिक कुछ माह पहले अनय यादव उनकी दुकान पर आया था। उसने खुद को दारुल शफा पॉवर हाउस का कर्मचारी बताया था। आरोप है कि अनय ने उन्हें भरोसे में लेकर उनकी दुकान के बिजली का बिल और नए मकान में कनेक्शन के नाम पर 77 हजार हड़प लिए। वहीं, जानकीपुरम के सेक्टर-जे, सुलभ आवास निवासी नितिन टंडन से गाड़ी फाइनेंस करोन के नाम पर जालसाजों ने 30 हजार की ठगी कर ली।

सार-संक्षेप

फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : इटौंजा के लोधपुरवा गांव में शुक्रवार देर रात पंकज (29) का शव घर में फंदे से लटकता मिला। पत्नी कोमल ने बताया कि जब वह कमरे में सोने गई, तब पति ने दूसरे कमरे में लगी टीनशेड की बल्ली में फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठाया है। परिजनों का कहना है कि मृतक मानसिक रूप से परेशान था। वह शराब पीने का आदी था। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

बड़े भाई की मौत से आहत युवक ने की खुदकुशी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत चढ़ाई का पुरवा में बड़े भाई की मौत से आहत शुभम अस्थाना (27) ने शुक्रवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर लगी। साथियों ने उसे शव को फंदे से लटकता पाया। एक दिन पूर्व उसके बड़े भाई की तेरहवीं थी।पीजीआई निवासी शुभम अस्थाना सुशांत गोल्फ सिटी के चढ़ाई का पुरवा में किराये के मकान में रहकर एक निजी अस्पताल में नौकरी करता था। शुक्रवार शाम ड्यूटी से लौटने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर साथियों ने उसे आवाज दी, लेकिन भीतर से जबाव नहीं मिली। फिर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तब उसका शव पंखे के कुंडे से गमछे के फंदे के सहारे लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसे बड़े भाई शिवम की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। गुरुवार को शिवम की तेहरवीं थी। तेरहवीं के बाद शुमभ ने आत्मघाती कदम उठा लिया।

बाइक सवार भाई-बहन समेत चार को पीटा, भांजी गंभीर

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल इलाके में बहन और अपनी दो भांजियों को घर लेकर जा रहे बाइक सवार भाई-बहन और दो भांजियों की रास्ते में ग्रामीणों ने घेर कर लाठी व बेल्टों से पिटाई कर दी। हरदोई जनपद के थाना संडीला के ग्राम बेगमगंज निवासी संतोष की बहन सरस्वती की ससुराल माल के ग्राम रुदानखेड़ा में है। संतोष अपनी बहन सरस्वती व दो भांजियों सौम्या व अनन्या के साथ शनिवार को बहनोई की बाइक से घर जा रहे थे। रास्ते में गहदों के पास उसकी बाइक के सामने कल्याणपुर निवासी छोटू आ कर घायल हो गया। संतोष ने बाइक रोक छोटू को उठाया। तभी छोटू के भाई व पिता आदि पहुंच गये। उन्होंने संतोष, उसकी बहन व भांजियों को लाठियां व बेल्टों से पीट दिया। इसमें सौम्या गंभीर घायल हो गयी। जिसे माल सीएचसी से लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

गाजीपुर और देवरिया में पुलिस टीम ने दी दबिश

अमृत विचार, लखनऊ : उन्नाव के सोहरामऊ इलाके में एरीज एग्रो लिमिटेड कंपनी के कर्मी देशराज (50) को मरणासन्न हालत में फेंक कर भागे आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की धारा में प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। शनिवार को गठित तीन टीमों ने गाजीपुर और देवरिया जनपद में दबिश दी, लेकिन हत्यारोपी वहां नहीं मिले। प्रभारी निरीक्षक हेमंत राघव ने बताया कि शिनाख्त के बाद मृतक की पत्नी सरस्वती की लिखित शिकायत पर पुलिस ने पीएनसी कंपनी के अज्ञात मालिक, डीजीएस साहू, गोपाल पात्रा, मृत्युंजय और एरीज एग्रो कंपनी लिमिटेड के मालिक व कर्मचारी के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने सहित अन्य संगीन धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार को पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित की गई थी। इसके बाद कंपनी के कर्मचारियों से कई-कई घंटे पूछताछ भी की गई। बावजूद इसके आरोपियों के ठिकानों का कहीं सुराग नहीं मिला। शनिवार को पुलिस ने टीमों ने गाजीपुर और देवरिया जनपद में आरोपियों की तलाश में दबिश दी है। फिलहाल, आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। कयास लगाए जा रहे हैं जल्द ही आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

बेटी को जिंदा देखना चाहते हो तो चुप बैठो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नाबालिग का अपहरण करने वाले युवक के पिता ने दी धमकी

अमृत विचार : मदेयगंज क्षेत्र में एक युवक नाबालिग को जबरन ले गया, पिता ने आरोपी के घर जाकर पूछताछ की। आरोपी के पिता ने किशोरी के पिता से गाली गलौज की और कहा कि, बेटी को जिंदा देखना चाहते हो तो चुप बैठो। दो अन्य थाना क्षेत्रों से एक किशोरी और एक युवती लापता हो गई हैं। तीनों ही मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

मदेयगंज थाना क्षेत्र के निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि दो सहेलियों संग नाबालिग बेटी 11 अप्रैल को घूमने गई थी। इसके बाद से घर नहीं लौटी। सहेलियों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि अरमान नाम का युवक उसे जबरन ले गया है। अरमान के घर पूछताछ करने पर उसके पिता ने न केवल गाली गलौज की बल्कि अगर अपनी बेटी को जिंदा देखना चाहते हो तो चुप बैठो। पिता के अनुसार बड़ी बेटी की शादी के लिए गहने और 50 हजार रुपये रखे थे, नाबालिग बेटी वह भी ले गई है।

अधिवक्ता ने चिकित्साकर्मियों पर लगाया मारपीट का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विभूतिखंड थाने में एक अधिवक्ता ने लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में कार्यरत ईएमओ और कर्मचारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह अस्पताल में मां का इलाज कराने आए थे। इस दौरान चिकित्साकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। साकेतपुरी आलमबाग निवासी अधिवक्ता राघवेंद्र प्रताप सिंह गत 15 मार्च को मां सविता देवी का इलाज करने लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में आए थे। उनका आरोप है कि ईएमओ इंद्रजीत से उन्होंने मां का इलाज करने का आग्रह किया। तब वह उसने सुविधा शुल्क मांगने लगे, जिसको लेकर कहासुनी हो गई। आरोप हैकि विवाद बढ़ने पर ईएमओ ने कर्मचारी रवी, गार्ड और तीन-चार जूनियर डाक्टरों को बुलाकर उनकी पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव में अधिवक्ता के परिजनों की पिटाई कर उन्हें वार्ड से बाहर कर दिया गया। दूसरे डाक्टर के हस्तक्षेप से मारपीट करने वालों को वहां से हटाया, जिसके बाद उनकी मां को आइसीयू में भर्ती किया गया। 18 मार्च को स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्होंने मां को डिस्चार्ज करा लिया। राघवेंद्र ने 19 मार्च को लोकबंधु अस्पताल में अपना चेकअप कराया, जहां पता चला कि उनके कान का पर्दा फट गया है। चिकित्सक की रिपोर्ट लेकर वह 10 मार्च को विभूतिखंड थाने पहुंचे और डॉ. इंद्रजीत, रवी, गार्ड व जूनियर डाक्टरों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को पकड़ा

अमृत विचार : पीजीआई थाना अंतर्गत शादी का झांसा देकर एक युवक प्रेमिका का चार वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा। प्रेमिका के दबाव बनाने पर प्रेमी ने उसे डरा-धमका उसे चुप करा दिया। जिसके बाद उसने शादी करने से मना कर दिया। हालांकि, पुलिस ने प्रेमी पर दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली युवती ने मोहनलालगंज अतरौली गांव निवासी विष्णु सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। चार वर्ष पूर्व उसकी दोस्ती विष्णु से हुई थी। आरोप है कि भरोसा जीतने के बाद विष्णु शादी का झांसा देकर

उसका शारीरिक शोषण करने लगा। इस बीच युवती ने उससे शादी का दबाव बनाया तब आरोपी ने मारपीट कर उसे चुप करा दिया। आरोप है कि गत 10 अप्रैल को विष्णु उसे पीजीआई के एक होटल में लेकर गया। जहां उसने जबरन सम्बन्ध बनाए। इस पर पीड़िता ने शादी करने की बात कही तब विष्णु ने शादी करने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार एफआईआर दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई है।

सक्रियता | आज से विभाग शहर में चलाएगा जागरूकता अभियान

अग्निकांड से बचाव के लिए दमकल विभाग तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वैसे तो वर्ष भर दमकल विभाग सक्रिय रहता है, लेकिन गर्मियों में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक आगजनी की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। खेतों में खड़ी फसल हो या फिर बिजली के शार्ट सर्किट से होने वाली अग्निकांड की घटनाएं लगातर बढ़ रही हैं। एक पखवाड़े में करीब 20-25 विभिन्न स्थानों पर अग्निकांड की घटनाएं घट चुकी है। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने व एहतियात बरतने के लिए दमकल विभाग 14 से 19 अप्रैल तक आगजनी से बचाव पर जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इसके तहत अस्पताल, सार्वजनिक स्थान, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

मुख्यशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, सभी फायर स्टेशन पर लीडिंग फायरमैन की देखरेख में एक-एक टीम बनाई गई है। जोकि बड़ी सोसाइटी और ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को आगजनी से बचाव के लिए जागरूक करेंगी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी अग्निशमन व आपात सेवा ने चैन सिस्टम से जागरूकता फैलानी शुरू कर दी है। बताया कि अभियान के पहले दिन लोगों से अपील की जाएगी कि वह फायर सेफ्टी का कम से कम एक रूल अपनी टैगलाइन बनाते हुए अग्नि शमन वाहन के साथ अपनी सेल्फी या वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट करें। इस पहल को और अधिक प्रतियोगी बनाते हुए इस अभियान में हिस्सा बनकर अग्निशमन वाहन के साथ ली गई सेल्फी या वीडियो पर सबसे ज्यादा लाइक पाने वाले को अग्नि शमन तथा आपात सेवा लखनऊ की ओर से पांच मूवी टिकट बिल्कुल फ्री दी जाएगी।

इन स्थानों पर चलेगा अभियान

दिनांक	स्थान
14 अप्रैल	लुलु मॉल और प्लासियो मॉल
15 अप्रैल	फिनिक्स मॉल एवं सहारा मॉल
16 अप्रैल	अमीनाबाद मार्केट
17 अप्रैल	चारबाग स्टेशन तथा आलमबाग मॉल
18 अप्रैल	वायलेंस वाटर पार्क और आरआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट
19 अप्रैल	इकाना स्टेडियम

आग से जनरल स्टोर का सामान जलकर राख

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई इलाके में आग से जनरल स्टोर का सामान खाक हो गया। बाबूखेड़ा निवासी सोनू का घर के पास जनरल स्टोर है। शुक्रवार रात 10 बजे सोनू दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 12:15 बजे जनरल स्टोर के पीछे बने गोदाम से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने उन्हें सूचना दी। जब तक वह पहुंचे आग ने दुकान के मुख्य हिस्से को भी चपेट में ले लिया था। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आग पर काबू पाया। एफएसओ पीजीआई मामचंद ने बताया जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण पता नहीं चला।

पेंट व प्लाई के गोदाम में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दमकल कर्मियों ने दीवार तोड़कर आग पर पाया काबू
- हादसे में कारोबारी को लाखों का हुआ नुकसान

अमृत विचार : कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत कानपुर रोड पर शुक्रवार देर रात पेंट व प्लाई के गोदाम में अचानक आग लग गई। कुछ ही क्षण में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मौजूद लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देते हुए दमकल विभाग को आग लगने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पुलिस के सहयोग से आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक गोदाम मालिक का लाखों का सामान जलकर नष्ट हो गया।

मुख्यशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, शुक्रवार रात कंट्रोल रूम

पर पेंट व प्लाई के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद आलमबाग फायर स्टेशन से दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची और राहत कार्य में जुटी गई। एफएसओ धर्मपाल सिंह ने बताया कि दमकल कर्मियों ने हौज पाइप फैलाकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन गोदाम में धुंआ ज्यादा भरने से उनकी कोशिश नाकाम हो गई। इसके बाद दीवार को तोड़कर आग को बुझाया गया। बताया कि आलमबाग चंदरनगर निवासी बालकृष्णा शेट्टी की कानपुर रोड पर हरे कृष्णा ट्रेसर्ड के नाम से गोदाम है। जिसमें पेंट, प्लाईवुड और हार्डवेयर का सामना संग्रह किया गया था।

गोदाम के पास मची भगदड़

एफएसओ ने बताया कि गोदाम में धुंए का गुब्बार निकलता देख स्थानीय लोगों ने फौरन हार्डवेयर कारोबारी बालकृष्णा शेट्टी को जानकारी दी। गोदाम के आसपास भगदड़ मच गई। एफएसओ का कहना है कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन हार्डवेयर कारोबारी का लाखों का स्टॉक जलकर नष्ट हो गया। नुकसान का आंकलन किया गया है।

एक नजर

लखनऊ टीम का चयन ट्रायल 16 को

अमृत विचार, लखनऊ : 31वीं यूपी स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 19 और 20 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। कानपुर और गाजियाबाद में इस चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जाएंगे। इन मुकाबलों में लखनऊ एथलेटिक्स टीम हिस्सा लेगी। लखनऊ टीम के गठन को चयन ट्रायल 16 अप्रैल को ऐशबाग स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी लखनऊ एथलेटिक्स संघ के सचिव बीआर वरुण शनिवार को दी। अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी बीआर वरुण के मोबाइल नंबर 9415027942 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

स्कूल के नवनिर्मित ब्लॉक का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस में शनिवार को प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने नवनिर्मित प्राइमरी ब्लाक का उद्घाटन किया। विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्या, शिक्षक, छात्र और अभिभावक उपस्थित रहे। नए ब्लॉक में प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें-मुन्हें छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्याधुनिक शैक्षिक संसाधनों की उपलब्धता है।

अभ्यास बाल तरणताल में, चुनौती ओलंपिक पूल से पदक निकालने की

पिछले तीन वर्षों से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बंद पड़ा है ओलंपिक साइज पूल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : खेल विभाग के तैराकी छात्रावास के खिलाड़ी बाल तरणताल में अभ्यास को मजबूर है। अगले महीने शुरू हो रही तैराकी प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों को ओलंपिक साइज पूल से खेल विभाग के लिए पदक जीतने होंगे। ऐसे में ये खिलाड़ी खुद असंमजस में है। प्रदेश में अन्य जिलों में अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को भला यह कैसे मात दे पाएंगे।

राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतना उनके लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। खेल विभाग के आला अधिकारी बताते हैं कि छात्रावास के खिलाड़ियों के लिए केडी सिंह बाबू स्टेडियम का ओलंपिक साइज आलवेदर पूल जल्द ही खोल दिया जाएगा। फिलहाल इसका निर्माण कार्य चल रहा है। बताते चले कि पिछले तीन वर्ष से ओलंपिक साइज पूल बंद पड़ा है।

बाल तरणताल में अभ्यास करते खिलाड़ी। अमृत विचार

▸▸ अगले महीने शुरू हो जाएंगी तैराकी प्रतियोगिताएं

तैराकी खिलाड़ियों के अनुसार जिस बाल तरणताल में वह अभ्यास कर रहे हैं, वह 15 मीटर ही लंबा है। जिस पूल में प्रतियोगिता होती है, उसकी लंबाई 50 मीटर होती है। ऐसे में बाल तरणताल में अभ्यास प्रभावित हो रहा है। पिछले तीन वर्षों से हमें ओलंपिक साइज पूल में अभ्यास का मौका नहीं मिल रहा है। तैराकी छात्रावास के प्रशिक्षक सहित अभिभावक भी परेशान है, जिन्होंने अपने बच्चो का दाखिला खेल विभाग के तैराकी छात्रावास में करा रखा है।

इस समय छात्रावास में 19 बालक और 14 बालिकाएं यहां मौजूद हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, बाबू स्टेडियम में मौजूद ओलंपिक साइज पूल को तैयार किया जा रहा है। फिलहाल यह निर्माण कार्य इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद नहीं है। ऐसे में इस बार तैराकों का भविष्य फिर दांव पर लगा है। बताते चले कि तैराकी छात्रावास के खिलाड़ियों के लिए अभ्यास की व्यवस्था नहीं है, वहीं हर वर्ष मुल्यांकन के दौरान रिजल्ट न देने के नाम पर कई खिलाड़ियों को छात्रावास से बाहर कर दिया जाता है।

> ओलंपिक साइज ऑलवेदर पूल का निर्माण कार्य चल रहा है। तरणताल को साफ करा कर इसमें जल्द ही पानी भरा जाएगा। प्रयास किए जा रहे है कि एक मई से यहां पर खिलाड़ियों को अभ्यास का मौका मिल सके।
>
> **-अजय सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, लखनऊ उत्तर प्रदेश खेल विभाग**

चेन्नई का मैच देखने को ढीली करनी होगी जेब

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ के इकाना स्टेडियम में अगला मुकाबला 19 अप्रैल को खेला जाना है। इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स के सामने चेन्नई सुपर किंग्स की टीम होगी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से यहां पर खेलते नजर आएंगे। उनके इस मैच को देखने को लिए दर्शकों को जेब ढीली करनी होगी। इस मुकाबले के टिकटों का मूल्य 400 रुपये से बढ़ाकर 12 सौ रुपये का कर दिया गया है। अभी टिकटों की ऑनलाइन बिक्री चल रही है।

दोहरी सफलता दर्ज करने वाला खिलाड़ी ज्ञान।

स्पोर्ट्स कॉलेज के ज्ञान को दोहरी स्वर्णिम सफलता

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के एथलेटिक्स प्रशिक्षु ज्ञान सिंह यादव ने स्कूल नेशनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए दोहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की। पटना में आयोजित खेलों की अंडर-17 आयु वर्ग की एथलेटिक्स में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीते। 800 और 1500 मीटर दौड़ में ज्ञान ने यह कामयाबी हासिल की।

एथलेटिक्स कोच विमल राय ने बताया कि कक्षा 11 के छात्र ज्ञान के नाम पहले भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हैं। स्कूल नेशनल में दो स्वर्ण जीतना उनके कॅरिअर की अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि रही। पहले उन्होंने 800 और फिर 1500 मीटर में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ज्ञान की सफलता पर लखनऊ स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय सेठी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि ज्ञान प्रतिभाशाली एथलीट हैं। आने वाले दिनों में वह भारत का नाम रोशन करेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे सूचना संख्या 58/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित **ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों** का संचलन निम्नवत् किया जाएगा।

गाड़ी सं. 05053/05054 गोरखपुर जं.–बान्द्रा(टर्मि.)–गोरखपुर जं. सुपरफास्ट विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)

गाड़ी सं. 05053 गोरखपुर से दिनांक 19.04.2024 से 28.06.2024 तक (शुक्रवार) को (11 फेरे) और गाड़ी सं. 05054 बान्द्रा(टर्मि.) से दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक (शनिवार) को (11 फेरे)

गाड़ी सं. 05053 गोरखपुर–बान्द्रा(टर्मि.)		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 05054 बान्द्रा(टर्मि.)–गोरखपुर–	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	09:30	गोरखपुर जं.	06:25	---
10:08	10:10	खलीलाबाद	05:12	05:15
10:35	10:40	बस्ती	04:40	04:45
11:55	12:00	गोंडा जं.	03:25	03:30
14:00	14:02	बादशाह नगर	01:18	01:20
14:30	14:40	ऐशबाग	00:45	00:55
16:05	16:10	कानपुर सेन्ट्रल	22:45	22:50
19:05	19:10	टूण्डला	18:55	19:00
20:20	20:25	आगरा किला	17:10	17:15
22:55	23:00	गंगापुर सिटी	12:50	12:55
01:00	01:05	कोटा जं.	10:40	10:45
02:18	02:20	भवानी मंडी	09:13	09:15
02:43	02:45	शामगढ़	08:48	08:50
06:15	06:25	रतलाम जं.	06:40	06:50
10:20	10:30	वडोदरा जं.	03:02	03:12
12:23	12:28	सूरत	01:36	01:41
13:20	13:22	वलसाड	23:54	23:56
13:40	13:42	वापी	23:34	23:36
16:10	16:12	पालघर	22:33	22:35
17:10	17:15	बोरीवली	21:45	21:50
18:00	---	बान्द्रा(टर्मि.)	---	21:15

रेक संरचना: एल.एस.एल.आर.डी.–01, जनरेटर–सह–लग्गेज यान–01, साधारण द्वितीय श्रेणी–20 = कुल 22 कोच

गाड़ी सं. 05303/05304 गोरखपुर–महबूबनगर–गोरखपुर विशेष गाड़ी (साप्ताहिक)

गाड़ी सं. 05303 गोरखपुर से दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक (शनिवार) को (11 फेरे) और गाड़ी सं. 05304 महबूबनगर से दिनांक 22.04.2024 से 01.07.2024 तक (सोमवार) को (11 फेरे)

गाड़ी सं. 05303 महबूबनगर–गोरखपुर		↓ स्टेशन ↑	गाड़ी सं. 05304 गोरखपुर–महबूबनगर	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	08:30	गोरखपुर	09:00	---
09:08	09:10	खलीलाबाद	07:50	07:52
09:36	09:39	बस्ती	07:15	07:20
11:00	11:05	गोंडा	05:40	05:45
13:25	13:35	ऐशबाग	03:00	03:10
15:05	15:10	कानपुर सेन्ट्रल	01:25	01:30
16:40	16:42	उरई	22:20	22:22
18:45	18:53	वीरांगना लक्ष्मीबाई जं.	21:10	21:20
23:10	23:15	भोपाल	13:45	13:50
00:45	00:55	इटारसी	11:55	12:05
06:40	06:45	नागपुर	06:30	06:35
10:00	10:05	बल्हारशाह	03:15	03:20
10:55	10:57	सिरपूर कागजनगर	01:30	01:32
11:30	11:32	बेल्लमपल्ली	01:05	01:07
12:00	12:01	रामगुंडम	00:30	00:32
13:25	13:27	काज़ीपेट जं.	22:58	23:00
15:35	15:36	मलकाजगिरी	20:45	20:46
16:15	16:30	काचीगुडा	20:10	20:25
17:20	17:21	शादनगर	18:52	18:53
18:00	18:01	जडचर्ला	18:20	18:21
19:30	---	महबूबनगर	---	18:00

रेक संरचना: जनरेटर–सह–लग्गेजयान–01, एल.एस.एल.आर.डी.–01, साधारण द्वितीय श्रेणी–03 शयनयान–03, तृतीय वातानुकूलित इकोनॉकी श्रेणी–14 = कुल 22 कोच

मुजाधि/टी–5सी मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक, गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थों को लेकर यात्रा न करें

सार-संक्षेप

देवी मां को भोग लगाते हुए विधायक जयदेवी कौशल। अमृत विचार

चुनाव में पति की जीत के लिए जयदेवी ने मांगा आशीर्वाद

अमृत विचार, लखनऊ : नवरात्र में विभूतिखंड गोमतीनगर स्थित साईं मंदिर में मां दुर्गा के भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। भक्तगण मंदिर में आकर मंदिर प्रांगण में पढ़ने वाले बच्चों के लिए भंडारे का आयोजन भी कर रहें हैं, साथ ही उन्हें पठान-पाठन के लिए स्टेशनरी भी उपलब्ध करा रहें हैं। संस्था के संस्थापक अमित शर्मा ने बताया कि मंदिर में रोज देवी मां का जयघोष हो रहा है, भक्तगणों ने पूरे मन के साथ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन के लिए देसी घी का योगदान किया। रोजाना हवन पूजन भी संपादित हो रहा है। मलिहाबाद से विधायक जयदेवी कौशल ने भी अखंड ज्योति में घी की आहुति देकर पति कौशल किशोर की लोकसभा चुनाव में जीत का आशीर्वाद लिया। केके सिंह, संजीव कृष्णा, डीके सोनी, डॉक्टर प्रीति सिंह ने भी मंदिर में आकर पुण्य अर्जित किया।

कार्यालय में पूजा करते लोग। अमृत विचार

मानव आदर्श सेवा समिति के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : मानव आदर्श सेवा समिति के स्थानीय कार्यालय वृंदावन कॉलोनी, तेलीबाग का शनिवार को उद्घाटन किया गया। पुरोहित सुब्रतो चक्रवर्ती ने धार्मिक अनुष्ठान के द्वारा कार्यालय की शुरुआत कराई। इस मौके पर समाजसेवी मुरलीधर आहूजा, अध्यक्ष रोहित अग्रवाल और संस्थापक सचिव पीके घोष प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर आयोजित हुए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव दिए। इस अवसर पर प्राकृतिक चिकित्सा वैद्य रामजी झिंगरन, आयुर्वेदाचार्य एवं फाइनेंस डिस्ट्रीब्यूटर विश्वजीत कुमार ने अपने विचार साझा किए।

भाकपा ने की आदेश वापस लेने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के उत्तर प्रदेश राज्य सचिव हीरालाल यादव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में वाराणसी पुलिस कमिश्नर के उस आदेश को घोर आपत्तिजनक और संविधान विरोधी बताते हुए तुरंत वापस लेने की मांग की है जिसमें ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को हर-हर महादेव का जय घोष करके दर्शनार्थियों का स्वागत करने के लिए कहा गया है। पुलिस, पुलिस कमिश्नर के आदेश के अनुसार काशी विश्वनाथ मंदिर में तैनात पुलिस भगवा भेष में तैनात होंगे और हर हर महादेव का जय घोष कर दर्शनार्थियों का स्वागत करेंगे। भारत का संविधान इसकी इजाजत नहीं देता है। उत्तर प्रदेश पुलिस का एक ऑफिसर इस तरह का आदेश देकर संविधान का अपमान कर रहा है। सीपीएम राज्य सचिव मंडल ने कहा है कि भाजपा सरकार का यह व्यवहार आगे चलकर वर्तमान संविधान को बदलकर इसी तरह के संविधान बनाने की भूमिका वाला लगता है। इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाए।

महोत्सव : सुंदरकांड पाठ के साथ गूंजा श्रीराम व हनुमान का जयकारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दो दिवसीय श्रीराम हनुमत महोत्सव की शुरूआत रविवार शाम बलरामपुर गार्डेन में सुंदरकांड के पाठ से हुआ। श्रद्धालु बीच-बीच में श्रीराम और हनुमान महाराज के जयकार लगा रहे थे। कार्यक्रम के दौरान सम्मान समारोह, सत्संग, हनुमत झांकी के अलावा विश्वविख्यात हनुमत संग्रहालय के दर्शन कर श्रद्धालु भक्ति में गोते लगाने लगे।

हनुमत सेवा समिति की ओर से बलरामपुर गार्डेन में दो दिवसीय श्रीराम हनुमत महोत्सव का आयोजन किया गया था। आयोजन स्थल पर बने राम दरबार का फूलों से श्रृंगार किया गया था। गोपाल मिश्र ने शाम को महोत्सव की शुरूआत सुदंरकांड के सामूहिक पाठ से की। वहीं, समिति की ओर से अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश उमेश चंद्र शर्मा ने हनुमत कृपा सम्मान से सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में आध्यात्मिक क्षेत्र में सपना गोयल और डॉ. रामकुमार तिवारी, चिकित्सा में डॉ. लवकुश, डॉ. पियूष शुक्ला और डॉ. भास्कर अग्रवाल, समाज सेवा के लिए नागेंद्र बहादुर सिंह, कुसुम वर्मा, भावना सिंह और पत्रकारिता में सत्येंद्र राय शामिल हैं।

बलरामपुर गार्डन में हनुमत सेवा समिति की ओर से श्री राम हनुमत महोत्सव में सुंदरकांड का पाठ करते गोपाल मिश्र। अमृत विचार

40 हजार तस्वीरों व मूर्तियों ने मोहा मन

आयोजन स्थल पर लिम्का और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराने वाले कृष्ण कुमार चौरसिया के संग्रह की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इसमें महाबली हनुमान की 40 हजार से अधिक तस्वीरें, मूर्तियां, सिक्के, पेटिंग और पुस्तकों को स्थान दिया गया था। इस संग्रह ने सभी को अपनी ओर खींचा। वहीं, लेटे हुए हनुमान मंदिर के सेवक डॉ. विवेक तांगड़ी ने 'और देवता चित्त न धरई, हनुमत सेई सर्व सुख करई' संकटमोचन हनुमान महाराज पर व्याख्यान दिया। प्रयागराज के जितेन्द्र बजरंगी द्वारा हनुमत भजन 'बजाये जा तू प्यारे हनुमान चुटकी' पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कई लोग उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

क्रम सं.-1, ई–प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-1-जीकेपी-जीसी-1-2024, दिनांक 10-04-2024, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय एवं संबद्ध कार्यालय के लिये जनरल कंसल्टेंसी सर्विस हेतु जनरल कंसलटेंट की नियुक्ति के प्रस्ताव के लिये अनुरोध। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹35,05,23,311.88, बयाना राशिः ₹ 19,02,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः –, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 36 महीने।

● बिड प्रारम्भ करने की तिथि दिनांक 13-05-2024 ● उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि दिनांक 27-05-2024, 15:00 बजे तक, ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 27-05-2024, 15:30 बजे ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण–1/जीकेपी, गोरखपुर

मुजाधि/डब्लू–16

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें

दुनिया चले न श्रीराम के बिना रामजी चले न हनुमान के बिना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

▸▸ संकट हरण पंचमुखी हनुमान मंदिर के 17वें स्थापना दिवस पर रही हनुमत स्तुतियों की गूंज

अमृत विचार : पुराना हैदराबाद में गोमती तट स्थित संकट हरण पंचमुखी हनुमान मन्दिर के सत्रहवें स्थापना दिवस पर सुबह सहस्रार्चन तो शाम के समय हनुमत स्तुतियों की गूंज रही। इस अवसर पर भक्तों के लिए भण्डारा भी आयोजित किया गया।

मंदिर में शनिवार की सुबह संकटहरण हनुमान जी का नये वस्त्रों और आभूषणों से श्रृंगार किया गया और फिर विधि-विधान से पं. पवन मिश्रा, पं. दिनेश दीक्षित और पं. दिनेश मिश्र ने हनुमत सहस्त्रार्चन प्रारंभ किया।

भजन संध्या में प्रेम शर्मा, डॉ. विनीता सिंह, राधे राधे और राजेश श्रीवास्तव आदि ने राम जन्मोत्सव की बधाई जनमे अवध रघुराई..., हनुमत कर दो बेड़ा पार, सियाजी का बाग सुहाना..., राम नाम सुखदाई..., राम रस बरसे मेरो अंगना..., वीर हनुमाना अति बलवाना राम नाम रसिया रे..., दुनिया चले न श्रीराम के बिना रामजी चले न हनुमान के बिना..., दुनिया में देव हजारों हैं बजरंग बली तेरा क्या कहना... जैसे मधुर भजनों से भक्ति की गंगा प्रवाहित की। ट्रस्ट के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यालय नगर पंचायत नरैनी–बांदा

पत्रांकः 384/न0पं0 नरैनी / गृहकर नामान्तरण / 2023–24 दिनांकः 12 अप्रैल 2024

सार्वजनिक सूचना

(म्यूनिसिपल एक्ट 1916 की धारा 147 (2) के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नरैनी बांदा क्षेत्रान्तर्गत स्थित भवनों के नाम परिवर्तन किये जाने है। जिस हेतु रजिस्टर्ड प्रलेख/आवेदन पत्र के प्राप्त प्रकरणों पर म्यू0एक्ट –1916 की धारा 147 (2) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत नामान्तरण की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है आपत्ति अपनी–अपनी आपत्तियां लिखित रूप से साक्ष्यों सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिन के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत नरैनी में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। तदनुसार/नियमानुसार नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। नामान्तरण कार्यवाही हेतु प्रस्तावित प्रकरण निम्नवत है।

क्र. सं.	वार्ड न0	भवन स0	विक्रयकर्ता का नाम व पिता/पति का नाम (पूरा पता)	क्रेता का नाम / पिता/ पति का नाम (पूरा पता)	नामान्तरण हेतु प्रकरण का प्रकार
1	08	–	बाबूलाल पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी– मथुरा का पुरवा नरैनी– बांदा	राजेश कुमार पुत्र बाबूलाल नि0 सुभाष नगर नरैनी बांदा	रजिस्टर्ड बैनाना
2	01	–	मनोज कुमार पुत्र त्रिभुवननाथ व आशा पुत्री सहादेव नि0 नरैनी– बांदा	धर्मराज पुत्र गगाचरन नि0 देविन नगर नरैनी– बांदा	रजिस्टर्ड नोटरी
3	08	–	लखन पुत्र भगवानदीन नि0 सुभाष नगर नरैनी– बांदा	श्रीमती सुलोचना पत्नी गणेश प्रसाद नि0 सुभाष नगर–नरैनी–बांदा	रजिस्टर्ड नोटरी
04	07	–	शिरोमणि पुत्र रामप्यारे व कौशी पत्नी दुर्जन नि0 राज नगर नरैनी– बांदा	ऊषा देवी पत्नी सुरेश कुमार नि0 राज नगर नरैनी– बांदा	रजिस्टर्ड नोटरी
05	08	–	रामसोहावन पुत्र जगन्नाथ निवासी पटेल नगर नरैनी– बांदा	सुनैना देवी पत्नी द्वारिका प्रसाद नि0 सुभाष नगर नरैनी– बांदा	रजिस्टर्ड बैनामा
06	07	–	राजकिशोर पुत्र राजाराम निवासी नरैनी–बांदा	राजकिशोर पुत्र सरजू निवासी राज नगर नरैनी–बांदा	रजिस्टर्ड बैनामा
07	03	–	मातादीन पुत्र स्व0 जगदीश नि0 कृष्ण नगर नरैनी / नौगवां तह0 नरैनी– बांदा	मइयादीन पुत्र स्व0 जगदीश नि0 कृष्ण नगर नरैनी–बांदा	रजिस्टर्ड दानपत्र
08	01	–	राम कृष्ण मिश्रा पुत्र अशोक कुमार मिश्रा नि0– देविन नगर नरैनी– बांदा	कुसमा देवी द्विवेदी पत्नी रामकिशोर	रजिस्टर्ड वैनामा
09	01	–	रामस्वरूपप पुत्र दादू पुत्र छोटा नि0 राम नगर नरैनी–बादा	राजकरन व रबीन्द्र प्रसाद पुत्रगण चन्द्रभान रामनगर नरैनी–बांदा	रजिस्टर्ड नोटरी
10	01	29	बुटूबाई उर्फ रानीबाई पत्नी चुनुवाद नि0– देविन नगर नरैनी – बांदा	चुनुबाद पुत्र सुमेरा निवासी– देविन नगर नरैनी– बांदा	वरासतन
11	10	115	मो0 वसीर पुत्र स्व0 इलाहीबक्स व तुफैल पुत्र स्व0 मो0 वसीर व इसरार पुत्र स्व0 शरीफ अहमद निवासी– नरैनी – बांदा	नफीस अहमद व अतीक अहमद पुत्र स्व0 मो0 वसीर नि0 किदवई नगर नरैनी – बांदा	वरासतन / आपसी समझौता
12	04		बलराम पुत्र कल्लू उर्फ बल्लू नि0 मोतियारी तह0 नरैनी– बांदा	सुनीता गुप्ता पत्नी सुरेश कुमार गुप्ता नि0 शास्त्री नगर नरैनी–बांदा	रजिस्टर्ड बैनामा
13	06	–	प्रेमचन्द्र सिंह पुत्र रामकुमार नि0 डोमानी गुढाकला तह0 नरैनी– बांदा	राजकुमार पुत्र रामकृपाल नि0 इन्दिरा नगर नरैनी–बांदा	रजिस्टर्ड बैनामा

अधिशाषी अधिकारी/उपजिलाधिकारी
नगर पंचायत नरैनी – बांदा

अभियान स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर-घर जाकर बांटेंगी नमक और चाय

60 फीसदी बीमारियां नमक और पानी की समस्या की वजह से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नैकाफ ने काइजन एग्रो इन्फ्रा बिल्ड लिमिटेड के साथ मिलकर राजधानी के एक होटल में सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि इंसान के जीवन में नामक की बड़ी अहमियत होती है। नमक शुद्ध मिले तो किसी भी दवा की जरूरत नहीं होती है।

सेमिनार में आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 60 फीसदी बीमारियां नमक और पानी की समस्या की वजह से आती हैं। ब्लड प्रेशर और हाइपर टेंशन की समस्या भी नमक की वजह से होती है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की देखरेख में पिछले 70 साल से नमक बनाने का काम चल रहा है। 55 हजार एकड़ में सांभर झील में नमक बनाने का काम किया जा रहा है। इस नमक को देश के हर कोने तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है क्योंकि यह नमक एंटी एसीडिक और एंटी कैन्सरस है।



कार्यक्रम को संबोधित करते नैकाफ के चेयरमैन राम इकबाल सिंह।

अमर नाथ तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड के चाम्बे विकास खंड में 300 समितियां गठित की गई हैं। भारत सरकार के उपक्रम की तरह से बनाए गए नमक और चाय की इन समितियों के माध्यम से घर-घर पहुंचाने का काम अगले हफ्ते से शुरू किया जायेगा। शालिनी ने बताया कि 10 हजार स्वयं सहायता समूह गठित किये गए हैं। नैकाफ की देखरेख में इस समूह की महिलाएं घर-घर नमक और चाय पहुंचाने का काम करेंगी।

नैकाफ के चेयरमैन राम इकबाल सिंह ने कहा कि समाज की भलाई के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। समाज का भला करने को खड़े होने वाला खुद कभी भूखा नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश में लोगों को जोड़ने का काम किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी, अशोक सिंह, अमल कुमार वर्मा, देवोजित नाग और राहुल बग्गा आदि मौजूद रहे।

एक नजर

नहर में उतराता मिला नवजात का शव

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी थाना अंतर्गत नरौना मोड़ के पास एक नवजात का शव शारदा नहर में औंधे मुंह पानी में उतराता मिला। उसे देख राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, शारदा नहर में नवजात का शव उतराता देख लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। नवजात की नाभि में नाल लगी थी। माना जा रहा है कि जन्म के बाद बच्चे को नहर में फेंक दिया गया। या फिर मृत पैदा होने पर बच्चे को फेंका गया है।

कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, मोहनलालगंज : कोतवाली क्षेत्र में युवक का शव फंदा से लटका मिला। गोविंदपुर निवासी किसान अन्नतराम ने बताया बड़ा बेटा ह्रदेश यादव (26वर्ष) मानसिक रूप से बीमार था। उसका इलाज चल रहा था। शुक्रवार देर रात गांव के कार्यक्रम में शामिल होकर ह्रदेश घर लौटा और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। शनिवार सुबह जब ह्रदेश कमरे से नहीं निकला तो आवाज दी। जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा तो अंदर पर्दा के फंदा से पंखा पर उसका शव लटका मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची तो परिजन ने आरोप से इनकार कर शव का पोस्टमार्टम से मना कर अंतिम संस्कार कर दिया।

अशोक चक्रधर को मिला केपी सक्सेना सम्मान

इस सम्मान के लिए लालायित था, चार साल तक किया इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

अमृत विचार : प्रख्यात व्यंग्यकार पद्मश्री अशोक चक्रधर को वर्ष 2024 के पद्मश्री केपी सक्सेना सम्मान से अलंकृत किया गया। केपी सक्सेना के 93वें जन्मदिवस पर आयोजित यह सम्मान समारोह उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के प्रेमचन्द सभागार में आयोजित किया गया। भाषा संस्थान के पूर्व अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुए इस सम्मान समारोह में हिन्दी संस्थान के पूर्व अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे।

अपने सम्मान के मौके पर अशोक चक्रधर ने कहा कि केपी उल्लास को भी जीते थे और अवसाद को भी जीते थे। उन्होंने कहा कि शरद जोशी ने किताबें ज्यादा पढीं औए केपी ने जिन्दगी ज्यादा पढ़ी। उन्हें कलम पर बड़ा भरोसा था। उन्होंने कहा कि हंसाना बड़ा दुर्लभ काम है बशर्ते हंसाने के लिए वर्जित शब्दों का प्रयोग न किया जाए। केपी सक्सेना के लेखन की विशेषता यह है कि उनके शब्दों में गलतियां नहीं होती थीं।

सम्मान प्राप्त करते प्रख्यात व्यंग्यकार पद्मश्री अशोक चक्रधर। अमृत विचार

अशोक चक्रधर ने कहा कि मैं पद्मश्री के लिए भी लालायित नहीं था लेकिन केपी सक्सेना सम्मान के लिए लालायित था। मैंने चार साल इस सम्मान का इन्तजार किया। कोविड के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो पाया। इस सम्मान के लिए मैं सारे कार्यक्रम रद्द कर लखनऊ आया।

वरिष्ठ व्यंग्यकार सूर्य कुमार पाण्डेय ने इस मौके पर कहा कि केपी मेरे बड़े भाई की तरह से थे। उन्होंने कहा कि जितनी विधाओं में केपी ने लिखा उतनी ही विधाओं में अशोक चक्रधर ने भी लिखा। दोनों में फर्क यह है कि केपी सक्सेना ने कभी मोबाइल और लैपटॉप का प्रयोग नहीं किया और अशोक चक्रधर ने तकनीक का खूब इस्तमाल किया। अशोक चक्रधर ने भ्रष्टाचार और समाज की कुटिलता पर खूब लिखा।

युवा व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी ने विशिष्ट शैली में केपी सक्सेना की बात की। उन्होंने कहा कि केपी ने अपने मुहावरे खुद गढ़े। दूरदर्शन के लिए पहला धारावाहिक बीबी नातियों वाली केपी ने ही लिखा। उन्होंने कहा कि जिस दौर में कवि कविताओं में हूट हो जाते थे उस दौर में केपी अपने गद्य से हिट हो जाते थे।

केपी सक्सेना की पुत्री मधुलिका सक्सेना ने केपी सक्सेना के पिता के स्वरूप को बयान किया साथ ही स्वीटजरलैंड में रह रही अपनी बेटी नेहा वर्तिका की केपी सक्सेना पर लिखी कविता सुनाई। केपी सक्सेना के पुत्र रोहित सक्सेना ने कहा कि उनका लिखने का कोई समय नहीं था। किसी भी समय उठाकर लिखना शुरू कर देते थे। 2012 में आपरेशन के बाद वह काफी कमजोर हो गए थे लेकिन किसी भी अखबार में उनका कालम कभी लेट नहीं हुआ। अस्पताल के बेड पर लेटकर भी वह लिखते रहे।

वरिष्ठ रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता डॉ. अनिल रस्तोगी ने केपी सक्सेना को बहुत शानदार अभिनेता बताया। उन्होंने बताया कि लम्बे समय तक उनके आवास में केपी सक्सेना ने अपने नाटकों का रिहर्सल किया। डॉ. अनिल मिश्र, श्याम मिश्र, राजेश अरोरा शलभ और अलंकार रस्तोगी ने भी इस मौके पर अपने विचार व्यक्त किये।

नवरात्र के अवसर पर माता के भजन गाती हुईं मीनाक्षी सिंह, सीमा सिंह। अमृत विचार

नवरात्र के 5वें दिन हुआ स्कन्दमाता का हरित श्रृंगार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

अमृत विचार : नवरात्र के पांचवें दिन शहर के मंदिरों में भक्तों ने मां स्कंदमाता की विधि विधान से स्तुति की। मां की आरती कर उन्हें भोग लगाया। घरों व मंदिरों में मां के गीत बिगड़ी मेरी बना दे, ऐ शेरो वाली मैया बिगड़ी मेरी बना दे... गूंजते रहे।

बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ धाम में वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना हुई। मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। यह स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता हैं। इन्हें स्कंद की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कंदमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्र पूजा के पांचवें दिन की जाती है।

मां का हरितांबर श्रृंगार हुआ। पिंडी पूजन आचार्य धनंजय पांडे ने संपन्न कराया। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों व रंगों में पूजा अर्चना की जाती है. शाम के समय भजन कीर्तन के आयोजन किए गए। भजन की शुरुआत पुष्पा, आकांक्षा, गीता, वंदना, कुमकुम ने मैया पहाड़ों वाली के भजन सुनाये।

शास्त्री नगर स्थित मां दुर्गा मंदिर में नवरात्र के पांचवें दिन मां का भवन अनाज के पैकटों से भव्य तरीके से सजाया गया।

बैठक के दौरान मौजूद पर्वतीय महापरिषद के पदाधिकारी व साहित्यकार। अमृत विचार

पर्वतीय महापरिषद ने किया स्याल्दे बिखौती मेले का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

अमृत विचार : पर्वतीय महापरिषद की गोमती नगर शाखा के तत्वावधान में शनिवार को महापरिषद भवन गोमती नगर में पौराणिक एवं एतिहासिक स्याल्दे बिखौती मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद मुख्य संयोजक टीएस मनराल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में केएन चंदोला, प्रो. आरसी, एनके उपाध्याय और सुमन सिंह रावत की मौजूदगी रही। अतिथियों का माल्यार्पण कर शाखा अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोरा सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने स्वागत किया। शाखा गोमतीनगर के संरक्षक गोपाल दत्त गरवाल, टीडी पपने, हरीश कांडपाल की मौजूदगी भी उल्लेखनीय रही।

स्याल्दे बिखौती मेला के अवसर पर पारम्परिक चैती लोकगीत, झोड़ा नृत्य, चांचरी गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किये गये। जिनमें घुघुती बासण लैगे मेरा मैत की चैती गीत प्रस्तुत किया गया तथा कलाकारों ने बारामासा गीत भी प्रस्तुत किया। सातों आठों प्रोडक्शन के निदेशक चंचल सिंह बोरा के नये उत्तराखण्डी एलबम स्याल्दे बिखौती को भी इस अवसर पर लांच किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ वन्दना गीत. दैंणा होया खोली का गणेशा के साथ हुआ. इस अवसर पर सुरेन्द्र राजेश्वरी, आनन्द कपकोटी, सरोज खुल्बे, दीपक रावत सहित अनेक कलाकारों ने गीत प्रस्तुत किये। महिलाओं ने सामूहिक झोड़ा नृत्य किया। मेला परिसर में 200 महिलाओं एवं पुरुषों ने झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर पर्वतीय महापरिषद के पदाधिकारीगण, साहित्यकार, समाज सेवी आदि मौजूद रहे जिनमें ज्ञान पंत, महेन्द्र पंत, बिशन दत्त जोशी, जीडी भट्ट, धन सिंह मेहता, केएन पाठक, कृष्ण चन्द्र पंत, देवेन्द्र मिश्रा, जितेन्द्र उपाध्याय, बसंत भट्ट, शंकर पाण्डेय, बलवंत वॉणगी, हरीश चन्द्र भट्ट, गंगा भट्ट, चित्रा काण्डपाल, विमला बोरा, राधिका बोरा, आशा धौनी, दीपा भट्ट, नन्दा रावत, सुमन मनराल, माया भट्ट, वीरेन्द्र सिंह बिष्ट और सुनील किमोठी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

यदि आदेश न मानने की मंशा नहीं तो उसके अनुपालन में देरी अवमानना नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **हाईकोर्ट ने अवमानना मामले में दिया आदेश**

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा है कि किसी आदेश की अवमानना हुई है या नहीं यह तय करने के लिए यह देखना अनिवार्य है कि क्या आदेश का अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार अफसर या किसी अन्य व्यक्ति ने प्रश्नगत आदेश की जानबूझकर अवहेलना किया है। न्यायालय ने कहा कि यदि मामले के परिस्थितियों से स्पष्ट होता है कि जानबूझकर अदालती आदेश की अवमानना नहीं की गई अपितु आदेश का अनुपालन किन्हीं ऐसी परिस्थितियों के चलते नहीं हो सका जो कि आदेश का अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार अफसर या व्यक्ति के सामर्थ्य में नहीं दी, तो यह अवमानना नहीं है। यह कहते हुए न्यायालय ने 2017 में दाखिल की गई एक अवमानना याचिका को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने राजेंद्र सिंह आदि की ओर से दाखिल अवमानना याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

याचीगण एलडीए में जूनियर इंजीनियर थे। 1992 में हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सुनवाई करके पारित आदेश में कई निर्देश जारी करते हुए यह भी कहा था कि एलडीए उनके विनियमितीकरण पर विचार करके आदेश जारी करे। याचियों की ओर से अवमानना याचिका दाखिल कर कहा गया कि उनके विनियमितीकरण पर 2003 में विचार किया गया तथा 11 साल तक जानबूझकर हाई कोर्ट के आदेश की अवमानना की गयी।

कोर्ट ने सारी परिस्थितियों पर विचार करने के बाद पाया कि 1992 में पारित आदेश में विनियमितीकरण के लिए समय की बाध्यता नहीं थी। यह भी पाया कि मामले में सुप्रीम कोर्ट तक लंबी कानूनी लड़ाई चली और विनियमितीकरण के लिए नियमावली न होने के कारण आदेश का अनुपालन करने में विलंब हुआ।

सार-संक्षेप

संत कंवर राम जन्मोत्सव पर किया रक्त दान

अमृत विचार, लखनऊ : शनिवार को संतकंवर राम जी के 139वें जन्म उत्सव पर रक्तदान शिविर व भंडारे का आयोजन किया गया। सिंधू सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, सुरेश छबलानी ने सिन्धी समाज को एक जुट होकर मतदान करने की अपील की। गुरु माता दयाली देवी मंडल के प्रीतम वालेचा और हैप्पी कुकरेजा विनय मलानी ने बताया कि ब्लड डोनेशन में 100 से ज्यादा लोगों ने योगदान दिया। पूर्व विधायक सुरेश तिवारी सहित होटल व्यवसाई श्याम कृष्नानी, अशोक मोतियानी सुरेश छबलानी को संत कंवर राम की संस्था ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। हरीश मलानी, नानक चंद लखमानी उपस्थित थे।

समाजसेवियों ने किया गरीब लड़की का कन्यादान

अमृत विचार, मोहनलालगंज : सिसेण्डी के रहने वाले संजय बीमारी से जूझ रहे है। पत्नी की एक साल पहले मौत हो गयी थी और पिता दिव्यांग हैं। संजय की एक बेटी खुशी है। जिसके विवाह की पूरी जिम्मेदारी खुशी की दादी पर आ गई। ऐसे मे तंगहाली के कारण दादी ने पौत्री का रिश्ता तय कर लोगों से मदद की गुहार लगाई। जिसके बाद समाजसेवी हंसराज व ललित दीक्षित मदद को आगे आए और विवाह में आर्थिक मदद के साथ कन्यादान किया। मनीष सिंह, कौशल मिश्रा, प्रदीप सिंह, ज्ञानेंद्र पाल, विपिन शर्मा, अभय सिंह जय सिंह मौजूद रहे।

छात्रों ने किया मतदान के प्रति जागरूक

अमृत विचार, काकोरी : शनिवार को बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज काकोरी में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों अभिभावकों, शिक्षकों तथा छात्रों ने मतदान करने और कराने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया व मानव श्रृंखला बनाई।

कर्मचारियों का हित चाहने वालों के पक्ष में करें मतदान : वीपी मिश्र

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) ने सभी कर्मचारियों से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान की अपील करते हुए कहा कि जो प्रत्याशी कर्मचारियों की मांगें पूरी करें। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा, कर्मचारियों के रूझान से परिणाम प्रभावित होते हैं। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने कहा कि देश में ऐसी सरकार का गठन होना चाहिए, जो मूलभूत समस्याओं का हल निकालने का संकल्प ले।

ईशा-मीशा के कथक नृत्य ने नये कोलाज रचे

अमृत विचार, लखनऊ : तुलसी शोध संस्थान और राम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में तुलसी रंगमंच रामलीला परिसर ऐशबाग में चल रहे भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में कथक नृत्य के नवीन कोलाज रचे गए। शुरुआत सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के विद्यार्थियों ने अमित गुप्ता और सुगंध बख्शी के नृत्य निर्देशन में नृत्य प्रस्तुत कर की। सान्वी ने कालबेलिया नृत्य, जाह्नवी व अक्षरा ने युगल नृत्य और वंशिका यादव ने नृत्य से भक्ति भावना का संचार किया। नेहा वर्मा के नृत्य निर्देशन में वैष्णवी डांस एकेडमी के कलाकारों वैष्णवी वर्मा, तान्या सक्सेना, कुसमा, पारुल यादव, चेष्टा श्रीवास्तव, इरीना सिन्हा, नित्या यादव, अनुष्का मौर्य, शानवी सिंह, आरविता रघुवंशी, मानसी, शक्ति सैनी और तृषा ने अवधी लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

बच्चे ने ऑटो का एक्सीलेटर खींचा, सिटी बस में फंसा

अमृत विचार, सरोजनीनगर : राजधानी में बड़ा हादसा टला है। पानी पीने गये ऑटो चालक की बगल में बैठे बच्चे ने एक्सीलेटर खींच दिया। फर्राटा भरते ऑटो ने बगल में चल रहे ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा का हैंडल सिटी बस में फंस करीब 500 मीटर घिसटते चला गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। सरोजनीनगर इलाके में ई-ऑटो चालक शनिवार को परिवार के सदस्यों को लेकर नादरगंज की ओर से बाग नंबर- दो की तरफ जा रहा था। अमौसी मेट्रो स्टेशन के पास ऑटो खड़ा कर चालक पानी पीने चला गया। इसी दौरान ऑटो की अगली सीट पर बैठे 8 वर्षीय लड़के ने उसे स्टार्ट कर एक्सीलेटर घुमा दिया। इससे ई- ऑटो बगल से गुजर रहे ई रिक्शा से जा भिड़ा। हादसे में ई रिक्शा का हैंडल बगल से गुजर रही सिटी बस के पिछले पहिया में फंस गया। शोर सुन चालक ने बस रोकी तो ई-रिक्शा चालक सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी कल्लू (55) उछलकर दूर जा गिरा। ई रिक्शा बस में फंस काफी दूर तक घिसटता चला गया। जिसे बस चालक ने अलग किया।

पुराने महानगर में लो वोल्टेज, उपभोक्ता रहे परेशान

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रांसगोमती के पुराने महानगर और आसपास के इलाकों में शनिवार को दिनभर लो वोल्टेज रहा। जिसके चलते लोगों को पानी समेत कई समस्याओं से जूझना पड़ा। स्थानीय निवासियों के अनुसार अनुरक्षण कार्य हो जाने के बाद भी क्षेत्र में आए दिन लो वोल्टेज रहता है। उपकेंद्र पर शिकायत के बाद भी निदान नही हुआ। पुराने महानगर, छप्परतल्ला और उसके आसपास के इलाके में आठ बजे लो वोल्टेज हो गया। पुराना महानगर निवासी अनुराग ने बताया कि सुबह से ही बिजली की आवाजाही शुरू हो गई। अचानक लो वोल्टज हो गया। जिसके घरों में लगे टुल्लू पंप को नही चला सके। पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ा।

कांग्रेस के स्टार प्रचारक चुनाव मैदान से गायब

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में पहले चरण का चुनाव प्रचार चरम पर है, पर अभी तक कांग्रेस का कोई बड़ा नेता चुनाव प्रचार पर नहीं उतरा है। पार्टी की ओर से घोषित स्टार प्रचारक चुनाव मैदान से गायब हैं। पहले चरण के लिए मतदान 19 अप्रैल को है, पर अभी तक स्टार प्रचारक कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व अन्य नेताओं की जनसभा नहीं हुई है, जबकि पहले चरण के लिए 17 अप्रैल को प्रचार थमेगा। हालांकि, पहले चरण में कांग्रेस की सिर्फ एक सीट सहारनपुर से चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस की ओर से इमरान मसूद प्रत्याशी हैं। प्रदेश कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 16 अप्रैल को प्रियंका गांधी की सहारनपुर में रोड शो की तैयारी है।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : सरोजनीनगर के हरौनी ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बने अवैध निर्माण को पीडब्ल्यूडर ने शनिवार को बुलडोजर से जमीदोज कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के विरोध में स्थानीय लोगों ने हंगामा किया, लेकिन जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम ने मोर्चा संभाला। जिससे लोगों हंगामा नहीं कर सके। दरअसल, लखनऊ-कानपुर रेल सेक्शन पर हरौनी क्रॉसिंग से सुबह से शाम तक 60 ट्रेन गुजरती है। इसमें 15-20 मिनट बद फाटक बंद हो जाता है। जिससे लोगों को काफी जद्दोजहत का सामाना करना पड़ता है।

कोतवाली परिसर से जबरन मालिक उठा ले गया कार

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज कोतवाली में दाखिल लावारिस कार को मालिक कोतवाली परिसर से जबरन उठा ले गया। पुलिस का दावा है कि कार मलिक ने संतरी से अभद्रता की। हालांकि कोतवाली में पहरा दे रहे संतरी ने कार गायब होने के दो दिन बाद मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि बीते 9 अप्रैल को यातायात मुख्य आरक्षी शमशेर सरोज ने एक्सयूवी कार यूपी 32 एफआर 6099 लावारिस हालत में थाने में दाखिल कराया था।

सिंचाई विभाग ने गोमती बैराज का एक नंबर गेट बाहर निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिंचाई विभाग ने शनिवार को गोमती बैराज का जर्जर हो चुका गेट नंबर एक हैवी मशीनों की मदद से बाहर निकाल दिया। रविवार को नया गेट लगाने का काम शुरू होगा। यह गेट फिट करने के बाद गेट नंबर 9 बदला जाएगा। इसकी जगह दूसरा नया गेट लगाया जाएगा। 25 अप्रैल तक सिंचाई विभाग को काम पूरा करना है।

1090 चौराहा स्थित गोमती बैराज में नौ गेट हैं। सभी गेट पुराने हो चुके हैं लेकिन इनमें गेट नंबर एक और नौ की मरम्मत जरूरी थी। इसके लिए सिंचाई विभाग ने 9 अप्रैल से काम शुरू कर दिया है। पुराने और जर्जर हो चुके गेट नंबर एक और नौ बदले जाने हैं। इनसे पानी रिसता है, जिससे गर्मी में गोमती का जलस्तर गिरने लगता है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यप्रिय ने बताया कि गेट नंबर एक बाहर निकाल लिया गया है। रविवार से नया गेट लगाया जाएगा। पूरी फिटिंग हो जाने के बाद गेट नंबर 9 को बाहर निकाला जाएगा। इसकी जगह दूसरा नया गेट लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गऊघाट के पास बनाये गए नये बंधे से जलस्तर मेनटेन किया जा रहा है। गऊघाट पम्पिंग स्टेशन पर जलापूर्ति के लिए आवश्यकता 340 फिट की है लेकिन 349 फिट जलस्तर बना हुआ है। जो सवा दो फिट अधिक है।

अपोलोमेडिक्स में कैंसर रोगियों के लिए शुरू हो गई प्रोटॉन थेरेपी ओपीडी

अमृत विचार, लखनऊ : गंभीर कैंसर रोगियों को बहुत ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि लखनऊ में प्रोटॉन थेरेपी से इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। अपोलो अस्पताल में प्रोटॉन थेरेपी ओपीडी शुरू कर दी गई है। इस थेरेपी से इलाज में केवल कैंसर सेल खत्म होते हैं,आसपास के टिशू को बहुत कम नुकसान होते हैं। यह जानकारी शनिवार को प्रोटॉन थेरेपी यूनिट की हेड डॉ. सपना नांगिया ने द। उन्होंने बताया कि इस थेरेपी से कैंसर रोगियों में हेड व नेक, स्कल बेस ट्यूमर, स्तन, फेफड़े, सार्कोमा, प्रोस्टेट और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर का इलाज आसान और कारगर हो गया है। प्रोटॉन थेरेपी के संबन्ध में डॉ.नागिया ने बताया कि प्रोटॉन थेरेपी सकारात्मक रूप से चार्ज किए गए प्रोटॉन कणों को एक्स-रे माध्यम से कैंसर सेल पर भेजते हैं। ये किरणें ट्यूमर के समीप सामान्य ऊतकों (टिशू) को अपेक्षाकृत कम विकिरण प्राप्त होता है।

छोटी आंत में रिसाव से लिवर सिरोसिस से पीड़ित बच्चे बार-बार पड़ते हैं बीमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **डॉ. मोइनाक सेन शर्मा के शोध में हुआ खुलासा, जापान में इन्वेस्टिगेटर अवार्ड से किया गया सम्मानित**

अमृत विचार : संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मोइनाक सेन शर्मा को जापान के क्योटो में इन्वेस्टिगेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. मोइनाक को यह सम्मान लिवर सिरोसिस से पीड़ित बच्चों के बार-बार बीमार पड़ने के कारणों का पता लगाने के लिए मिला है।

डॉ. शर्मा ने बताया है कि लिवर सिरोसिस से पीड़ित बच्चों को कई बार गंभीर संक्रमण हो जाता है। जिससे वह बार-बार बीमार पड़ते हैं। ऐसे बच्चों को बीमारी से बचाने के लिए शोध किया गया। जिसमें यह निकल कर सामने आया कि छोटी आंत में रिसाव से बैक्टीरिया ब्लड में पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि शोध में 6 साल से 18 साल तक के करीब 55 बच्चों को शामिल किया गया था। इन बच्चों को कब्ज दूर करने की दवा दी गई। दवा छोटी आंत से रिसाव होने के चलते ब्लड में पहुंच गई और यूरिन के रास्ते बाहर निकली। यूरिन जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि आंत में छलनी बन गई है। जिससे दवा ब्लड से होते हुए यूरिन में पहुंची है। इसी तरह लिवर सिरोसिस से पीड़ित बच्चों के ब्लड में छोटी आंत में मौजूद बैक्टीरिया भी रिसाव के कारण पहुंच जाते हैं और बच्चे बार-बार संक्रमित होकर बीमार पड़ते हैं।

छोटी आंत में क्यों होता है रिसाव

डॉ. शर्मा ने बताया कि जब बच्चा लिवर सिरोसिस से पीड़ित होता है, तो छोटी आंत पर बहुत दबाव पड़ता है। जिससे आंत में छलनी बन जाती है। वहीं से बैक्टीरिया का रिसाव होने लगता है। इस रिसाव को रोकने के लिए दवाओं के साथ बच्चों को प्रोटीन युक्त भोजन देने की आवश्यकता होती है।

उनकी जुबां पर लगा रहे बंदिश, जिन्होंने बोलना सिखाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **दो दिवसीय प्रसून साहित्य उत्सव – 2024**

अमृत विचार : शिक्षाविद एवं कवि पारसनाथ पाठक प्रसून की स्मृति में पारस बेला न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रसून साहित्य उत्सव - 2024 में हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार सुरेश सलिल, डॉ. राम दरश मिश्र, नरेश सक्सेना, सोम ठाकुर, डॉ. विद्या विंदु सिंह तथा अष्टभुजा शुक्ल को पारस शिखर सम्मान से विभूषित किया गया। सुरेश सलिल को यह सम्मान मरणोपरांत मिला, जिसे उनके पुत्र संगम पांडेय ने ग्रहण किया।

डॉ. राम दरश मिश्र एवं नरेश सक्सेना को उनके घर पर जाकर सम्मान दिया जाएगा। समारोह में कवि, लेखक एवं दर्शन शास्त्र के अध्येता डॉ. अनिल कुमार पाठक की दो काव्य कृतियों प्राण मेरे तथा बचपन से पचपन का लोकार्पण किया गया। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे सभागार में आयोजित इस समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव डॉ. शम्भु नाथ रहे तथा अध्यक्षता हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक एवं पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने की।

कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में आचार्य सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि इस समारोह के तीन महत्वपूर्ण पक्ष हैं एक तो हिंदी के छह वरिष्ठ कवियों का सम्मान और दूसरा पक्ष है डॉ. अनिल कुमार पाठक की दो कृतियों का लोकार्पण। तीसरा पक्ष कवि सम्मेलन का है। मुझे प्रसन्नता है कि सम्मान समारोह में सम्मान करते हुए समकालीन हिंदी कविता के प्रत्येक पक्ष पर ध्यान दिया गया है। पुरस्कृत कवियों में सुरेश सलिल इस बीच काव्योत्सव में जो अंतराल हुआ उसी अवधि में हमसे दूर चले गए। आज के समारोह में डॉ. अनिल कुमार पाठक की काव्य कृतियों प्राण मेरे, बचपन से बचपन लोकार्पित हुईं। इसके पूर्व इनकी दो कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। इन कृतियों के माध्यम से पाठक की काव्य यात्रा के विभिन्न मोड़ों और प्रयोगों को देखा जा सकता है, जो उन्हें पढ़ेंगे वह महसूस करेंगे कि वह वरिष्ठ प्रशासक होने के साथ संवेदनशील कवि हैं। मातृ पितृ प्रेम का उन्होंने नया नमूना प्रस्तुत किया है। समूचा प्रसून साहित्य उत्सव उनकी पितृ भक्ति का अविरल उदाहरण है।

पूर्व मुख्य सचिव डॉ. शम्भु नाथ ने कहा कि जिनका सम्मान किया गया है उनके जीवन के बारे में जानना चाहिए। इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ. अनिल कुमार पाठक की पुस्तक बचपन से बचपन पर उन्होंने कहा कि यह पुस्तक काव्यात्मक आत्मकथा है। ताजगी लिए हुए यह कविताएं साहित्य के लिए अमूल्य साबित होंगी। उन्होंने कीट्स इलियट की एक पंक्ति का उल्लेख किया कहा कि कवि महान नहीं होता कविता महान होती है।

कार्यक्रम पारस बेला न्यास लखनऊ एवं अनुष्ठान मुम्बई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सम्मानित हुई विभूतियों अष्टभुजा शुक्ल एवं डॉ. विद्या विंदु सिंह तथा संगम पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना, डॉ. सोम ठाकुर, डॉ. सुरेश अवस्थी, श्लेष गौतम और अभिषेक सहज ने काव्य पाठ किया कवि सम्मेलन की अध्यक्षता सोम ठाकुर ने की। कार्यक्रम का संचालन आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।

कवि सम्मेलन में डॉ. विष्णु सक्सेना, अभिषेक सहज, डॉ. श्लेष गौतम, डॉ. सुरेश अवस्थी ने ने अपनी रचनाएं सुनाईं।

आरोपियों की संपत्तियों की जांच शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामला**

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक गिरफ्त में आए नौ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। थानों को निर्देश दिया गया है कि इन आरोपियों की संपत्तियों की एक-एक जानकारी खंगाल कर भेजी जाय। ऐसी स्थिति में आरोपियों से संबंधित जिलों में जांच शुरू हो गई है। इसके अलावा आरोपियों की आय के वैध स्रोत, इनके प्रतिष्ठानों और अन्य तरह की संपत्तियों की डिटेल भी एकत्रित की जा रही है।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक इन आरोपियों को शिक्षा माफिया घोषित कर कार्रवाई की जाएगी, जिससे कि इन्हें अधिक से अधिक सजा मिल सके।

गौरतलब हो कि मेरठ एसटीएफ द्वारा कार्रवाई करते हुए अब तक नौ शातिरों को आरोपी बनाया गया है। इनमें से मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा एवं रवि अत्री के अलावा गुरुग्राम स्थित ग्रीन हवेली रिसॉर्ट के मालिक सतीश धनखड़, मध्य प्रदेश के रीवा स्थित महाशक्ति रिसॉर्ट के मालिक, पटना के अतुल वत्स, विशाल चौरसिया, जौनपुर के अजीत चौहान, बागपत के नीटू, शामली के अरविंद राणा, अलवर के बलराम गुर्जर, झज्झर हरियाणा के मोनू ढाकला, सिपाही विक्रम पहल शामिल हैं।

एसटीएफ अफसरों का कहना है कि अब तक जो पेपर लीक होते थे, उसमें पकड़े जाने पर सजा होती थी, लेकिन बाद में यही आरोपी छूट जाते थे। लेकिन इसबार ऐसा नहीं होगा। इनको सख्त सजा दिलाई जाएगी, जिससे कोई दोबारा इस तरह की गलती न करे।

एक नजर

देवा में असलहा फैक्ट्री का खुलासा, एक गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : बीते दिनों पुलिस पुलिस ने देवा में असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ में पता चला कि रामसनेहीघाट के सिसौना रोड स्थित हथौधा में एक गिरोह असलहों का निर्माण कर तीन हजार रुपये में बेचता है। रामसनेहीघाट पुलिस ने शिवगढ़ सिसौना के जंगल से असलहों को बनाने वाले अपराधी सीतापुर निवासी चन्द्रिका को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कारतूस व 10 असलहे सहित असलहा बनाने में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण के साथ ही सात अर्द्धनिर्मित असलहे बरामद किये।

हैदरगढ़-रायबरेली के बीच बस संचालन शुरू

हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार : रायबरेली डिपो द्वारा बंद की गई बस सेवा बहाल हो गई है। 9 वर्ष पूर्व रायबरेली डिपो द्वारा बंद कर दी गई थी। है। सुबह 7बजकर 15 मिनट पर हैदरगढ़ से प्रस्थान करने वाली यह बस दोबारा 2 :30 बजे पुन : रायबरेली के लिए प्रस्थान करेगी। इसके अलावा रायबरेली से हैदरगढ़ आने वाले यात्री दोपहर 12 :00 बजे एवं शाम 5 :00 बजे इस बस सेवा का लाभ उठा सकेंगे।

ट्रक से टकरायी कार, चार लोग हुए घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शनिवार की तड़के करीब तीन बजे आगे जा रहे ट्रक से कार टकरा गयी। हादसे में चार लोग घायल हो गए। दिल्ली से कार से अपने दो साथियों के राकेश (28) एवं शंकर (28) बिहार जा रहे थे। यूपीडा की एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते डाक्टरों ने दो लोगों को राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

बासी भोजन खाने से 35 लोग बीमार

बाराबंकी के भोजपुर गांव में बच्चे के मुंडन संस्कार में शामिल होने आए थे

बनीकोडर, बाराबंकी

अमृत विचार : विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर गांव में शुक्रवार को दावत में आए लोगों ने बासी खाना खा लिया। इससे देर रात सभी फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गये । एक-एक करके 35 लोग इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराए गये। इलाज के करीब दो घंटे बाद जब मरीजों की हालत सामान्य होना शुरू हुई। तब जाकर डाक्टरों ने राहत की सांस ली। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट रामआसरे वर्मा व क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र तत्काल मौके पर पहुंचे और मरीजों का हालचाल जाना।

फूड प्वाइजनिंग के बाद सीएचसी में भर्ती मरीज। अमृत विचार

रामसनेहीघाट क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर मजरे सादुल्लापुर गांव में राहुल कुमार के घर में बच्चे का मुंडन संस्कार था। शुक्रवार को रिश्तेदार व अन्य लोग पहुंचे थे। दिन में सभी कोटवा सड़क मुंडन कराने निकले और देर शाम वापस लौटे। लौटने के बाद सभी ने दिन का बचा खाना खा लिया। देर रात करीब 2 बजे सभी लोगों को उल्टी, पेट दर्द और दस्त की शिकायत शुरू हुई। शनिवार भोर में ही सभी बीमार लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी बनीकोडर लाया गया। सीएचसी में अचानक पहुंचे इतने मरीजों को देखकर डाक्टरों में अफरा-तफरी मत गई।

> फूड प्वाइजनिंग की वजह से छोटे-बड़े मिलाकर 35 मरीज अस्पताल लाये गए थे। यहां पर उन सभी का इलाज किया गया। हालत में सुधार होने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया।
>
> -डॉ. अमरेश वर्मा, अधीक्षक, सीएचसी बनीकोडर

सीएचसी अधीक्षक डा. अमरेश वर्मा ने अपने पूरे स्टाफ को बुलाकर पीड़ितों का इलाज शुरू कराया। दो घंटे बाद जब लोगों की हालत में सुधार होना शुरू हुआ, तब जाकर कहीं अस्पताल प्रशासन ने राहत की सांस ली। देर शाम तक सभी को डिस्चार्ज भी कर दिया गया।

राम मंदिर के स्वरूप में दिखेंगे अयोध्या के आंगनबाड़ी केंद्र

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : अयोध्या पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शनिवार को बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को राम मंदिर का स्वरूप दिया जाएगा। वो बड़ी छावनी के मैदान में प्रख्यात कथाकार रमेश ओझा के आयोजित रामकथा में पहुंची थीं। उन्होंने रामलला के दर्शन भी किये। इसके बाद अधिकारियों से पूछा कि दिव्य और भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों की संख्या में लोग अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में आसपास छोटे-छोटे भूखे बच्चे घूमेंगे तो लोग क्या सोचेंगे ? कहा कि ऐसे में उन्होंने सोचा है कि अयोध्या नगर सहित संपूर्ण जिले में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र हैं उनका कायाकल्प करवाना है। सुंदर, शिक्षा के लिए आवश्यकताओं से सुसज्जित होकर स्थापित किए गए आंगनबाड़ी केंद्र से ही धीरे-धीरे बच्चे आगे बढ़ेंगे और एक विकसित भारत के मार्ग को प्रशस्त करेंगे।

रामनवमी पर 11 पुजारी करेंगे रामलला का श्रृंगार और पूजन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : रामनवमी के दिन रामलला पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। रामलला को तैयार करने के लिए 11 पुजारियों की टीम बनाई गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दी है।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार भव्य मंदिर में रामलला के जन्मोत्सव को मनाया जाएगा। इसके लिए पूरे मंदिर को सजाया जा रहा है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि रामनवमी के दिन भगवान के जन्मोत्सव पर विशेष श्रंगार किया जाएगा। सुबह 3:30 बजे मंगल आरती के बाद जलाभिषेक, पंचामृत अभिषेक कराया जाएगा। इसके बाद विशेष

चांदी और सोने के वर्क से तैयार किए गए पीले वस्त्र धारण कराए जाएंगे। प्रभु रामलला पांच वर्षीय राज कुमार के रूप में विराजमान हैं इसलिए श्रंगार में सोने के हार और सोने का मुकुट धारण कराया जाएगा। सुबह पांच बजे श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपाट खोल दिया जाएगा। जन्मोत्सव के दिन दोपहर 11:45 बजते ही कपाट बंद कर पुजारियों की टीम रामलला का श्रंगार करेगी।

अयोध्या: भीषण धमाके में घर जमींदोज, एक की मौत

प्रियंका (फाइल फोटो)

- एक ही परिवार की वृद्धा समेत छह लोग घायल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पूराकलंदर थाना के कल्याण भदरसा के मजरे पगला भारी में शनिवार शाम धमाके में एक मकान जमींदोज हो गया। इस हादसे में एक युवती की मौत हो गई जबकि एक ही परिवार के वृद्धा समेत सभी छह लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मलबे के आसपास कुछ पटाखे भी मिले हैं। पुलिस और परिवार ने रसोई गैस सिलिंडर से धमाके की आशंका जताई है।

पुलिस के अनुसार पगला भारी गांव निवासी राम कुमार गुप्ता अपने पुराने दो मंजिला मकान में रहते है। इसके निचले हिस्से में आटा चक्की चलती है। शनिवार शाम लगभग चार बजे अचानक मकान में तेज धमाका हुआ और दाहिने हिस्से की दीवार, छत और दीवार टुकड़े-टुकड़े हो गई। तेज धमाके की आवाज के बाद आसपास के लोग दौड़े और पुलिस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि धमाके में मौके पर स्कूटी से आटा लेने आई इसी गांव निवासी रामकुमार कोरी की 18 वर्षीय पुत्री प्रियंका दरवाजे और मलबे के साथ उछल कर दूर जा गिरी। गंभीर घायल प्रियंका समेत मकान मालिक राम कुमार गुप्ता, उनकी मां शिवपता, पत्नी बिंदु गुप्ता, पुत्री नौ वर्षीय ईशी, पुत्र छह वर्षीय लव व तीन वर्षीय यश को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया। वृद्ध शिवपता को हायर सेंटर रेफर किया है। धमाके से आसपास के मकानों में दरार आई है।

आग से डेढ़ लाख की नकदी जली

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के दतौली चंदा गांव में हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग के किनारे स्थित एक छप्परनुमा मकान में शनिवार की सुबह आग लग जाने से लाखों की नगदी, जेवरात एवं गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। गृहस्वामी के पुत्र की शादी 25 अप्रैल को होनी है।

बालकराम शिल्पकार व उनका परिवार सड़क के किनारे स्थित झोपड़ीनुमा मकान में रहता है। सुबह लगभग नौ बजे छप्पर के ऊपर से गुजरी बिजली की लाइन से हुए शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। घर के लोग जब तक कुछ समझ पाते आग ने भयानक रूप धारण कर लिया।

बेटी की डोली उठने से पहले ही उठी पिता की अर्थी

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार: रामनगर के सैदनपुर गांव में बेटी की शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं जब पता चला

कि पिता की कुएं में गिरने से मौत हो गयी। शादी की खुशी और जश्न में डूबे परिवार में सहसा सिसकियां सुनाई देने लगीं। गांव निवासी अनिल (45) की बेटी की शादी शनिवार को थी। वह परिजिनों के साथ पिछले कई दिनों से शादी की तैयारियों में लगे हुए थे। वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए सारे नाते-रिश्तेदार आ चुके थे। शुक्रवार रात घर के पास ही अनिल कुएं की जगत पर थककर बैठे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह कुएं में गिर गये जिससे उनकी मौत हो गयी।

इधर पिता का पोस्टमार्टम उधर हुई बेटी की शादी

बेटी की शादी से पहले पिता की मौत ने सभी को हिला कर रख दिया। शनिवार को बेटी की बारात आने वाली थी और शुक्रवार की रात पिता की मौत से पूरा माहौल गमगीन हो गया। इधर पिता के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम हो रहा था और उधर बेटी की शादी की तैयारी। बरात तो आई लेकिन औपचारिकता के बीच बेटी की शादी कर उसे विदा कर दिया गया।

आईपीएल: सट्टा गैंग को पुलिस ने पकड़ा

संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार। क्राइम ब्रांच की टीम ने एक होटल में छापेमारी कर आईपीएल में सट्टा लगवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 19 लाख की नकदी बरामद की है। विदेशी खातों से ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले हैं। इस छापेमारी में तीन सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। सट्टेबाजी का खुलासा करते हुए डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव व एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र में स्थित होटल मे-फेयर के रूम नंबर 103 में आईपीएल सट्टेबाज गैंग के बारे में जानकारी मिली थी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे फोर्स के साथ छापेमारी की गई, जहां पुलिस ने लक्ष्मी विला केशवनगर निवासी सुमित आनंद उर्फ सोमू, कानपुर देहात के मूसानगर थाना क्षेत्र के गौसगंज हाल पता साकेत नगर निवासी राहुल गुप्ता उर्फ मुदित और बर्रा के हरदेव नगर निवासी सुमित गुप्ता को गिरफ्तार किया गया।

नौगढ़ से सोनौली बार्डर तक जल्द शुरू होगी बस सेवा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। नौगढ़ से सोनौली बार्डर तक बस चलाने के लिए परिवहन विभाग ने कवायद शुरु कर दी है। नौगढ़ से सोहांस व लोटन होते हुए सोनौली बार्डर तक सर्वे पूरा हो गया है। बस संचालित होने से यात्रियों को सहुलियत होगी। महराजगंज में स्थित सोनौली बार्डर पर प्रतिदिन सैकड़ों विदेशी पर्यटक आते हैं। इससे सिद्धार्थनगर के लिए बस का संचालन होने से जिले में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जिले के लोटन ब्लॉक से प्रतिदिन सैकड़ों लोग तहसील व जिले के कार्यों के लिए आते हैं। लेकिन बस का संचालन नहीं होने से यात्रियों को प्राइवेट वाहनों का सहारा लेना पड़ता हैं। रोडवेज बसों का संचालन होने से जिले में पर्यटकों को भी आने में आसानी होगी। बस का संचालन नौगढ़ से सोहास, लोटन, कोल्हुई बाजार होते हुए सोनौली बार्डर तक होगा। इससे नेपाल जाने वाले नागरिकों को भी सुविधा मिलेगी।

18 हजार भक्त देवीपाटन मंदिर में करेंगे मां का दर्शन

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जनपद में भुजवा मेले का आगमन 12 अप्रैल को हो चुका है। गोंडा, बाराबंकी, सुल्तानपुर सहित आसपास जिलों के श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर पैदल यात्रा कर नवरात्रि की अष्टमी को मां देवी पाटन की पूजन व दर्शन करेंगे। ये जगह-जगह रात्रि विश्राम करते हुए पैदल देवीपाटन मंदिर जाकर देवी मां के दर्शन पूजन करेंगे।

हर साल चैत्र नवरात्र में इनकी यह अत्यंत कठिन यात्रा करीब एक सप्ताह की होती है। "भुजवा का मेला" कहे जाने वाले मेलार्थी कई जिलों से आते हैं। अयोध्या जनपद के थाना क्षेत्र खंडासा के ग्राम सभा बकचुना निवासी मेला प्रमुख शत्रुहन गुप्ता के मुताबिक चैत्र नवरात्र में विशाल "भुजवा बाबा मेला" की यह कठिन यात्रा अयोध्या जनपद के ग्राम सभा बकचुना से देवीपाटन मंदिर को रवाना होती है। सबसे पहले रुदौली खैरनपुर में पहुंचकर रात्रि विश्राम व भोजन होता है। यहां से 12 अप्रैल को प्रातः करीब 5 बजे शुरू हुई। शाम को उमरी बेगमगंज में पूरी रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 13 अप्रैल को प्रातः उमरी से मेलार्थी रवाना हो गए और इसी दिन शाम को बुधई पुरवा में मनोज ईंट भट्ठा के पास पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

हरदोई में प्रेमी से बात करने से रोका तो छात्रा ने दे दी जान

कोथावां, हरदोई

अमृत विचार। प्रेमी से मोबाइल फोन पर बात करने से रोके जाने पर छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह उसका शव पिता की दुकान में लटका मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच पड़ताल शुरू की।

बेनीगंज कोतवाली के कमलापुर निवासी जमुना की दो बेटी और एक बेटा है। 20 वर्षीय बड़ी बेटी कल्पना ने इस वर्ष बेनीगंज के बनारसी लाल तारा देवी इण्टर कालेज से इण्टर की परीक्षा दी थी। शुक्रवार की रात कल्पना अपने घर वालों के साथ छत पर सो रही थी। शनिवार की भोर पहर उसके पिता जमुना की आंख खुली और उसे कल्पना नहीं दिखाई पड़ी। उसकी खोज करने के दौरान कल्पना का शव पिता की परचून की दुकान के अंदर फांसी पर लटका मिला। इसका पता होते ही वहां पहुंची भीड़ का मानना है कि कल्पना ने दुकान में रखे काउंटर पर चढ़ कर छत के कुंडे से फांसी लगा कर आत्महत्या की। वहां पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की।

जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने छात्रा के मोबाइल फोन के नंबर टटोलते हुए उन्हे ट्रेस करना शुरू कर दिया। उसमें किसी अजय नाम के युवक का नंबर सामने आया और ऐसा होने से पहले उसकी कल्पना से बातचीत भी हुई थी। पुलिस ने परतें उधेड़ी तो परत-दर-परत उधड़ती हुई चली गई। पिता से पूछताछ हुई, पहले तो उसने कुछ नही बताया, बाद में बोला कि उसने कल्पना को किसी से मोबाइल पर बात करते हुए पकड़ लिया था, उसी पर उसे डांट-डपट दिया। माना जा रहा है कि उसी से नाराज़ हो कर उसने ऐसा कदम उठाया। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े हर एक पहलू की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

सार-संक्षेप

युवकों की पिटाई मामले में तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

संवाददाता, जहांगीरगंज, अमृत विचार। जनपद के जहांगीरगंज थाना पुलिस द्वारा तीन युवकों की पिटाई के मामले में तीन सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके तीन युवकों को पुलिस ने थाने में लाकर जमकर पिटाई किया और उनसे रुपए की भी वसूली किया। मामले में एसपी ने जांच के लिए एएसपी पश्चिमी विशाल पांडेय के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम गठित की है। इसमें दो क्षेत्राधिकारी भी शामिल हैं। पुलिस पर युवकों ने आरोप लगाया था कि 4 अप्रैल की रात को वह लोग खाना खाने के लिए एक ढाबे पर रुके थे। तभी पुलिस उन लोगों को पकडक़र थाने पर ले गई और उन लोगों की जमकर पिटाई किया। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने 80 हजार रुपए जबरन ले लिए। एसपी ने पूरे मामले में आरोपी तीन सिपाही सौरभ यादव, नवनीत राणा और प्रवीण राजभर को निलंबित कर दिया है। जांच टीम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कुमार और आलापुर क्षेत्राधिकारी को शामिल किया गया है।

आचार संहिता के उल्लंघन पर तुरंत हो एफआईआर : डीएम

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शनिवार को लोक सभागार में लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक हुए कार्यों की प्रगति के लिए जनपद में नामित प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव से सम्बंधित सभी तैयारियों को शीघ्र अंतिम रूप दे दिया जाए। साथ ही किसी भी कार्य को उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने में कोई कोर कसर बाकी न रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अगर कहीं से आचार संहिता के उल्लंघन का मामला सामने आये तो उसमें तुरंत एफआईआर करवाई जाए। डीएम ने कहा कि बैलेट मतपत्रों की छपाई, फैसिलिटेशन सेंटर, वेबकास्टिंग, बसों वाहनों की व्यवस्था, टेंट, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, खान पान, किराया, पारिश्रमिक से लेकर बिजली आपूर्ति, संचार, नवीन मंडी परिसर की व्यवस्था, मतगणना स्थल की व्यवस्था समेत अन्य सम्बंधित कार्यों की प्रगति संतोषजनक है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य प्रयास करके 20 अप्रैल तक अवश्य पूरे कर लिए जाएं।

मौलाना ने किशोरी से किया रेप, पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार। किशोरी को बहला-फुसला कर एक मस्जिद के मौलाना चार माह तक दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने पर किशोरी ने उसे बताया तो मौलाना ने उसने गर्भपात की दवा खिला दी। तबीयत बिगड़ने पर किशोरी ने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया तो जांच में पता चला कि वह तीन माह की गर्भवती है। मां की तहरीर पर नौबस्ता पुलिस ने आरोपी मौलाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। नौबस्ता क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके पति मजदूरी करते हैं। उनके सात बच्चों में पांच बेटे और दो बेटियां हैं। घर के सामने रहने वाला सोनू हाफिज क्षेत्र की ही एक मस्जिद में मौलाना है। सोनू काफी समय से उनकी 14 वर्षीय बेटी को खाने-पीने की चीजें देने का लालच देकर घर बुलाता था।

किशोरी पर चोरी का आरोप लगाकर रेलिंग से बांधा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार। बारासगवर थानांतर्गत चंडिका माता मंदिर परिसर में फुटपाथ में दुकान लगाए लोगों ने चोरी का आरोप लगा एक किशोरी से मारपीट कर उसके हाथ पैर बांध दिये। किसी श्रद्धालु ने इसका फोटो शोसल मीडिया में वायरल कर दिया। फोटो देख हरकत में आई पुलिस वहां पहुंची और रस्सी खोलकर उसे परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया। पुलिस ने किशोरी को मंदबुद्धि बताते हुए मारपीट की बात को गलत बताया है।बिहार थानाक्षेत्र के गांव केदार खेड़ा निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी को बक्सर स्थित मां चंडिका मंदिर परिसर के फुटपाथ पर दुकान लगाए लोगों ने चोरी के आरोप में पकड़ कर रेलिंग से बांध दिया। दर्शनार्थियों ने किशोरी की फोटो खींचकर शोसल मीडिया में वायरल कर दिया। हालांकि, अमृत विचार ऐसी किसी फोटो की पुष्टि नहीं करता है। दुकानदारों ने बताया कि किशोरी दुकान में घुसकर समान फेंक रही थी। पकड़ने की कोशिश में उसने दुकान लगाए महिलाओं को काट लिया। बक्सर चौकी इचार्ज प्रेम नारायण सरोज मौके पर पहुंचे और किशोरी को खुलवाकर पूछताछ के लिये चौकी लाए।

राजतंत्र थोप रही भाजपा: अन्नू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार। इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार व पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने असोहा ब्लाक क्षेत्र के विभिन्न गावों को दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आत्मनिर्भरता का भाव समाप्त कर रही है। साथ ही उपक्रमों को काफी कम कीमत पर पूंजीपतियों के हवाले किया जा रहा है। इसलिए अप्रत्यक्ष राजतंत्र थोपने से बचने के लिए सभी को मिलकर इंडिया गठबंधन को चुनावी सफलता दिलाने के लिए एकजुट मतदान करना चाहिए। उन्होंने ब्लाक क्षेत्र के गांव कांथा, बीकामऊ, सहरावां, शाहाबाद ग्रंट, दऊ, दरसवां, जोरावरगंज, मुबारकपुर, सरवारा, सरवन, संडौली, कंचनपुर, कालूखेड़ा, भवलिया, रामपुर, सोहो, पहासा, मुक्तेमऊ, जबरैला, उतरौरा व गढ़ी करमली आदि गांवों में जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाओं में उक्त बात कहीं। पूर्व एमएलसी सुनील साजन व पूर्व विधायक उदयराज यादव ने लोगों को सपा के घोषणा पत्र की जानकारी देते हुए कहा कृषि प्रधान देश को विकास पथ पर सपा ही आगे लेकर जा सकती है। इस दौरान मंजीत यादव, पुरवा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रामकिशुन लोधी, पूर्व प्रमुख राज कुमार रावत, पूर्व प्रमुख बीतेन्द्र सिंह, हरिकेश सिंह, हाजी सैय्यद इरफान, कुलदीप यादव आदि रहे।

फावड़े से की पत्नी की निर्मम हत्या

संवाददाता, निघासन (खीरी)

अमृत विचार : थाना पढुआ के परमोधापुर में शनिवार की दोपहर खेत से लौटे पति ने पत्नी की फावड़े से वार कर हत्या कर दी। वह भतीजी शिवानी के साथ घर के बाहर टिनशेड के नीचे सो रही थी। भतीजी ने बचाने की कोशिश की तो उसने फावड़े से प्रहार कर उसके हाथ की अंगुली भी काट दी। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। परमोधापुर निवासी अयोध्या प्रसाद मौर्य उर्फ श्रीकृष्ण का विवाह करीब 20 साल पहले मझगई के बौधिया निवासी रामप्रसाद की पुत्री अवधेशा (42) से हुआ था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। शनिवार की दोपहर करीब एक बजे अयोध्या प्रसाद खेत से लौटा। उसके पास फावड़ा था। घर के बाहर अपनी पत्नी को सोते हुए देखा तो वह भड़क उठा। उसने फावड़े से उस पर प्रहार किए। इससे उसकी पत्नी की मौत हो गई।

महिला की हत्या के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

खेत जाने से पहले दंपति में हुआ था विवाद

आसपास के लोगों ने बताया कि अयोध्या प्रसाद और उसकी पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। शनिवार को भी जब अयोध्या प्रसाद खेत को जाने के लिए घर से निकला। उस वक्त भी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद वह खेत पर काम करने चला गया। दोपहर में आकर उसने हत्या की घटना को अंजाम दे डाला।

विशेष गाड़ियों के बढ़ाए फेरे

गोरखपुर

अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा के लिए विभिन्न रेलगाड़ियों के फेरों को बढ़ाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत 04068/04067 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन दिल्ली से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को तथा दरभंगा से 27 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को 19 फेरों के लिये किया जायेगा।

04062/04061 दिल्ली-बरौनी-दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन दिल्ली से 28 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को तथा बरौनी से 29 अप्रैल से 01 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को 10 फेरों के लिये किया जायेगा। 04028/04027 आनन्द विहार टर्मिनल-सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनल से 29 अप्रैल से 24 जून तक प्रत्येक सोमवार को तथा सहरसा से 1 मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा। 04010/04009 आनन्द विहार टर्मिनल-जोगबनी-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन आनन्द विहार टर्मिनल से 30 अप्रैल से 25 जून तक प्रत्येक मंगलवार को तथा जोगबनी से 2 मई से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को 09 फेरों के लिये किया जायेगा। 04004/04003 नई दिल्ली-सीतामढ़ी-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन नई दिल्ली से 26 अप्रैल से 28 जून तक तथा सीतामढ़ी से 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 19 फेरों के लिये किया जायेगा। 04058/04057 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन आनन्द विहार टर्मिनल से 29 अप्रैल से होगा।

व्यवस्था नियमित की जाएगी स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर लगे नलों की जांच, शीतल पेयजल वितरण के लिए महिला समितियों व स्काउट गाइड की ली जाएगी मदद

यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने को रेलवे ने किये व्यापक प्रबंध

नई दिल्ली

अमृत विचार : उत्तर रेलवे की ओर से गर्मी के मौसम में नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पुख्ता व्यवस्था की गयी है।

रेलवे स्टेशनों पर यह सुनिश्चित किया गया है कि हर समय सभी मौजूदा वॉटर कूलर काम करते रहें। पैकेज्ड/पीने योग्य पेयजल की उचित आपूर्ति की व्यवस्था भी की गयी है। महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकरों की भी व्यवस्था की गयी है। सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता की पुष्टि करने के लिए स्टेशनों पर नियमित जांच भी की जाएगी। गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक समूहों के साथ सहयोगः विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल के वितरण के लिए महिला समितियों (महिला स्वयं सहायता समूहों), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सहयोग लिया जाएगा। 24 घंटे पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गयी है।

स्टेशन पर लगी वॉटर वेंडिंग मशीन।

निम्नलिखित दरों पर वाटर वेंडिंग मशीन द्वारा स्टेशनों पर स्वच्छ पानी की आपूर्तिः फिर से भरना कंटेनर के साथ, बिना कंटेनर के 300 मिलीलीटर गिलास 2 रुपये, तीन रुपये, आधा लीटर की बोतल 3 व 5 रुपये, 1 लीटर की बोतल 5 व 8 रुपये, 2 लीटर की बोतल 8 व 12 रुपये, 3 लीटर की बोतल 20 व 25 रुपये। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी है।

स्टेशनों पर हर समय पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर

दिल्ली, अमृत विचार। गर्मियों के मौसम में रेल यात्रियों के लिए रेलवे द्वारा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के अन्तर्गत आने वाले सभी स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए व्यापक प्रबंध किए गए है। स्टेशनों पर यह सुनिश्चित किया गया है कि स्टेशन पर हर समय पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध रहे। पेयजल की उपलब्धता के लिए स्टेशनों पर पानी के लिए टैंकरों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे पानी की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नही हो सके। यात्रियों को स्वच्छ पेयजल मिल सके इसके लिए स्टेशनों पर लगे सभी पानी के नलों को दुरस्त किया गया है और पानी के निकास की भी उचित व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही शीतल पेयजल के लिए स्टेशनों पर उपलब्ध वाटर कूलरों की सर्विस की गई है ताकि निर्बाध रूप से शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य निरीक्षकों को समय-समय पर स्टेशनों पर उपलब्ध पानी की शुद्धता जांचने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त पानी की स्वच्छता के लिए क्लोराइड आधारित सफाई की भी व्यवस्था की गई है। स्टेशनों पर यात्रियों को आगामी गर्मियों के मौसम में स्वच्छ पेयजल सम्बंधी प्रबंधन के लिए सम्बंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए है। इसके साथ ही एनजीओ, स्वयंसेवी संस्थानों, सेवाभावी संस्थाओ से भी स्टेशनों पर प्याऊ लगाने की पहल करने की अपील की गई है। इसके साथ ही स्काउट एवं गाइड, हेल्प ग्रुप इत्यादि से भी विशेष रूप से साधारण श्रेणी डिब्बों के पास जल वितरण करने हेतु सहयोग लिया जाएगा। स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था के लिए रेलवे द्वारा नियमित

प्लेटफार्म पर लगे नल से पानी पीते यात्री।

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

आंबेडकर ने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागिरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

डॉ.बी.आर. आम्बेडकर वाकई भारत रत्न हैं। प्रख्यात मनीषी, संविधान सर्जक, व श्रद्धेय राष्ट्र निर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे, अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं। वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाड्.मय पढ़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रंथ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागीरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पढ़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे।

राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का एक बड़ा धड़ा आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, "यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यो का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यो और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।" (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है।

डॉ.आम्बेडकर की पुस्तक "हू वेयर शूद्राज" (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्ण्य का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा "इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए" (वही पृष्ठ 70) वे आर्यों को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं "जहां तक वैदिक साहित्य का संबंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था।" (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे।

डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिए और लिखा, "आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है।" डॉ. आम्बेडकर की स्थापना है "इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् है, वे श्याम वर्ण के, और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।" आर्यों के दोनों अवतारी पुरुष श्रीराम व श्रीकृष्ण सांवले थे। महाभारत के प्रतिष्ठित योद्धा अर्जुन भी श्याम रंग के थे। समूचा आर्य समाज एक था। हिन्दू प्राचीन आर्य समाज की ही नई संज्ञा है।

डॉ. आम्बेडकर ने लिखा "हिन्दुओं से अछूतों को अलग करने की मांग पर मुसलमानों ने जोर दिया था। 27 जनवरी 1910 को उन्होंने सरकार के सामने एक आवेदन प्रस्तुत किया था। उनका दावा था कि देश की राजनीतिक संस्थाओं में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात सभी हिंदुओं की संख्या के अनुसार निश्चित न किया जाना चाहिए वरन् सवर्ण हिंदुओं की संख्या के अनुरूप ही निश्चित होना चाहिए। उनका कहना था कि अछूत हिंदू नहीं हैं।" (खण्ड 5 पृष्ठ 7) लिखा कि "1909 में मुसलमानों की ओर से आगा खां ने वायसराय मिंटों के सामने आवेदन पेश किया था-राजनीतिक संस्थाओं और सार्वजनिक सेवाओं में मुसलमानों को पृथक् और पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। 1901 में जो मर्दुमशुमारी हुई थी उसमें मुसलमान कुल आबादी का चैथाई या पांचवां हिस्सा थे। यदि हिन्दू समुदाय से अस्पशर्य अंगों को निकाल दिया जाए, जो प्रकृति पूजक हैं या छोटे-मोटे धर्म मानने वालें हैं, वे निकाल दिये जाएं, तो बहुसंख्यक हिंदुओं के मुकाबले मुसलमानों की संख्या का अनुपात पहले से बढ़ जाता है।" (खण्ड 7, पृष्ठ 311-12)

ऋग्वेद में कहीं भी 4 वर्ण नहीं है। शब्द ब्राह्मण का भी वर्ण के अर्थ में प्रयोग नहीं हुआ। डॉ. रामविलास शर्मा ने लिखा (भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेष, पृष्ठ 53) है, "ऋग्वेद में ब्रह्मन् शब्द बहुत बार आया है। इसका अर्थ ब्राह्मण वर्ण नहीं है। ब्रह्मन् की तरह अनेक बार ब्रह्मा का भी प्रयोग हुआ है। इसका मूल अर्थ प्रषस्तिपरक काव्य है। कवि इन्द्र से कहता है, हम तेरे लिए अभूतपूर्व स्तोत्र कहते हैं। (8.90.3) ब्रह्मन् की तरह ब्रह्मा भी कवि, गायक, स्तोता हैं। वशिष्ठ इसी अर्थ में ब्रह्मन् है। (8.90.3) इन्द्र वशिष्ठ से कहते हैं-हे वशिष्ठ, ब्राह्मन्, तू उर्वषी के मन से उत्पन्न हुआ है। (7.33.11) इन तमाम संदर्भो में स्तुति और स्तोत्र की चर्चा है। ब्राह्मणाम् का अर्थ ब्राह्मण जाति या वर्ण नहीं, कवि, ब्रह्मकार गायक है।"

राष्ट्र सर्वोपरि आस्था है। डॉ. आंबेडकर ने लिखा, "भारत एक भौगोलिक इकाई है। इस इकाई का निर्माण प्रकृति ने किया है। यह सही है कि भारतवासी आपस में झगड़ते रहते हैं,परंतु इन झगड़ों से उस एकता का नाश नहीं हो सकता जो प्रकृति के समान ही सनातन है। भौगोलिक एकता के साथ ही यहां सांस्कृतिक एकता भी है।" डॉ. आम्बेडकर के निष्कर्ष रोमांचकारी हैं। भारत प्रकृति निर्मित राष्ट्र है। राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता प्रकृति के समान सनातन है। संविधान निर्माण के आखिरी दिन (25.11.1949) उन्होंने भावुक भाषण दिया। अंत में कहा, "यहां मैं अपना भाषण खत्म कर देता किन्तु मेरा मस्तिष्क देश की भविष्य चिन्ता से परिपूर्ण है। क्या भारत अपनी स्वतंत्रता बनाये रखने में कामयाब होगा? जाति और मत-मतान्तर राजनैतिक पक्ष बन रहे हैं। क्या भारतीय मत-मतान्तरों को राष्ट्र से श्रेष्ठ मानेंगे या राष्ट्र के मत मतान्तरों से ऊपर?" डॉ. आम्बेडकर की आस्था का केन्द्र राष्ट्र था। हम सबको अपने भारतरत्न पर गर्व है।

दिल्ली: केंद्र की किंकर्तव्यविमूढ़ता

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संधिधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अधूरे प्रदेश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 21 मार्च को शराब घोटाले में जेल भेजे जा चुके हैं,तब से वहीं पर हैं और जन तथा विधायी कार्य देखने की स्थिति में नहीं हैं। वे त्याग पत्र नहीं दे रहे हैं और वहीं से सरकार चलाने की हठ कर रहे हैं। इस बिंदु पर संविधान में कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं है। हर चीज पर कानून या सांविधानिक प्रावधान हो भी नहीं सकते। व्यवहारिक पक्ष और नैतिकता भी मायने रखती है।

हालांकि आजकल नैतिकता शब्द केवल डिक्शनरी तक सीमित है,व्यवहार में दृष्टिगत नहीं होता है। इसके पहले कई बार पदासीन मुख्यमंत्रियों के जेल जाने की नौबतें आई, तब उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया और जगहंसाई नहीं करवाई। केजरीवाल अद्वितीय निकले। त्यागपत्र तो नहीं ही दे रहे हैं, जेल से सरकार चलाने का भी दावा कर रहे हैं। उनका एक दुर्गुण आज उनके लिए लाभकारी सिद्ध हो रहा है। वह यह कि उन्होंने अपने पास कोई विभाग ही नहीं रखा जिससे फिलहाल रोजमर्रा के काम नहीं रुक रहे। इस तरह फिलहाल वे चन्द्रमा पर से भी दिल्ली के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।

दिक्कतें आएंगी, जब उनकी सदन, विधान मंडल दल और जनता में उपस्थिति जरूरी होगी, किंतु तत्काल तो वे समस्याएं पैदा ही कर रहे हैं। देश में एक केंद्र सरकार भी है। उसकी इस प्रकरण पर तीन हफ्ते से तटस्थता आश्चर्यजनक है। जब मुख्यमंत्री को कारागार भेजा है तो परवर्ती परिणामों का भी ख्याल रखना चाहिए था और उपाय कर लेना था। शायद भाजपा ने सोचा होगा कि इस्तीफा तो हो ही जाएगा और फिर विधायकों की तोड़फोड़ करके अपनी सरकार बना लेंगे जिससे दिल्ली व अन्यत्र भी लोकसभाई चुनावों में लाभ मिलेगा। गणित फेल हो गई। अब निरुपाय होकर टुकुर-टुकुर क्या देख रहे हैं? विश्व में एक नमूना कायम हो रहा है,क्योंकि दिल्ली संसार के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की राजधानी है। विश्व में यह संदेश जा रहा है कि मुख्यमंत्री या उस जैसा कोई अन्य जन प्रतिनिधि अपराधिक मामले में जेल में बंद रहकर भी पद पर बना रह सकता है।

केंद्र और उसका गृह मंत्रालय व दिल्ली के उपराज्यपाल इतने असहाय भी नहीं हैं, जैसा वे आचरण कर रहे हैं। राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत केंद्र द्वारा बर्खास्त की जा सकती हैं। बशर्ते कि वहां संवैधानिक तंत्र चरमरा गया हो। यह शर्त दिल्ली में स्पष्टतया पूरी हो रही है। मुख्यमंत्री नेता सदन होता है। सदन के प्रति वह उत्तरदायी भी है। क्या जेल से वह सदन में बैठ सकेगा? वह कैबिनेट बैठकों की अध्यक्षता भी करता है। कारागार से कैसे करेगा?

जनता का दुख दर्द समस्याएं सुनना,समझना और निराकरण उसका दायित्व है। आज के हालात में वह यह सब कैसे करेगा? तब फिर केंद्र किस बात इंतजार कर रहा है? जनता की समस्याओं से मुंह क्यों फेरे हैं? शायद चुनावी नफा नुकसान! या सुप्रीमकोर्ट का डर कि कहीं राष्ट्रपति शासन लगाने की उद्घोषणा का न्यायिक पुनरीक्षण न कर ले और स्थगित न कर दे। तब चुनाव बुरी तरह प्रभावित हो जाएंगे,जो भी हो केंद्र को कदम तो उठाना ही होगा। साहसहीनता आधारित किंकर्तव्य विमूढ़ता ठीक नहीं। दिल्ली प्रांत के लिए संविधान में एक प्रावधान और है,जो राज्य सरकार को निष्क्रिय कर देगा। वह है-अनुच्छेद 239 ए बी। इसका प्रयोग भी किया जा सकता है। बहरहाल हर हाल में कदम तो बढ़ाना ही पड़ेगा।

आधुनिक भारत के शिल्पी, सर्व समाज के आदर्श बाबा साहेब

प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के संविधान की रचना करने वाले महामुनी डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 2015 में भारत सरकार ने 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के रूप बनाने का निर्णय लिया,क्योंकि इसी संविधान सभा ने 1949 में अपना काम पूरा कर लिया था,तब से हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर की राष्ट्र निर्माण एवं संविधान निर्माण में अद्वितीय, अतुलनीय और अप्रतिम योगदान के लिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का इससे बेहतर कोई और विकल्प मेरी समझ से हो नहीं सकता था। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के नागरिकों में सम्मान की भावना प्रबल करने और नई पीढ़ी को इन मूल्यों के प्रति जागरूक करने लिए के इस दिवस का विशेष महत्व है।

संविधान सभा की प्रारूप समिति में जिन सात लोगों को शामिल किया गया,उनमें कन्हैयालाल मुंशी,मोहम्मद सादुल्लाह,अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर,गोपाल स्वामी अय्यंगार,एन. माधव राव और टीटी कृष्णामचारी थे। इनमें से एक सदस्य बीमार हो गए,दो दिल्ली के बाहर थे,एक विदेश में थे, एक ने बीच में ही इस्तीफा दे दिया और एक सदस्य किन्हीं कारणों से नहीं आ सके। इस तरह से सात सदस्यों वाली कमेटी में अकेले डॉ. आंबेडकर के कंधों पर संविधान का मसौदा तैयार करने की सारी जिम्मेदारी थी। यह तथ्य ड्राफ्टिंग कमेटी के ही सदस्य टीटी कृष्णामाचारी ने नवंबर 1948 में संविधान सभा में कहा कि 'मृत्यु, बीमारी और अन्य व्यस्तताओं' की वजह से कमेटी के ज्यादातर सदस्यों ने मसौदा बनाने में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। इसके चलते संविधान तैयार करने का बोझ डॉ. आंबेडकर पर आ पड़ा। इससे समझा जा सकता है कि इतने महत्वपूर्ण मसौदे को तैयार करने में कितनी शक्ति एवं विचार की आवश्यकता रही होगी।

संविधान में सर्व कल्याण की मूल भावना समाहित है,क्योंकि उसमें इस श्लोक के विचार को समाहित किया गया है। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।' मंत्र को केंद्र में रखते हुए सर्व समाज के कल्याण एवं हितों का संरक्षण करने वाले संविधान की रचना की। इस मंत्र को साकार करने के लिए संविधान में आर्टिकल 41 एवं 42 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं कि राज्य अपनी आर्थिक क्षमता और विकास की सीमाओं के अनुसार काम पाने,शिक्षा पाने, बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने, काम की न्यायसंगत और मानवोचित दशाओं का तथा प्रसूति सहायता का प्रभावी उपबंध करेगा। इन्हीं प्रावधानों के करण पिछले 75 वर्षों से देश के सभी नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कल्याण की सुविधाएं प्राप्त हो रही है और इन कल्याणकारी सुविधाओं या योजनाओं में किसी प्रकार का जाति,धर्म, क्षेत्र या वर्ग में कोई भेद नहीं है,ये प्रावधान सर्व समाज के लिए एवं देश के प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्ध हैं। हमारे आपस में दलगत राजनीति के कारण कितने ही मतभेद क्यों न हों,लेकिन जब भी देश की बात होती है तो सभी लोगों की राय एक ही रहती है कि देश चलेगा तो संविधान से ही,यह भाव इसकी सर्वग्राहता एवं सार्वभौमिकता का द्योतक है। बाबा साहब डॉ. आंबेडकर सामाज में व्याप्त भेदभाव से वाकिफ थे और इसके निवारण के लिए वे शिक्षा के प्रसार एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा पर जोर देते थे,उनका स्पष्ट मानना था कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षित होना आवश्यक है। क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में हर प्रकार के भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है। परिवार ने निजी तौर पर कई दुश्वारियां झेली,उनके चार-चार बच्चे काल के गाल में समा गए,लेकिन बाबा साहब इन सबको दरकिनार कर निजी दुख से विचलित हुए बिना देश के करोड़ों बच्चों के भविष्य को सवांरने की चिंता में लीन राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक कल्याण के लिए एक तपस्वी संत की भांति पूर्ण मनोयोग से समर्पित रहे। नित रोज कुछ नया करने एवं सीखने की ललक डॉ. आंबेडकर को पुस्तकों के करीब ले जाती थी। वे हर दिन घंटों अपने निजी पुस्तकालय में अध्ययन करते थे, उनके पुस्तकालय में हजारों पुस्तकें थी,उनको लिखने का बहुत शौक था। डॉक्टर आंबेडकर लगभग 65 वर्ष से भी कम समय तक हम लोगों के बीच रहे। इतने कम समय में इतनी पुस्तकों का अध्ययन व रचना करना उनके उच्च अकादमिक कैलिबर के व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है।

एक बार सांसद को संबोधित करते हुए बाबा साहब ने मजाकिया अंदाज में जिक्र किया था कि इस समाज को जब कभी दिशा देने की आवश्यकता पड़ी तो समाज ने हमको चुना। महाभारत काल में मत्स्यगंधा के पुत्र महर्षि वेद व्यास ने महाभारत ग्रंथ की रचना की,त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि ने रामायण रची और आधुनिक काल में यह दायित्व डॉक्टर आंबेडकर को मिला। महर्षि वाल्मीकि का चित्र वाला रामायण देश व दुनिया के करोड़ों घरों व देवालयों में स्थापित है। महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत भी करोड़ों घरों और देवालयों में शोभायमान है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का स्थान एक समाज के नायक, महान समाज सुधारक,महामुनि और महान तपस्वी संत से अधिक आधुनिक भारत के निर्माण के शिल्पी के रूप में युगों-युगों तक याद किया जाएगा।

वंचितों के मसीहा डॉ.आंबेडकर

डॉ. सुभाष चन्द्र
सह. पुस्तकालय अध्यक्ष एमजेपीआरयू, बरेली

भक्ति काल में वंचित एवं पिछड़ी जातियों में अनेक संतों का उदय हुआ था। उनमें मुख्यतः कबीर, रविदास, घाना, पीपा इत्यादि महान संत हुए। इसके इतर सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करने वालों में नारायण गुरु, पेरियार, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि शख्सियतों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ण व्यवस्था कई तरह के अन्यायों यथा-आर्थिक अन्याय, सामाजिक अन्याय, राजनीतिक अन्याय, धार्मिक अन्याय एवं सांस्कृतिक अन्याय की जननी रही है। हम सभी जानते है कि डॉ. आंबेडकर का जन्म एक अछूत जाति में हुआ था। बाल्यकाल से ही उन्हें उपरोक्त अन्यायों को सहन करना पड़ा और इन अन्यायों ने जीवन पर्यंत किसी न किसी रूप में उनका पीछा नहीं छोड़ा।

कई बार लोग कहते हैं कि आंबेडकर स्वतंत्रता आंदोलन में कहां थे? वे स्पष्ट कहते हैं कि 'इस देश को आजादी मिलनी चाहिए, जितना आप चाहते हैं, उतना ही मैं भी चाहता हूं,लेकिन मेरे मन में एक प्रश्न है कि देश की आजादी आएगी तो मेरी और मेरे मित्रों और बंधुओं की आजादी या नहीं या वे वैसे ही गुलाम बने रहेंगे'। वे कांग्रेस के नेताओं से पूछते थे कि 'क्या आप मुझे विश्वास दिला सकते हो कि आजादी मिलने के बाद मेरे इन बंधुओं की भी आजादी आ जाएगी, क्या वे स्वतंत्र होंगे'? उस समय हिंदू नारियों की अवस्था भी वंचित तबके के समान ही दयनीय थी। इस संदर्भ में हिंदू कोड बिल के माध्यम से उन्होंने जो कानूनी प्राविधान किए थे,वे ऐतिहासिक स्वरूप के हैं।

आंबेडकर ने वंचित समाज के लोगों को एक मंच दिया,मूक लोगों को वाणी दी, जैसा कि 'मूकनायक' नाम के उनके समाचार पत्र को हम जानते हैं। एक अस्तित्व दिया, आधार दिया, उनमें आत्मविश्वास पैदा किया। उन्होंने अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया,संगठित किया, अनुशासित किया,संघर्ष के लिए तैयार किया। लोगों को स्वाभिमानी बनाया,शिक्षित होने का आह्वान किया,अपने अधिकार लेने के लिए लोगों को एकत्रित किया और कई सफल आंदोलन किए।

डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से ही आजादी के उपरांत वंचित समाज के उत्थान एवं विकास के लिए आरक्षण को एक संवैधानिक प्रावधान के तहत स्वीकार किया गया। आजादी के सतहत्तर वर्षों उपरांत भी यह नीति सरकार,संविधान एवं न्याय पालिका के संरक्षण में क्रियान्वित है। कोई भी व्यक्ति या सरकारी संस्था आरक्षण के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर सकती। आरक्षण नीति का समाज के दलित, शोषित, वंचित समाज को बहुत लाभ भी मिला है। अधिकारों के प्रति जागरूकता का भी विकास हुआ है।

फुले, आंबेडकर और राहुल सांकृत्यायन

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

अप्रैल माह का पहला पखवाड़ा स्वतंत्रता, समता,भाईचारे का आधुनिक भारत में जिन महापुरुषों ने सपना देखा था की जयंती का है। ज्योतिराव फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को,डॉ. बी.आर आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को और महापंडित राहुल से सांकृत्यायन का जन्म 9 अप्रैल 1891 को हुआ। इन तीनों महापुरुषों में व्यक्तित्व, कृतित्व, दर्शन, विचार समान हैं, हिंदुत्ववादी व्यवस्था में संस्कारों, परंपराओं, वर्ण जाति व्यवस्था, पितृसत्ता का समर्थन करने वाले मूल्यों का खंडन किया। महात्मा ज्योतिराव फुले ने अपनी पुस्तक गुलामगिरी,डॉ. आंबेडकर ने 'जाति का विनाश' और राहुल सांकृत्यायन ने अपनी पुस्तक 'तुम्हारी क्षय' में वर्ण व जाति व्यवस्था के आधार पर समाज में व्याप्त व्यवस्था पर सच्चाई वर्णित की है। बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम बहुत बड़े स्तर पर पूरे भारत में मनाए जाते हैं।

बरेली में भी पखवाड़े के रूप में रन फॉर आंबेडकर 11 अप्रैल को महात्मा फुले की जयंती, जनजागरण के लिए प्रभातफेरी, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होते हैं,लेकिन महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती 9 अप्रैल को होती है। महात्मा ज्योतिराव फुले आधुनिक भारत के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक गुलामी, अवमानना, उपेक्षा, शोषण उत्पीड़न के शिकार शूद्रों, अंत्यजों और स्त्रियों की मुक्ति, शिक्षा, पूर्ण बराबरी का आह्वान किया,फुले की दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। थॉमस पेन की पुस्तक 'राइट्स ऑफ मैन' का उन पर बहुत असर था। जाति व्यवस्था में अछूत समझी जाने वाली महार जाति में 14 अप्रैल 1891 को जिस बालक का जन्म रामजी सकपाल भीमाबाई दंपती के यहां हुआ वह आगे चलकर डॉ बी.आर आंबेडकर के नाम से विश्व विख्यात हुए। डॉ.आंबेडकर की पुस्तक जाति का विनाश पढ़कर महात्मा गांधी भी प्रभावित हुए और कहा आंबेडकर हिंदुत्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती है,उन्होंने यह भी कहा कोई भी समाज सुधारक इस किताब की अनदेखी नहीं कर सकता। भविष्य में आंबेडकर को किसी भी विशेषण से जोड़े,परंतु आंबेडकर ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जिन्हें भुला दिया जाए। गांधी जी का कथन पूरी तरह से सही साबित हुआ। आज आंबेडकर पराधीनता और अपमान की आग से झुलस रहे लोगों के लिए शीतल छांव बनकर उभरे और उनके मसीहा बन गए। चाहे राजनीतिक या विविध कारणों से ही सही उनसे नाइत्तेफाकी रखने वाले भी उनका नाम लेने और उन्हें स्वीकार करने को आतुर हैं। भारत की समस्याओं की भीतरी तहों को जानने वाला कोई भी व्यक्ति इस बात से इंकार नहीं कर सकता कि भविष्य के किसी भी खूबसूरत भारत की रचना का रास्ता आंबेडकर से गुजर कर जाएगा।

आंबेडकर ने कहा अगर किसी एक चीज ने भारतीय समाज को एक पतनशील समाज में परिवर्तित किया तो वह जाति व्यवस्था है जिसने जिंदा कौम को मुर्दा कौम में तब्दील कर दिया। एक जगह उन्होंने कहा था,लोग जिसे धर्म कहते हैं,वह और कुछ नहीं आदर्शों और प्रतिबंधों की भीड़ है। धर्म बस आदेशों व निषेधों की सहिंता के रूप में ही मिलता है। वास्तविक धर्म वह है जिसमें आध्यत्मिक सिद्धांतों का विवेचन हो,जो वास्तव में विश्व के सभी समुदायों के लिए सर्वजनीन हो हर विषय में उपयोगी होकर तत्व नहीं पाया जाता। इतिहास ने उन्हें यह अवसर दिया जिससे सबके लिए मुकम्मल दस्तावेज लिखा,जिसे भारत का संविधान कहते हैं। संविधान में मूल अधिकार दिए जो किसी व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक हैं। नागरिकों के इन अधिकारों के उल्लंघन होने पर या इसको लागू करवाने के लिए सीधे उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार है। अनुच्छेद-14 के मुताबिक समता का अधिकार है। कानून के समक्ष समानता तथा सभी कानूनों से समान सरंक्षण का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है।

अदम्य साहस और इच्छाशक्ति की कहानी



अशोक पांडेय
हल्द्वानी



उसकी स्मृति में यह बात अब तक गड़ी हुई है कि अपनी मां की पहली संतान होने के कारण उसे तब तक घर वालों से अपने हक का वह स्नेह नहीं मिला जब तक कि उसके बाद दो भाई और पैदा नहीं हो गए। पिता टैक्सी चलाते थे। आर्थिक-सामाजिक रूप से बेहद निचली पायदान पर खड़े उसके परिवार के पास उसे देने को तमाम तरह के ढेर सारे कष्ट थे। दुनियाभर की तकलीफों के बीच उसके पास एक मां थी,जो उसे बहुत प्यार करती थी। वही उसका सबसे बड़ा संबल थी। यह और बात कि निर्धनता की हिंसा के बीच बचपन से ही मां को खटते देखने की तमाम स्मृतियां भी उसके जेहन से कभी नहीं गईं।

स्कूल जाती थी,लेकिन उसे बार-बार यह अहसास दिलाया जाता कि वह एक लड़की है जिसके पढ़ने-लिखने का कोई मतलब नहीं। कई बार किताबों के लिए पैसे नहीं होते थे। वह किसी सहपाठी से याचना कर किताब उधार मांग कर लाती थी। कई बार यह भी होता कि उसे स्कूल भेजने के बजाय मां के साथ घास-लकड़ी के लिए जंगल भेज दिया जाता। मां घास ढोने वाली टोकरी में उसकी किताब छिपाकर ले जाया करती। मां काम करती,वह पढ़ने की कोशिश करती,लेकिन उसके आंसू निकल आते थे कि संसार की निगाह में बेटी होना इतना बड़ा अपराध कैसे हो गया। वह बहुत कुछ करना चाहती थी, लेकिन सारे रास्ते या तो बंद थे या बंद करा दिए जाते थे। एक बार उसके दोस्त से उधार मांगी गई किताब आग के हवाले कर दी गई। उसे दोस्त से झूठ बोलना पड़ा कि किताब गुम हो गई। उस शर्मिंदगी की याद भी उसके मन से नहीं गई। जब वह दस साल की हुई, उसकी मां को आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल हो गई। घर की अनिश्चित आमदनी में आठ सौ रुपये माहवार की बढ़ोतरी हुई।

विषमतम संभव परिस्थितियों में उसने पिथौरागढ़ जिले के सल्मोड़ा गांव से फर्स्ट क्लास में हाईस्कूल पास करने में सफलता हासिल कर ली। उसे विज्ञान के विषय पढ़ने का मन था,लेकिन गांव के स्कूल में वह सुविधा न थी। उसके लिए पिथौरागढ़ जाना पड़ता-बीस रुपये रोज आने-आने के खर्च करने पड़ते जो नहीं थे। सो वहीं इंटर आर्ट्स में दाखिला ले लिया। घर पर दादी का रुतबा चलता था। उन्होंने कहा लड़कियों को पढ़ने-पढ़ाने की कोई जरूरत नहीं होती और टनकपुर में तैनात एक पुलिस वाले से उसकी शादी तय कर दी। दादी के हठ से किसी तरह उसे पिता ने बचा लिया। सातवीं क्लास से ही उसने एनसीसी में भी दाखिला ले लिया था। एनसीसी का सबसे बड़ा आकर्षण उसमें लगने वाले दो-तीन हफ्तों के कैंप होते थे। घर से बाहर रहना एक बड़ी नेमत हुआ करती थी। जीवन ने उसे यही एक सुअवसर उपलब्ध कराया था जिसे उसने दोनों हाथों से दबोच लिया। जैसे-तैसे इंटर करने के बाद कॉलेज में बीए में दाखिला ले तो लिया पर फिर से शादी का दबाव बढ़ने लगा। यह 2014 का साल था जब अठारह साल की आयु में उसने अपने पिता से तीन साल की मोहलत मांगी कि उसके बाद जो चाहो कर लेना अभी मुझे कुछ कर लेने दिया जाए। उसकी बात मान ली गई।

कॉलेज में भी एनसीसी थी। रुड़की में कैंप लगा जिसमें गणतंत्र दिवस की परेड के लिए बच्चे छांटे जाने थे। कद में छोटी होने के कारण इस परेड के लिए उसका सेलेक्शन न हो सका। उदास होकर घर वापस आना पड़ा। दो माह बाद एनसीसी की तरफ से उसके पास चिट्ठी आई कि उसका नाम रुद्र गैरा पर्वत पर चढ़ाई करने वाले एक अभियान दल के लिए छांटा गया है। पर्वतारोहण का यह उसका पहला अनुभव था जिसमें उसके साथ पच्चीस हम उम्र लड़कियां थीं। पांच हजार आठ सौ मीटर ऊंची इस चोटी की मुश्किल चढ़ाई चढ़ने में दस दिन लगे। शिखर पर पहुंचने के बाद उसके मन में सबसे पहले जंगल में घास काटती अपनी मां की छवि आई जिसने कैसे-कैसे कष्ट सहते हुए उसे यहां तक पहुंचाने में हरसंभव मदद की थी। उसे यह अहसास भी हुआ कि वह इस जीवन में खुद कुछ कर सकती है। रुद्र गैरा अभियान में उसका प्रदर्शन देखते हुए एनसीसी की तरफ से उसे अन्य अभियानों में शामिल किया गया। 2016 में जब उसका चयन त्रिशूल चोटी के आरोहण के लिए हुआ तो स्थानीय अखबारों ने खबर छापी। पहली बार उसके माता-पिता को अहसास हुआ कि शीतल कुछ ऐसा करती है,जो महत्वपूर्ण है।

त्रिशूल अभियान के लिए उत्साहपूर्वक तैयारियों में जुटी शीतल को अचानक झटका लगा जब उसका नाम अचानक मुख्य सूची से हटाकर रिजर्व सूची में रख दिया गया और अंततः वह अभियान से बाहर हो गई। उसने हार नहीं मानी और जम्मू कश्मीर में एक एडवांस कोर्स के लिए अप्लाई किया। सात हजार रुपये फीस थी। घर पर इतने पैसे न थे। किस्मत से उन दिनों पिथौरागढ़ में एक डांस प्रतियोगिता हुई,जिसे उसके छोटे भाई ने जीत लिया। उसे इनाम में दस हजार रुपये मिले,जो उसने अपनी दीदी के हाथ में रख दिए।

1996 में जन्मी शीतल की इसके बाद की कहानी एक छोटी सी लड़की के अदम्य साहस और उसकी इच्छाशक्ति की दृढ़ता की कहानी है। शीतल ने मुझे बताया बचपन से ही उसे पहाड़ों में चेहरे दिखाई देते थे। जब उसका मन व्यथा से भर जाता वह अकेली उनसे बात करने लगती थी और अपनी पूरी आत्मा उनके सम्मुख उड़ेल देती थी। कभी वे जवाब देते थे कभी नहीं।

एक नजर

विद्यार्थियों को लेकर जा रही स्कूल बस में लगी आग

कांठ (मुरादाबाद) : स्कूल से बच्चों को घर लेकर जा रही शिरडी साई पब्लिक स्कूल की बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने विद्यार्थियों को जलती बस से उतार लिया। शिरडी साई पब्लिक स्कूल मुरादाबाद की बस अपराह्न ढाई बजे लगभग छजलैट और और कांठ क्षेत्र के बच्चों को छोड़कर शेष विद्यार्थियों को उनके घर छोड़ने मिश्रीपुर मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान डॉ. पवन के नर्सिंग होम के समीप बस में शार्ट सर्किट से आग लग गई। बस में आग लगी देखकर आसपास के दुकानदार एकत्र हो गए। दुकानदारों ने किसी तरह से बस में सवार छह बच्चों को नीचे उतार लिया और चालक से बस पीछे करने के लिए कहा। इसके बाद दुकानदारों ने सब मर्सिबल से पानी डालकर आग पर काबू पा लिया।

तीन दिन की पैरोल के बाद कासगंज जेल लाया गया अब्बास अंसारी

कासगंज : पत्नी निकहत बानो से अनाधिकृत रूप से चित्रकूट की जेल में मुलाकात करने के मामले में पिछले काफी समय से कासगंज की जेल में निरुद्ध अब्बास अंसारी पिता मुख्तार अंसारी के फातिहा में शामिल होने के बाद वापस कासगंज जेल लाया गया। कड़ी सुरक्षा में उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में शिफ्ट किया गया। सुप्रीप कोर्ट की ओर से अब्बास अंसारी को 10 अप्रैल को फतिहा पढ़ने की इजाजत मिली थी। 11 और 12 अप्रैल तक की पैरोल मिली थी और गाजीपुर की जेल में रखने के साथ ही परिजनों को मिलने की अनुमति भी दी। 13 अप्रैल को उसे गाजीपुर की जेल से कासगंज के लिए रवाना किया गया। शाम को वह कासगंज जिला जेल पहुंचा। यहां अब्बास अंसारी को लाने वाला वाहन सीधे जेल परिसर में पहुंचा। उसे हाई सिक्योरिटी बैरक में भेज दिया गया। अब्बास अंसारी के भाई उमर अंसारी ने कासगंज जिला में अपने भाई की जान को खतरा बताया है। ऐसे में जेल प्रशासन ने अब्बास अंसारी की सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए हैं। सीसीटीवी एवं बॉडीबॉर्न कैमरे से कड़ी निगरानी की जा रही है। सुरक्षा में कर्मचारी भी लगा दिए गए हैं।

भाजपा के मददगारों से सतर्क रहें : अखिलेश

जेवीएम इंटर कॉलेज में सपा प्रमुख ने जनसभा को किया संबोधित

संवाददाता, नहटौर (बिजनौर)

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडी गठबंधन का सहयोग करना आवश्यक है। कुछ लोग भाजपा की मदद करने के लिए आए हैं। उनसे चौकस रहने की जरूरत है। भाजपा उन्हें सिक्योरिटी उपलब्ध करा रही है। इस सिक्योरिटी के चक्कर को समझना होगा।

वह जेवीएम इंटर कॉलेज में सपा-कांग्रेस गठबंधन की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि गठबंधन की शुरुआत आपको करनी है। सपा ने समय-समय पर गठबंधन के लिए काम किया है। 2022 में हम हारे नहीं, हमें हराया गया। इस बार जनता का चुनाव है और उसके बीच बुनियादी सवालों का इस सरकार के पास कोई जवाब नहीं है। सामाजिक न्याय की लड़ाई गठबंधन लड़ रहा है। संविधान के अधिकारों की लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी। आजादी के बाद हमें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह यह सरकार नहीं दिला पाई है। लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश हो रही है। इस देश की आजादी में हिंदुओं के साथ-साथ मुसलमानों ने भी कंधा मिलाकर साथ दिया था। उन्होंने कहा कि आज बेरोजगारी चरम पर है। सरकार विश्व में भारत को सबसे आगे बढ़ने का सपना दिखा रही है, जबकि युवा आत्महत्या कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। कोई भी ऐसी परीक्षा नहीं है, जिसका पेपर लीक नहीं हुआ। यदि पहली परीक्षा में कार्रवाई होती तो किसी की हिम्मत नहीं थी कि अगली परीक्षा का पेपर लीक होता। पेपर लीक नहीं हो रहे, कराए जा रहे हैं। भाजपा से होशियार पार्टी, कोई नहीं है। साजिश रचने में माहिर है। उनकी साजिश से बचाना है। दबाव बनाकर चंदा एकत्रित

किया जा रहा है। इसमें ईडी व सीबीआई का इस्तेमाल भी खूब हो रहा है। महंगाई भाजपा की चंदा वसूली नीति है। जिन लोगों से चंदा लिया जा रहा है, उन्हें खुली छूट दे जा रही है।

यह वे लोग हैं जो कानून और संविधान की कोई चिंताएं नहीं रखते है। उनकी पार्टी के खिलाफ जो कोई आवाज उठाता है, उसे झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेज देते हैं। कई विधायकों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। लालच देकर इंडिया गठबंधन को तोड़ने का प्रयास भी किया गया है। दिल्ली से सिक्योरिटी उन्हें ही मिलती है जो भाजपा के इशारे पर काम करते हैं। चुनाव में उसका लाभ भाजपा को मिलता है। कांग्रेस-सपा, आम आदमी पार्टी हम सब मिलकर लोकतंत्र को बचाना चाहते हैं। प्रदेश में सपा मजबूती के साथ इनका मुकाबला करने के लिए खड़ी है। दलित पिछड़ो, अल्पसंख्यक को हक दिलाने का काम सपा ने किया है। कुछ लोग भाजपा के साथ मिलकर सपा को हराने के लिए काम कर रहे हैं, ऐसी ताकतों से चौकस रहना होगा। उन्होंने नगीना लोकसभा सीट के प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार व बिजनौर लोकसभा सीट के प्रत्याशी दीपक सैनी को वोट देने की अपील की। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष अनिल यादव, विधायक स्वामी ओमवेश, मनोज पारस, शेरवाज पठान, पूर्व सांसद यशवीर सिंह, शेख सुलेमान, नईमुलहसन, इमरान, नजाकत अली, काजी जमाल नासिर, फारूक, डॉ. शहबाज अली, बुनियाद अली, भीम सिंह, ओमवती, प्रभा चौधरी, मीनाक्षी, अनिल कुमार, डॉ. लुकमान आदि मौजूद रहे।

भाजपा को पैसा देने वाली कंपनियों पर नहीं होती कार्रवाई

उन्होंने कहा कि जो महापुरुष तस्वीरों में दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने बहुत संघर्ष किया है। यह संविधान हमें आसानी से नहीं मिला। इसके लिए जाने कितने लोगों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है। उन्होंने कहा कि ढाई लाख वोट हर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी का काम हो गया है, जो लोग नारा दे रहे हैं कि 400 पार, उन्हें आखिरकार मुख्यमंत्री को क्यों जेल भेजना पड़ रहा है। अगर 400 पार सरकार बना रहे हैं तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को क्यों जेल भेजना पड़ा। उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल ब्रांड से पैसा भाजपा के पास कैसे पहुंच गया। यह लोग अरविंद केजरीवाल और अन्य लोगों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। हर एक कंपनी भाजपा को इलेक्टोरल ब्रांड से पैसा दे रही है। उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

मौलाना तौकीर रजा ने सपा भाजपा पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दुर्योधनों और दुशासन से देश को बचाएं

अमृत विचार : बरेली से आए मौलाना तौकीर रजा ने भाजपा और सपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर झूठे मुकदमे लगाए और गिरफ्तार किया। कहा कि हम मिशन लेकर चल रहे हैं। इसमें हिन्दू-मुस्लिम सब शामिल हैं। कोई हिन्दू नहीं चाहता कि देश में महाभारत हो। उनके हिन्दू दोस्तों ने बताया कि हम बेरोजगारी बर्दाश्त कर रहे हैं। कहा कि ईवीएम के माध्यम से 400 के पार कर सकते हैं।

हाईवे स्थित एक होटल में हुई पत्रकार वार्ता में मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि अखिलेश यादव ने आजम खां की बात नहीं मानी। आजम खां ने अखिलेश यादव को सही सुझाव दिया था कि वह रामपुर से चुनाव लड़ लें। लेकिन, अखिलेश यादव ने रामपुर में डमी प्रत्याशी उतारकर भाजपा की राह आसान कर दी है। अखिलेश यादव की बाबत कहा कि वह चाहते हैं कि उनके परिवार वालों की सभी सीटें जीत लें और बाकी सीटों पर भाजपा को लाभ मिल जाएं। भाजपा सरकार में मुसलमान इसलिए सुरक्षित हैं कि मंदिरों और मस्जिदों पर बम नहीं फेंके जाते।

मुसलमान नौजवानों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। वह भाजपा सरकार में सुरक्षित हैं। कहा कि पुलवामा की जांच होनी चाहिए। सतपाल मलिक ने मुंह खोला तो उनके घर ईडी का छापा डलवाया गया। कहा कि वह हमेशा राष्ट्रवादी रहे हैं। खुद को राष्ट्रवादी कहने वाले ढोंग करते हैं। सच्चा और पक्का मुसलमान वह है जो अपने वतन से मोहब्बत करता हो। मुसलमानों के खिलाफ भाजपा और आरएसएस साजिशें रचती रहती है।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति ने किया दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश की ओर से शनिवार को बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान संघर्ष समिति ने भीमराव अंबेडकर स्मारक गोमतीनगर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। कार्यक्रम में ऐलान किया गया कि भारत के संविधान की 5 लाख निःशुल्क प्रतियां बांटी गई हैं, उसे आगे भी बांटने का कार्यक्रम चलता रहेगा। इस मौके पर संघर्ष समिति संयोजक मंडल की ओर से बाबा साहब जल्दी आना गीत को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए लॉन्च किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में भीम गीतकार आरडी गौतम ने बाबा साहब के गीतों पर शमा बांध दिया। जिसके बाद बाबा साहब स्मारक जय भीम के गीतों से गूंज उठा।

आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के प्रमुख संयोजक अवधेश कुमार वर्मा ने संयोजक मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भारत के संविधान को निःशुल्क प्रतियां जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करते हुए उनके रास्ते पर चलकर ही मिशन को पूरा करने को कहा।

इस मौके पर समिति के केबी राम, राम शब्द जैसवारा आरपीकेन एसपी सिंह, पीएम प्रभाकर, अनिल कुमार, राजेश कुमार, महेंद्र सिंह, श्यामलाल, लेखराम, प्रेमचंद, अजय कुमार, दिनेश कुमार, जितेंद्र कुमार, धीरेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहें। संघर्ष समिति की ओर से रविवार को 10 कुंतल भोजन और फल दान का कार्यक्रम भी किया जायेगा।

पुलिस हिरासत में ग्रामीण की मौत, परिजन का हंगामा

संवाददाता, मितौली (लखीमपुर खीरी)

- चौकी इंचार्ज और हेड कांस्टेबल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: पांच साल की बालिका की गला दबाकर हत्या करने के मामले में थाने लाए गए ग्रामीण की मौत हो गई। परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगाया और पांच घंटे हंगामा किया। परिजनों की तहरीर पर चौकी इंचार्ज पिपरझला, हेड कांस्टेबल पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

गांव पकरिया जलालपुर के अनूप कुमार की पांच साल की पुत्री अंशू तीन अप्रैल को लापता हो गई थी। अगले दिन उसका शव झाड़ियों में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। संदेह पर पुलिस शुक्रवार को गांव के आशाराम को थाने लाई और उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस सीएचसी ले गई, जहां से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टर ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजन रात में ही वहां पहुंचे और शव घर ले आए। शनिवार सुबह मृतक के शरीर पर चोटों के निशान दिखा तो पुलिसकर्मियों पर पिटाई और करंट लगाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की और शव सड़क पर रखकर हंगामा किया। सीडीओ अनिल सिंह व एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह के सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर परिजन शांत हुए।

वोट का निशान दिखाइए चुनाव बाद हफ्तेभर तक छूट लीजिए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मतदाताओं को जगाने के लिए भूतनाथ व्यापार मंडल ने की पहल
- मतदान करने का लिया संकल्प, भूतनाथ बाजार में दो से दस फीसद तक छूट देने का एलान

अमृत विचार: भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल ने भूतनाथ मार्केट में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पहल की। इसमें मतदाता वोट देने के बाद अपने उंगली में लगी स्याही दिखाए और उसे भूतनाथ बाजार में दो से दस फीसद की छूट दी जाएगी। छूट का लाभ मतदाता चुनाव बाद एक हफ्ते तक ले सकता है। यह जानकारी आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने दी।

उन्होंने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए संगठन से जुडे. भूतनाथ मार्केट ने इसे शुरू करने का निर्णय लिया है। इससे पूर्व व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने मतदाता जागरूकता मार्च निकाला। अनिवार्य मतदान का संकल्प लिया। संगठन के वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान नागरिकों का अधिकार भी है और कर्तव्य भी। सभी नागरिकों को इसका प्रयोग करना चाहिए। बाजार में महामंत्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि पदाधिकारियों ने दुकान- दुकान जाकर व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

इस मौके पर प्रमोद बंसल, राजेश कुमार, कृष्ण वीर सिंह बंटू, मीडिया प्रभारी अश्वनी जायसवाल, धर्मेंद्र साहू , दीपा अरोड़ा, सुधांशु गुप्ता, सौरभ अरोड़ा, अनिल मुख्य रूप से मौजूद रहे।

भाजपा ईवीएम के सहारे सत्ता में आने का प्रयास करेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हरिद्वार में चुनावी रैली में भाजपा को लिया आड़े हाथ

अमृत विचार। हरिद्वार में शनिवार को बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा की केन्द्र सरकार पर जमकर बरसी, उन्होंने कहा भाजपा ने 10 सालों में एक चौथाई विकास भी नहीं किया।

भाजपा ने अधूरा आरक्षण का कोटा भी अभी तक नहीं भरा है। भाजपा ईवीएम के सहारे एक बार फिर सत्ता में आने का प्रयास करेगी, इसलिए सभी को बसपा के पक्ष में मतदान करना है।

चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा भाजपा सरकार ने आज तक लोगों का उत्पीड़न किया है। हल्द्वानी में वर्षों पुरानी मस्जिद को तोड़कर भाजपा ने अपना असली चेहरा दिखाया है। उन्होंने कहा आज भ्रष्टाचार चरम पर हैं, देश की सीमाएं भी सुरक्षित नहीं हैं।

केंद्र की गलत नीतियों और कार्य प्रणाली से आमजन परेशान है। इनकी कथनी और करनी में काफी अंतर है। बीजेपी ने हमेशा दलितों व अन्य पिछड़े वर्गों का शोषण किया है। भाजपा के राज में देश में लगातार महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

आज से 16 तक निरस्त रहेंगी कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गोरखपुर-गोंडा खंड जगतबेला-सहजनवा-मगहर स्टेशनों के बीच आटोमेटिक सिगनलिंग का काम चल रहा है।

ऐसे में रेलवे ट्रैफिक ब्लाक ले रखा है। इसके चलते 14 से 16 अप्रैल तक लखनऊ से रवाना होने वाली कई ट्रेनें तीन दिनों तक निरस्त की गई हैं। नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते कई ट्रेनों के मार्ग में ट्रेनों के मार्गों में बदलाव और ठहराव पर रोक लगाई गई है।

इन ट्रेनों का ठहराव 16 तक जगतबेला व सहजनवा में नहीं होगा

- ट्रेन नंबर 15203 बरौनी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस
- ट्रेन नंबर 15204 लखनऊ जं.-बरौनी एक्सप्रेस
- ट्रेन नंबर 19037 बांद्रा टर्मिनस से बरौनी एक्सप्रेस
- ट्रेन नंबर 19038 बरौनी से बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस
- ट्रेन नंबर 15007 बनारस सिटी से लखनऊ जं.
- ट्रेन नंबर 15008 लखनऊ जं. से बनारस सिटी

ये ट्रेनें नहीं आएंगी ऐशबाग

- बरौनी से 15 व 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 02563 बरौनी-नई दिल्ली
- नई दिल्ली से 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 02564 नई दिल्ली-बरौनी
- दरभंगा से 15 व 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 02569 दरभंगा-नई दिल्ली
- नई दिल्ली से 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 02570 नई दिल्ली-दरभंगा

ये ट्रेनें रहेंगी निरस्त

- लखनऊ जं. से गोरखपुर 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 12532
- गोरखपुर से लखनऊ जं. 15 व 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 12531
- रक्सौल से आन्नद विहार 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15273
- आनन्द विहार से रक्सौल 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15274
- छपरा कचहरी से गोमतीनगर से 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15114
- गोमती नगर से छपरा 14 व 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15113
- पाटलिपुत्र से लखनऊ जं. 15 व 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 12529
- लखनऊ जं. से पाटलिपुत्र 15 व 16 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 12530 निरस्त
- छपरा से मथुरा जं. एक्सप्रेस 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 22531
- मथुरा जं. से छपरा 15 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 22532

आउटर रिंग रोड बनने से विकास को मिलेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लोकसभा चुनाव को लेकर विभागों व प्रकोष्ठों की हुई बैठक

अमृत विचार: आउटर रिंग रोड बनने से विकास को रफ्तार मिलेगी। साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित होने से रोजगार का सृजन होगा।

उक्त बात लाखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने विभाग और प्रकोष्ठ की बैठक के दौरान कही। कहा कि विभाग और प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ लोकसभा चुनाव में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। सभी विधानसभाओं में मंडल, वार्ड स्तर पर योजनाओं के लाभ, विकास कार्यों की लोगों से चर्चा करना है। लोकसभा चुनाव संयोजक एवं एमएलसी मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। 2047 तक विकसित भारत बनाने का प्रधानमंत्री का संकल्प सभी के सहयोग से ही संभव हो सकता है।

राजनाथ को विजयी बनाने का आह्वान

लखनऊ: भाजपा महिला संवाद कार्यक्रम में लोगों से राजनाथ सिंह को लखनऊ से तीसरी बार सांसद बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही कहा गया कि मोदी सरकार में नारी रक्षा, सुरक्षा और सम्मान का एहसास हुआ।

उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, अपर्णा बिष्ट, मेयर सुषमा खर्कवाल, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय प्रभारी रमा सिंह, पार्षद मान सिंह, राघवराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-39

बाएं से दाएं

1. दुगना, दूना।
3. दे. ऐलबम।
5. रिकार्ड किए संगीत को बजाने का उपकरण (जो उत्कृष्ट स्वर उत्पन्न करता है)।
7. क्षार, खार।
9. 1. संगीन अपराधियों को रखने के लिए कारावास में बनी बहुत छोटी और अँधेरी कोठरी 2. बहुत छोटा और अँधेरा कमरा।

ऊपर से नीचे

2. 1. दस का मान या भाव 2. लिखे हुए अंकों की गिनती के क्रम में दाहिनी ओर से दूसरे स्थान पर आने वाला अंक जिसका मान पहले अंक से दस गुना होता है।
4. 1. शक्तिशाली, ताकतवर 2. महारथी।
6. 1. वह मादा खच्चर जो मिस्र के हाकिम ने मुहम्मद साहब को भेंट की थी 2. मुहर्रम की आठवीं तारीख़ को जुलूस के साथ निकाला जाने वाला वह कोतल घोड़ा जिसके साथ शिया मुसलमान मातम करते हुए चलते हैं।
8. 1. नाम संबंधी 2. केवल नाम मात्र का जिसका वास्तविक तथ्य से कोई संबंध न हो, (नॉमिनल)।



वर्ग पहेली -38 का हल

1 नि	का	ला	■	2 गि	■	■
मे	■	■	3 धु	न	की	■
ष	■	4 ज	क	ना	■	5 उ
■	6 नु	■	धु	■	■	प
7 वै	मा	नि	की	■	■	च
■	इ	■	■	■	■	रि
8 बे	श	र	मी	■	■	त

सुडोकू-118

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			7				9	
6		2					7	
9			4			5		
4		7			1	8		
	3						6	
		5	9		6			3
		8			2			7
	9					2	5	
	1				3			

सुडोकू -117 का हल

5	8	1	2	6	7	4	3	9
9	7	4	3	8	1	5	6	2
2	6	3	4	9	5	8	1	7
7	3	9	5	1	8	6	2	4
4	5	6	9	3	2	7	8	1
1	2	8	7	4	6	3	9	5
6	4	7	1	2	3	9	5	8
3	9	2	8	5	4	1	7	6
8	1	5	6	7	9	2	4	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 11.43 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 15 अप्रैल 01.35 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की संभावना बन रही है। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

वृष — आज यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिए दिन बहुत अच्छा है। पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। दिन लिए काफी खर्चीला रहेगा।

मिथुन — आज आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है। विद्यार्थियों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। दोस्ती प्रेम संबंधों में बदल सकती है।

कर्क — आज आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिए। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है। अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिए। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है।

सिंह — आज प्रेमीजन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे।

कन्या — आज पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है। सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। मन काफी चंचल रहेगा, लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे।

तुला — आज लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे।

वृश्चिक — आज व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

धनु — आज काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक संबंध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा। आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे।

मकर — आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिए। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, किंतु आपके चलते हुए कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है।

कुंभ — आज आपको अपने मान-सम्मान की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है। संतान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें।

मीन — आज नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कातिलों के कातिल — दोपहर : 12.00
- मिस्टर नटवर लाल — रात : 08.38

&pictures
- राधे — सुबह : 11.14
- टॉइलेट-एक प्रेम कथा — शाम : 04.57

SONY PIX
- बुलैट ट्रेन — सुबह : 09.34
- द अनहोली — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- रक्षा बंधन — सुबह : 11.30
- खिलाड़ी — रात : 08.30

StarGold SELECT
- मेड इन चाइना — सुबह : 09.30
- बैंग बैंग — शाम : 06.30

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.57 बजे

जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

चुनावी गतिविधियां

- **मतदान के लिए तैयारी तेज, 19 को पहले चरण का मतदान :** प्रदेश में पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी तेज हो गई है। पहले चरण में मतदान 19 अप्रैल व दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होगा। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही, बीएलओ के जरिये मतदाताओं को सूचना पर्ची समय पर पहुंचाने को कहा गया है। इसके साथ ही, सुरक्षा बलों की तैनाती के लिए इंतजाम किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ ही, प्रदेश के पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ मतदान केंद्रों पर भी सुरक्षा व अन्य सुविधाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ,जिससे की इस बार प्रदेश का मतदान प्रतिशत पिछली बार से और अधिक बढ़ाया जा सके।

किसान हित की योजनाओं का असर दिखेगा चुनाव में

मिशन 80 साधने में न सिर्फ केंद्र बल्कि प्रदेश सरकार की भी होगी परीक्षा

2.68 करोड़ को पीएम किसान सम्मान निधि में मिले 68,139 करोड़ रुपये

निजी नलकूपों से सिंचाई को मुफ्त बिजली का राज्य सरकार ने दिया तोहफा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में किसान का मुद्दा खूब हावी है, लेकिन किसान कहीं जाति में बंटे नजर आ रहे हैं, तो कहीं चुप्पी साधे हुए हैं। विपक्ष महंगी हो रही खेती के मुकाबले आय कम होने से एमएसपी के मुद्दे को गरमा रहा है, जबकि भाजपा गठबंधन के नेता कांग्रेस और सपा सरकारों की याद दिलाकर किसानों की न सिर्फ सुधरी हालत, बल्कि दबंगई और गुंडागर्दी समेत नौकरी में उनके बच्चों से वसूली की मुद्दे पर माहौल बना रहे हैं। लेकिन असली परीक्षा डबल इंजन सरकार की किसान हित की योजनाओं की होने वाली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लकेर राजग के सभी बड़े-छोटे नेता डबल इंजन सरकार में पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर राज्य सरकार की ओर से नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ना मूल्य के भुगतान से लेकर नई चीनी मिलों की स्थापना पर वोट मांग रहे हैं। देखना होगा मिशन-80 सीटों के लक्ष्य को पूरा करने में कितना ट्रंप कार्ड साबित होगी। भाजपा के मुताबिक किसानों को निजी नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का ऐलान करके अपने संकल्प को पूरा किया है।

न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष

अन्नदाता किसानों को राहत देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं को भी प्रदेश में कुशलता के साथ लागू किया गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम आय सहायता के रूप में 6 हजार रुपए प्रति वर्ष प्रदान करने की पहल की, जिसके तहत देश में कुल 12 करोड़ और प्रदेश के 2.68 करोड़ अन्नदाता किसान लाभान्वित हो रहे हैं। फरवरी 2024 तक प्रदेश भर में पात्र किसानों को 68,139 करोड़ डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में भेजे जा चुके हैं।

गन्ना किसानों को मिली मजबूती

भाजपा प्रवक्ता का कहना है कि गन्ना किसानों के लिए भी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं, जिससे उनकी आय में गुणात्मक वृद्धि हुई है। इसके तहत राज्य सरकार द्वारा 2017 से अब तक लगभग 2.50 लाख करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान कराया गया है। सरकार ने 7 वर्षों में गन्ना समर्थन मूल्य में 55 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। मार्च 2017 से अब तक 3 नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है, जबकि 5 चीनी मिलों के पुर्नसंचालन एवं 38 चीनी मिलों में क्षमता विस्तार से कुल 107100 टीसीडी की अतिरिक्त पेराई क्षमता का सृजन हुआ। इससे लगभग 117810 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है।

मायावती आज मुजफ्फरनगर से शुरू करेंगी चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिम उप्र में छह दिन में 13 जिलों में संबोधित करेंगी रैलियां

अमृत विचार : उप्र. में बसपा सुप्रीमो मायावती कल रविवार से लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने निकलेंगी।

पहले चरण के चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रचार अभियान की की शुरूआत पश्चिमी उप्र. से करेंगी और छह दिन में 13 रैलियां संबोधित करेंगी। पहली चुनावी रैली 14 अप्रैल को मुजफ्फरनगर में दारा सिंह प्रजापति और उसी दिन सहारनपुर में प्रत्याशी माजिद अली के समर्थन में संबोधित करेंगी।

लोकसभा चुनाव में हरिदार से प्रचार शुरू करने वाली मायावती उप्र. में पहले चरण में 14 से 16 अप्रैल के मध्य छह सीटें और फिर 21 से 24 अप्रैल के मध्य सात सीटों में सभाएं करेंगी। पहले दिन की रैलियों के बाद अगले दिन 15 अप्रैल को रामपुर में जीशान खां और उसी दिन मुरादाबाद में मो.इरफान सैफी के लिए के लिए संभाएं होगी। इसके बाद नगीना सुरक्षित सीट पर सुरेन्द्र पाल सिंह और बिजनौर में बिजेंद्र सिंह के समर्थन में 16 अप्रैल को चुनावी रैली संबोधित करेंगी।

पांच दिन विश्राम के बाद मायावती 21 अप्रैल को गाजियाबाद, बागपत और अमरोहा में कुल तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगी। अगले दिन 22 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर और अंत में 23 अप्रैल को मेरठ और हापुड में प्रचार अभियान जारी रखेंगी।

गोंडा सांसद के भाग्य का फैसला करेंगे जिले के 4.26 लाख मतदाता

लाल जी सिंह, बलरामपुर

- गोंडा संसदीय क्षेत्र में शामिल है जिले की उतरौला विधानसभा
- पांचवें चरण में 20 में को इस विधानसभा क्षेत्र में होगा मतदान

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बलरामपुर जिले में दो चरणों में मतदान होगा। पांचवें चरण में यहां उतरौला विधानसभा क्षेत्र के 4.26 लाख मतदाता गोंडा संसदीय क्षेत्र के सांसद का चुनाव करेंगे। छठवें चरण में श्रावस्ती सांसद के लिए वोट डाले जाएंगे। छठवें चरण में बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, तथा गैंसड़ी के मतदाता वोट डालेंगे।

बताते चलें कि वर्ष 2009 में परिसीमन के दौरान बलरामपुर संसदीय क्षेत्र का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। जिले की चार विधानसभाओं को दो संसदीय क्षेत्रों में बांट दिया गया। गोंडा संसदीय क्षेत्र में जिले की सर्वाधिक मतदाता वाली विधानसभा उतरौला को शामिल कर दिया गया। शेष तीन विधानसभा बलरामपुर सदर, तुलसीपुर, और गैंसड़ी को श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र में शामिल कर दिया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में गोंडा संसदीय क्षेत्र के लिए पांचवें चरण में मतदान होगा। उतरौला विधानसभा के मतदाता पांचवें चरण में मतदान करेंगे ।भाजपा ने गोंड़ा संसदीय क्षेत्र से वर्तमान सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को अपना उम्मीदवार बनाया है। सपा ने यहां से बाराबंकी के बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। यह पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा की बेटी है।

बसपा तथा अन्य दलों ने अभी इस क्षेत्र में अपना पता नहीं खोला है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र मुस्लिम और वर्मा बाहुल्य माना जाता है । यहां से भाजपा के वर्तमान विधायक राम प्रताप वर्मा अपनी बिरादरी में अच्छी खासी पकड़ रखते हैं। वही पिछले वर्षों में गोंडा संसदीय क्षेत्र से जीत का परचम लहरा चुके बाबू बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा भी एम के वाई(मुस्लिम, कुर्मी, यादव) समीकरण के सहारे एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने की फिराक में है। अब देखना यह है कि मनकापुर राज परिवार के उत्तराधिकारी कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया अपनी जीत की हैट्रिक लगा पाते हैं। या फिर श्रेया वर्मा उनकी राह में रोड़ा अटका सकती हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को भाजपा के परंपरागत वोटों पर पूरी तरह विश्वास है। मतदाता अभी खामोश है ।मतदाताओं की चुप्पी ने प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों की धड़कनें बढ़ा रखी है।

विधानसभा क्षेत्र वार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
1-मेहनौन	378547	175126	203414	07
2-गोंडा सदर	360423	168753	191639	31
3-मनकापुर	338771	158730	180035	00
4-गौरा	333641	154046	179588	07
5-उतरौला	426913	195767	231116	30

जातीय गणित से तय होता है कबीर की धरती का चुनाव परिणाम

भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब

सपा-बसपा में उम्मीदवार चयन को लेकर असमंजस

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

अमृत विचार। कबीर की धरा पर चुनाव की सरगर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। छठवें चरण में यहां मतदान होना है। इसी महीने के अंतिम सप्ताह से नामांकन भी शुरू हो जाएगा।

भाजपा ने काफी पहले ही अपने वर्तमान सांसद प्रवीण निषाद को एक बार फिर मैदान में उतार दिया है। वहीं सपा और बसपा के सुप्रीमो जातीय समीकरण में उलझकर उम्मीदवार के चयन को लेकर असमंजस में हैं।

इस बात से सबसे ज्यादा हैरान कार्यकर्ता हैं। उन्हें अभी यह समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उम्मीदवार को लेकर पेंच कहां फंस रहा है। सोशल मीडिया पर लोग अपने-अपने उम्मीदवार को टिकट दिला रहे हैं, लेकिन अब देखने की बात होगी कि पार्टी किस पर दांव लगाती है।

27 साल पूर्व हुआ था जनपद का सृजन

संतकबीरनगर। लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश राज्य की 80 लोकसभा सीटों में से एक है। पहले यह क्षेत्र बस्ती जिले का हिस्सा था। लेकिन बाद में 5 सितंबर 1997 को संत कबीर नगर के रूप नए जिले की स्थापना कर दी गई। संत कबीर नगर को महान संत कबीर दास की धरती के रूप में जाना जाता है। 2002 में बने परिसीमन आयोग की सिफारिश पर 2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। इसके एक साल बाद यहां पहला लोकसभा चुनाव लड़ा गया।

संतकबीर नगर लोकसभा क्षेत्र की खास बातें

संतकबीरनगर। संतकबीर नगर उत्तर प्रदेश का लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसका मुख्यालय खलीलाबाद है। यहां के मगहर में संतकबीरदास का विश्व प्रसिद्ध स्मारक है। यह उत्तर में सिद्धार्थ नगर और महाराजगंज जिलों से पूर्व में गोरखपुर जिले से दक्षिण में अम्बेडकर नगर जिले से और पश्चिम में बस्ती जिले की सीमा से घिरा है। तामेश्वरनाथ महादेव मंदिर, भंगेश्वरनाथ मंदिर बखिरा, हशेश्वरनाथ मंदिर हैंसर बाजार, कुबेर नाथ मंदिर मेंहदावल और बखिरा झील यहां के प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। दिल्ली से संत कबीर नगर की दूरी 728.6 किलोमीटर है और लखनऊ से 237.1 किलोमीटर है।

संतकबीरनगर लोकसभा सीट का जातीय समीकरण

संतकबीरनगर। लोकसभा सीट में कुल 19,44,454 मतदाता हैं। जिसमें महिला वोटरों की संख्या 8,87,227 है। वहीं पुरुष वोटर की संख्या 10,57,144 है। एक अनुमान के मुताबिक, जाति के आधार पर क्षेत्र में निषाद मतदाताओं की तादाद करीब डेढ़ लाख, मुस्लिम मतदाता सवा छह लाख, यादव मतदाता 1 लाख 30 हजार, कुर्मी मतदाता 1 लाख 20 हजार, ब्राह्मण मतदाता 3 लाख, क्षत्रिय मतदाता सवा लाख, भूमिहार मतदाताओं की संख्या 50 हजार और दलित मतदाताओं की संख्या करीब साढ़े चार लाख है।

जिले की लोकसभा का हाल

संतकबीरनगर। संत कबीर की निर्वाण स्थली मगहर इसी क्षेत्र में है। संत कबीर नगर लोकसभा सीट से 2014 में भाजपा के शरद त्रिपाठी ने जीत हासिल किया था। उसके बाद भाजपा के ही प्रवीण निषाद यहां से चुने गए। घाघरा और राप्ती के बीच बसा संत कबीर नगर बस्ती मंडल का हिस्सा है। इस सीट पर वर्ष 2009 में बसपा के भीष्मशंकर उर्फ कुशल तिवारी चुनाव जीतकर संसद में पहुंचे थे। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के शरद त्रिपाठी ने यहां पर जीत हासिल किया। डेमोग्राफी, विधानसभा और मुद्दे इस लोकसभा सीट में विधानसभा की पांच सीटों में खलीलाबाद, धनघटा, मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के विधानसभा क्षेत्रों के अलावा अम्बेडकर नगर जिले की आलापुर और गोरखपुर जिले का खजनी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। कभी बुनकरों और जूट उद्योग के लिए प्रसिद्ध संतकबीरनगर में औद्योगिक स्थिति बदहाल है। चुनाव में यह एक अहम मुद्दा होगा। यहां की औसत साक्षरता दर 55.6 फीसद है।

आईना : संतकबीरनगर लोकसभा सीट





दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	शरद त्रिपाठी	3,48,892
बसपा	भीष्म शंकर	2,50,914
सपा	भाल चन्द्र यादव	2,40,169
पीईसीपी	राजा राम	69,193
कांग्रेस	रोहित कुमार पांडे	22,029

2008 में संतकबीरनगर लोकसभा सीट अस्तित्व में आई

19,44,454 कुल मतदाता

पुरुष - 10,57,144

महिला - 8,87,227

2019 नोटा 12,631

2009 चुनाव के आंकड़े

प्रवीण कुमार निषाद।

भीष्म शंकर तिवारी।



रायबरेली का सलोन विधानसभा क्षेत्र अमेठी संसदीय क्षेत्र का है हिस्सा

रायबरेली के मतदाता भी चुनते हैं अमेठी का सांसद

1967 में अस्तित्व में आए अमेठी लोकसभा क्षेत्र में रायबरेली जिले का सलोन विधानसभा क्षेत्र भी शामिल किया गया था

सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधानसभा क्षेत्र के मतदातओं पर विशेष रूप से रहती है

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। रायबरेली जिले के मतदाता अमेठी का भी सांसद चुनते हैं। जी हां, रायबरेली का सलोन विधान सभा ऐसा क्षेत्र है जो रायबरेली का नहीं बल्कि अमेठी का सांसद चुनता है। जिले का सलोन विधान सभा अमेठी संसदीय क्षेत्र में शामिल है यही वजह है कि यहां के मतदाता अमेठी का सांसद चुनने के लिए वोट करते हैं।

1967 में अस्तिस्व में आई अमेठी लोक सभा में रायबरेली जिले का सलोन विधान सभा भी शामिल किया गया था। जिससे रायबरेली के लोग भी अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दलों की नजर सलोन विधान सभा पर जरूर रहती है।

राजनीतिक दलों की चुनावी रणनीति में सलोन विधान सभा प्रमुख रूप से शामिल रहता है। इस बार सलोन विधान सभा में कुल 3,61,227 मतदाता अमेठी का सांसद चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं इस बार भी लोक सभा चुनाव में रोचक मुकाबला भी देखने को मिलगा। फिलहाल कांग्रेस ने यहां पर अपना पत्ता नहीं खोला है, जिससे यहां के मतदाता अभी मौन हैं।

सलोन आंकड़ों पर एक नजर

लोकसभा क्षेत्र अमेठी

सलोन में कुल ब्लॉक	03
कुल नगर पंचायत	03
कुल मतदान केंद्र	227
कुल मतदेय स्थल	369
कुल जोन	03
कुल सेक्टर	30



महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का है कब्जा

वर्तमान समय में सलोन विधानसभा के महत्वपूर्ण पदों पर भाजपा का ही कब्जा है। विधायक अशोक कुमार भाजपा के हैं। सलोन ब्लॉक प्रमुख अंजू कुशवाहा, डीह ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश, छतोह ब्लॉक प्रमुख संगीता भाजपा की है। नगर पंचायत सलोन के अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी, परशदेपुर के अध्यक्ष विनोद कौशल भाजपा में शामिल हो गए है। नसीराबाद के अध्यक्ष मोहम्मद अली भी भाजपा के ही कार्यक्रमों के देखे जाते हैं। सलोन में चार, डीह में तीन व छतोह में दो जिला पंचायत सदस्य हैं। इसमें भी ज्यादातर भाजपा से ही जुड़े हैं। कुछ निर्दलीय हैं। जबकि सलोन तृतीय से अयोध्या प्रसाद कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य हैं।

मायावती सरकार ने बदला नाम

मायावती सरकार ने जब अमेठी को छत्रपति शाहूजी महाराज नगर के नाम से जिला बनाया था तब रायबरेली जिले की सलोन और तिलोई को भी जिले में शामिल किया था। सत्ता परिवर्तन होने के बाद अखिलेश यादव सरकार ने जिले का नाम बदलकर अमेठी कर दिया था। सलोन विधान सभा को वापस रायबरेली में जोड़ दिया गया था। मामला कई वर्षो तक कोर्ट में भी चला था।

अस्तित्व खो रही भाजपा व रालोद की समन्वय समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊः लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को जिताने के लिए रालोद और भाजपा की गठित सात सदस्यीय चुनाव समन्वय समिति पहले ही चरण में ही महत्ता खोती जा रही है। भाजपा के चार और रालोद के तीन पदाधिकारियों की समिति को लेकर पार्टी द्वारा हर सीट पर प्रत्याशियों के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने व दिक्कतों को दूर करने का दावा किया गया था।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का कहना है कि समन्वय समिति द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर व्यवहारिक दिक्कतों को दूर कराया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर चुनाव प्रचार में आवश्यक विषयों पर चर्चा की जा रही है। वहीं व्यापार प्रकोष्ठ के रोहित अग्रवाल का कहना है समन्वय समिति का गठन चुनाव के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए हुआ था, मगर अभी तक कोई समस्या उभरकर नहीं आयी है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा हर समस्या का समाधान पार्टी स्तर पर किया जा रहा है।

अखिलेश के तीन यार-आजम अतीक और मुख़्तारः केशव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपमुख्यमंत्री ने कहा - सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं और दंगाईयों की फैक्ट्री

अमृत विचारः भाजपा के वरिष्ठ नेता व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा पर तीखा हमला बोला। कहा कि अखिलेश यादव के तीन यार- मोहम्मद आज़म खान, अतीक अहमद और मुख़्तार अंसारी। हालांकि इनमें से दो चले गए। कहा कि सपा गुंडे, अपराधियों, माफियाओं, दंगाईयों की फैक्ट्री है। अपराधियों की रहनुमाई के कारण सपा अब सफा हो गई है। दावा किया कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें।

वे शनिवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा की सरकार के समय प्रसिद्ध नारा था जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। हर सपाई का था नारा, खाली मकान-प्लॉट हमारा। अखिलेश की सरकार के समय प्रदेश का हर जिला अपराध से पीड़ित था और दंगों की आग में झुलस रहा था। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक के विरोधी हैं। इनका पीडीए परिवार डिवेलप्मेंट अथॉरिटी है। इंडी गठबंधन के सभी नेता एक दूसरे के परिवारों का ही हित साधने में ही बिजी हैं। इनकी सरकार में सर्वाधिक उत्पीड़न पिछड़ों, दलितों का ही हुआ है।

मौर्य ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने राममंदिर के निमंत्रण को ठुकराया है उनको रामभक्त ठुकरा देगें। अपने विधायकों को राम लला के दर्शन नहीं करने दिये इसीलिए उनकी पार्टी में अंतर कलह हो गई और सपा विधायक राज्यसभा चुनाव में भाजपा का साथ दिए। सहारनपुर से कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के बयान पर मौर्य ने कहा कि वह जिन वोटों की ओर देख रहे हैं, वह उन्हें नहीं मिलेंगे।

उत्तराखंड में चुनौती तो दूर प्रचार से ही बाहर नजर आ रही कांग्रेस

अरविंद मलिक, हल्द्वानी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड में पहले चरण में 19 अप्रैल मतदान होगा। ऐसा पहली बार है कि मतदान में सिर्फ एक हफ्ता बचा है, लेकिनर विपक्षी दल कांग्रेस का प्रचार कहीं नहीं दिख रहा है। दूसरी ओर भाजपा के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो जनसभाएं रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के दौरे भी हो गए हैं। 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हल्द्वानी आ रहे हैं। इसी दिन कांग्रेस के पक्ष में स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा की रामनगर में जनसभा प्रस्तावित है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उभरती युवा सनातनी नेता की छवि ने मतदाताओं के बीच मोदी-धामी का 'मैजिक' प्रभावी बना दिया है।

उत्तराखंड में केंद्र सरकार की लाभार्थी योजनाएं तो चल ही रही हैं साथ ही मोदी सरकार ने यहां एक लाख 25 हजार करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी हैं, जिनमें चार धाम की विकास, ऑल वेदर रोड, कर्णप्रयाग-ऋषिकेश रेल प्रोजेक्ट, मानसखंड प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी को शंख भेंट करते मुख्यमंत्री धामी। फाइल फोटो

आचार संहिता से पहले हर सीट का दौरा कर चुके सीएम धामी

- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के समान नागरिक संहिता कानून लागू करने, लैंड जिहाद पर प्रभावी कारवाई करने, धर्मांतरण कानून लागू करने, दंगा विरोधी कानून लाने, गो हत्या, गो तस्करी के खिलाफ गैंगस्टर लगाने जैसे कार्यों उनकी छवि को सनातनी बनाने के साथ छवि जनता में सख्त हिंदू प्रशासक की भी बना दी है। भाजपा को इस छवि का लाभ लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। युवाओं के लिए नकल विरोधी कानून लाकर नौकरियों में पारदर्शिता लाने से भी भाजपा को फायदा मिल रहा है। मुख्यमंत्री धामी हर रोज तीन जनसभाएं कर रहे हैं। चुनाव की घोषणा से पहले वह सभी विधानसभाओं के दौरे कर चुके थे। वहीं कांग्रेस, वामपंथी दल और क्षेत्रीय नेता एकजुट होकर भी मोदी सरकार के खिलाफ अपनी आवाज मुखर नहीं कर पाए हैं।

1.25

लाख करोड़ की बड़ी योजनाएं भी दी मोदी सरकार ने

- मोदी-धामी मैजिक से राज्य में जीत की हैट्रिक की उम्मीद
- प्रधानमंत्री मोदी की रुद्रपुर व ऋषिकेश में हो चुकी दो सभाएं
- मुख्यमंत्री पुष्कर धामी हर रोज कर रहे हैं तीन जन सभाएं
- कांग्रेस की तरफ से अभी तक कोई रैली या सभा नहीं हुई

नैनीताल सीट

नैनीताल ऊधमसिंह नगर सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दूसरी बार किस्मत आजमा रहे हैं। उनका मुकाबला दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके प्रकाश जोशी से है। इस सीट से पूर्व में कृष्ण चंद्र पंत, नारायण दत्त तिवारी, भगत सिंह कोश्यारी जैसे बड़े नेता सांसद बन चुके हैं। यहां कुल दस प्रत्याशी मैदान में हैं। पिछली बार अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को 3,39,096 वोटों से धूल चटाई थी। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर के बजाय ब्राह्मण उम्मीदवार उतारा है। लेकिन कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं। बसपा ने अख्तर अली को प्रत्याशी बनाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यहां जनसभा हो चुकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई बड़ा नेता अभी नहीं आया है।

अल्मोड़ा (सुरक्षित) सीट

इस आरक्षित सीट पर एक बार फिर भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा और कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रदीप टम्टा के बीच मुकाबला है। 2019 चुनाव में भाजपा के अजय टम्टा को 4,44,651 और कांग्रेस को 2,11,665 वोट मिले थे। अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत व बागेश्वर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली इस लोकसभा सीट पर मुख्यमंत्री धामी ने चुनाव घोषित होने से पहले ही चार बड़ी जनसभाएं करके भाजपा की राह आसान कर दी। कुछ माह पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पिथौरागढ़ व्यास घाटी आदि कैलाश व जागेश्वर में शिव आराधना कर सभा कर गए हैं। कांग्रेस प्रचार से बाहर नजर आ रही है।

पौड़ी गढ़वाल सीट

भाजपा ने यहां पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का टिकट काटकर अपने राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी को टिकट दिया है। उनका मुकाबला कांग्रेस के गणेश गोदियाल से हो रहा है। अनिल बलूनी नया युवा चेहरा हैं।पिछली बार 2019 में यहां भाजपा को 5,06,980 और कांग्रेस के मनीष खंडूरी को 2,04,311 वोट मिले थे। मनीष खंडूरी अब भाजपा में हैं उनके अलावा बद्रीनाथ के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी और तीन पूर्व विधायक भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। यहां कुल 13 प्रत्याशी हैं। एक सीट है, जहां कांग्रेस चुनाव प्रचार में ताकत लगाए है।

टिहरी सीट

इस सीट पर टिहरी राज परिवार का कब्जा रहा है। भाजपा ने इस बार भी महारानी माला राज लक्ष्मी को उम्मीदवार बनाया है। टिहरी राज परिवार ने यहां से 12 बार लोकसभा चुनाव जीता है। 2019 में यहां महारानी को 5,65,333 कांग्रेस के प्रीतम सिंह को 2,64,747 वोट मिले थे। इस बार कांग्रेस ने यहां जोत सिंह गुनसोला को टिकट दिया है। टिहरी राजघराने के प्रति जनता में आदर भाव रहता आया है। राजमहल से ही भगवान बद्री विशाल के द्वार खुलने और बंद होने की तिथि घोषित होने की परंपरा है। कुल 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। मुकाबला भाजपा और कांग्रेस में है।

हरिद्वार सीट

यहां भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का मुकाबला हरीश रावत के पुत्र वीरेंद्र रावत से है। कांग्रेस में अंर्तकलह के चलते कई नेता व कार्यकर्ता पार्टी को अलविदा कह चुके हैं। यहां से खानपुर के विधायक उमेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मौलाना जमील अहमद को टिकट दिया है। पिछली बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को 6,65,674 वोट मिले थे, कांग्रेस को 4,06,945 और बसपा को 1,73,528 वोट मिले थे। यहां मुस्लिम वोटों की संख्या भाजपा के लिए थोड़ा चिंता का सबब है। हरिद्वार से कुल 14 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं।

बारामती लोकसभा सीट

ननद सुप्रिया की जीत का चौका भाभी सुनेत्रा बनाने में लगीं कैच का मौका

मुंबई। महाराष्ट्र की बारामती लोकसभा सीट इस बार पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार का गढ़ कही जाने वाली इस सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का है। शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले 2009 से लगातार तीन चुनाव इस सीट से जीत चुकी हैं और वह इस बार चौका लगाने की तैयारी कर रही हैं, लेकिन उनकी राह में उनके चचेरे भाई उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा ही दीवार बनकर खड़ी हो गई हैं। सुप्रिया जहां एनसीपी शरद पवार गुट से मैदान में हैं तो अजित पवार के नेतृत्व वाली (एनसीपी) ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार ननद सुप्रिया के सामने उनकी भाभी कड़ी चुनौती पेश करती नजर आ रही हैं। सुप्रिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए शरद पवार जहां मतदाताओं से वर्षों पुराने रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं तो उनकी बहू सुनेत्रा पीएम मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांग रही हैं। भाजपा के साथ ही शिवसेना शिंदे गुट भी सुनेत्रा की जीत सुनिश्चित करने में जुटी हुई है। फिलहाल शरद पवार के लिए इस बार उनकी पारंपरिक सीट बारामती में सियासी राह कठिन नजर आ रही है। शरद पवार पार्टी और सिंबल पर अधिकार की लड़ाई में भतीजे अजित पवार के हाथ पहले ही शिकस्त खा चुके हैं, अब वह बारामती में बेटी की शकस्त झेलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में उनके सामने बहू के खिलाफ चुनाव लड़ रही बेटी को जिताना प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है।

यूं ही नहीं कोई शहर बीजेपी के लिए बुलंद बन जाता है

भाजपा की हैट्रिक रोकने के लिए हाथी को जहां पहली जीत की तलाश, वहीं अर्से बाद हाथ बाजी पलटने को दिख रहा तैयार

मनोज त्रिपाठी

बुलंदशहर यानी भाजपा का मजबूत गढ़। 2014 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे नरेंद्र मोदी ने यहीं से अपने चुनावी अभियान का शंखनाद किया था, तो 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद बुलंदशहर से ही 400 पार की हुंकार भरते हुए एक बार फिर लोकसभा चुनाव अभियान का आगाज किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पहुंचे प्रधानमंत्री ने इससे पहले जिले में 19,000 करोड़ से ज्यादा की तमाम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर एनसीआर और हरियाणा तक की दो दर्जन से अधिक लोकसभा सीटों पर राम का नाम और मोदी के काम का चुनावी संदेश फैला दिया।

बुलंदशहर वह जगह है, जिसे भाजपा चुनावी बिगुल के लिए शुभ मानती है। 2014 में यहां से अभियान शुरू करने पर पार्टी ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुस्लिम बाहुल्य समेत सभी 14 सीटों पर क्लीन स्वीप किया था, जबकि 2019 में सहारनपुर से प्रचार शुरू करने पर भाजपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सात सीटों पर नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसे में यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि इस बार यूपी में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा क्या इस बार भी 2014 की तरह बुलंदशहर के तीर से पश्चिम यूपी की सभी सीटों पर कमल खिला पाएगी।

भोला सिंह, भाजपा।

गिरीश चंद्र, बसपा।

शिवराम, कांग्रेस।

2009 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत	वोट प्रतिशत
सपा	कमलेश कुमार	2,36,257	35.34
भाजपा	अशोक प्रधान	1,70,192	25.46
बसपा	राजकुमार गौतम	1,42,186	21.27

नगीना के सांसद यहां से मैदान में

बुलंदशहर लोकसभा सीट पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है और वह यहां इस बार चुनावी जीत की हैट्रिक लगाना चाहती है। मुकाबले में छह प्रत्याशी हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी डा. भोला सिंह को इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि, बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे सांसद गिरीश चंद्र के अलावा ऋषिवादी कर्मशील युवा परमार्थी पार्टी के राजेश तुरैहा समेत निर्दलीय सोनम भारती व प्रदीप कुमार चुनौती दे रहे हैं। यह लोकसभा क्षेत्र मुस्लिम, दलित, जाट, ब्राह्म बहुल गिनी जाती है। हालांकि वैश्य, त्यागी, गुर्जर, राजपूत के अलावा अन्य ओबीसी मतदाता अच्छी संख्या में हैं। सीट आरक्षित होने के बाद जहां पिछले तीन चुनावों में सपा एक बार यहां से जीत चुकी है, वहीं बसपा का खाता नहीं खुला है। जीत की तलाश में ही बसपा ने इस बार यहां नगीना सुरक्षित सीट के सांसद गिरीश चंद्र जाटव को मैदान में उतारा है।

2014

में नरेंद्र मोदी ने यहीं से किया था चुनावी अभियान का शंखनाद तो 2024 में बुलंदशहर से ही भरी 400 पार की हुंकार

लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था

भाजपा का कमल

- बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र में पांच विधान सभा सीटें अनूपशहर, बुलंदशहर, डिबाई, शिकारपुर और स्याना शामिल हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में इन सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कमल खिला था। किसान आंदोलन के बावजूद भी सपा-रालोद का गठबंधन यहां फेल साबित हुआ था।

भाजपा के बाद बसपा लगातार बढ़ा रही अपना प्रभाव

- बुलंदशहर में सपा ने 2009 में जीत भले दर्ज की हो, लेकिन जिले की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के साथ बहुजन समाज पार्टी का वर्चस्व बढ़ता हुआ नजर आता है। दरअसल, मुस्लिम और दलित मतदाताओं का गठजोड़ जहां बसपा के पक्ष में खड़ा दिखता रहा है, वहीं ठाकुर, लोध, ब्राह्मण और वैश्य समाज भाजपा के साथ लामबंद है। कांग्रेस अब यहां चौथे नंबर की पार्टी बन चुकी है। कल्याण सिंह के बाद यहां किसी नेता का ऐसा कोई आधार नहीं रही कि वह वोट किसी के पक्ष में ट्रांसफर करा सके। जातीय आधार पर जरूर वोट इधर से उधर होते रहे हैं। दो-तीन विधानसभा क्षेत्रों में रालोद का अच्छा असर है। वह इस बार भाजपा को समर्थन देकर उसकी जीत की राह आसान कर रहा है।

2019 लोकसभा जनादेश

भाजपा	बसपा	कांग्रेस
60.64 %	34.82 %	02.63 %
6,81,321 मत	3,91,264 मत	29,465 मत
डॉ. भोला सिंह	योगेश वर्मा	बंशी सिंह

2014 का जनादेश



दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
भाजपा	डॉ. भोला सिंह	6,04,449
बसपा	प्रदीप कुमार जाटव	1,82,476
सपा	कमलेश	1,28,737

चार लाख से ज्यादा ब्राह्मण और क्षत्रिय पर ओबीसी-दलित लिखते हार-जीत की पटकथा

- बुलंदशहर सुरक्षित सीट पर लोकसभा चुनाव 2024 में मतदाताओं की संख्या 18 लाख के करीब है। इनमें पुरुष मतदाता 9 लाख 50 हजार और महिला मतदाता साढ़े आठ लाख हैं। ट्रांसजेंडर वोटर 127 हैं। इस लोकसभा सीट पर ओबीसी और अनुसूचित जाति के मतदाता जीत-हार का फैसला करने में आगे रहते हैं। जातीय आधार पर आकलन के मुताबिक इस लोकसभा क्षेत्र में 3.10 लाख मुस्लिम मतदाताओं के बाद 2.20 लाख ब्राह्मण, 2 लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। जाटव बिरादरी के 2.25 लाख और लोध बिरादरी के दो लाख मतदाता हैं। जाट मतदाताओं की संख्या करीब 1.65 लाख है। इनके अलावा खटिक, वाल्मीकि, गुर्जर, त्यागी, कश्यप, प्रजापति, पाल जाति के मतदाताओं की संख्या चार लाख के आसपास है।

भाजपा के छत्रपाल लगातार चार बार जीते

वर्ष 1952 से 1971 तक यहां हुए पांच लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का कब्जा रहा। लेकिन साल 1971 के बाद मतदाताओं ने अलग-अलग पार्टियों को चुना। आपातकाल के बाद 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी ने जीत दर्ज की। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर वापसी की। 1989 के चुनाव में जनता दल के जीत दर्ज करने के बाद 90 के दशक में राम लहर के दौरान राजनीति बदल गई और वर्ष 1991 से लेकर 2004 तक हुए पांच चुनावों में बुलंदशहर सीट पर लगातार भारतीय जनता पार्टी ही जीत दर्ज करती रही। भाजपा के छत्रपाल सिंह लोधा ने 1991 के बाद 1996, 1998 और 1999 में लगातार जीत का चौका लगाया। वर्ष 2004 के चुनाव में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को यहां से चुनावी मैदान में उतारा। कल्याण सिंह अलीगढ़ को अपनी जन्म भूमि तो बुलंदशहर को कर्म भूमि मानते थे। उन्होंने बुलंदशहर में भाजपा की लगातार पांचवीं जीत सुनिश्चित कर दी। 2009 लोकसभा चुनाव से पहले इस सीट का परिसीमन बदल गया और यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गया। परिसीमन के बाद हुए 2009 के पहले चुनाव में समाजवादी पार्टी के कमलेश वाल्मीकि ने जीत हासिल करके भाजपा को जीत का छक्का लगाने से रोक दिया। लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के डा. भोला सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की और 2019 में भी जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से मैदान में हैं।

मंडी का रणक्षेत्र | कांग्रेस ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह को मैदान में उतारा

कांग्रेस के विक्रमादित्य रोकेंगे कंगना की जीत का 'बेताल'

महेश शर्मा, नई दिल्ली

अमृत विचार: हिमाचल प्रदेश का मंडी लोकसभा क्षेत्र भाजपा के टिकट पर कंगना रनौत के मैदान में आने के बाद चर्चा में आ गया है। कांग्रेस ने यहां से हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अपना उम्मीदवार बना दिया है। कांग्रेस की कोशिश है कि वह किसी भी सूरत में तीन सौ से ज्यादा मंदिरों वाले मंडी लोकसभा क्षेत्र को कंगना का अंगना न बनने दे। अब पार्टी ने विक्रमादित्य को मैदान में उतारकर मुकाबले को रोचक बना दिया है।

कांग्रेस के दबदबे वाली मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी इतिहास में 13 बार कांग्रेस जीत दर्ज करा चुकी है। ब्राह्मण और राजपूत बहुल इस सीट से ब्राह्मण और राजपूत प्रत्याशी ही जीतकर संसद पहुंचता रहा है। कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व.वीरभद्र सिंह के परिवार लोग यहां से छह बार जीते हैं। कांग्रेस के सुखराम भी तीन बार जीत चुके हैं। 2019 में रिकार्ड वोटों से जीते भाजपा के रामस्वरूप शर्मा की मृत्यु होने से यहां पर 2021 में उपचुनाव हुए जिसमें कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने जीत दर्ज की थी। अब कंगना के मुकाबले विक्रमादित्य सिंह का नाम तय कर दिया है। तीन उपचुनाव मिलाकर मंडी लोकसभा सीट पर 19 चुनाव हुए हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा ने कांग्रेस के आश्रय शर्मा को हराकर जीत हासिल की थी। भाजपा ने 68.75 फीसद रिकार्ड वोट पाए थे। कांग्रेस को 25.68 फीसद पर ही संतोष करना पड़ा था। 2021 में भाजपा सांसद शर्मा का निधन के बाद उपचुनाव में प्रतिभा सिंह आठ हजार वोटों से जीती थी। यहां पर 2004 में हुए चुनाव से देखें तो प्रतिभा सिंह कांग्रेस से जीती थी पर 2009 में खुद वीरभद्र सिंह मैदान में आए और जीत गए। 2013 में उपचुनाव में फिर प्रतिभा सिंह जीतीं। 2014 और 2019 में भाजपा जीती पर 2021 में उप चुनाव हारी।

33 फीसदी राजपूत, 28 फीसदी दलित और 21 फीसदी ब्राह्मण मतदाता

- जातीय आंकड़ों पर नजर डालें तो मंडी में 33.6 फीसद राजपूत आबादी है। 21.4 फीसद ब्राह्मण मतदाता हैं। मंडी में दलित 29.85 फीसद हैं। फिर भी सिर्फ एक बार ही दलित सांसद गोपीराम 1052 में लोकसभा पहुंचे थे। मंडी लोकसभा क्षेत्र में 17 विधानसभा सीटें आती हैं जिनमें 12 पर भाजपा काबिज है।

भाजपा अलर्ट, कंगना की जुबान न फिसल जाए

- विवादित बयानों से चर्चा में आयीं कंगना ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को देश का पहला प्रधान मंत्री बनाया तो ट्रोल हुईं। असम के सीएम हेमंता विस्व सरमा को उनके बचाव के लिए एक्स पर आना पड़ा। कंगना पीएम नरेंद्र मोदी को राम का अंश बता चुकी हैं। कांग्रेस का आईटी सेल कंगना की जुबान फिसलने का इंतजार कर रहा, जुबान फिसली नहीं कि उसने मुद्दा बनाया।



जीतेंगे बाजी मुजफ्फरनगर में समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव की रैली में समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	74,244.90	22,519.40
गिरावट	793.25	234.40
प्रतिशत में	1.06	1.03

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, रविवार, 14 अप्रैल 2024

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800
तेल सरसों (प्रति 15)	1475-1900
तेल अलसी	2600-2700
तेल तिल्ली	2600-2700
तेल मूँगफली रिफाइन्ड	3400-3500

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 1010, फ्लैग- 1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 890
रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	84900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74250
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55300-55500

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	74,250
सोना रवा	74,100
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	82,100
चांदी (999)	82,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	73500
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	72500
सिल्वर (पक्की)	810 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	73,600
चांदी आभूषण	82,300

दालों की जमाखोरी पर सख्त हुई सरकार

खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने भंडारन में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की दी चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शनिवार को चेतावनी दी कि दालों के भंडारन में लिप्त पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। यह चेतावनी 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन से पहले आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उपभोक्ता मामलों के विभाग के साथ बातचीत के दौरान उद्योग को यह चेतावनी जारी की गई।

उद्योग जगत की प्रतिक्रिया और विभिन्न बाजारों के व्यापारियों के साथ स्टॉक की स्थिति से संबंधित बाजार खुफिया जानकारी को आगे के सत्यापन के लिए एकत्रित किया गया है। सरकार द्वारा व्यापारियों/थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़े लोगों के साथ बातचीत में दालों के भंडारन का मामला सामने आया है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में खुदरा विक्रेताओं और अन्य प्रोसेसरों को इस वर्ष 01 अप्रैल से अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को पोर्टल पर गेहूं की अपनी स्टॉक स्थिति घोषित करनी होगी। यह समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने और आवश्यक खाद्यान्नों और दालों की कीमतों की जमाखोरी और बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के लिए किया जा रहा है। उपभोक्ता मामलों के विभाग की सचिव निधि खरे ने 15 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन स्टॉक मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की श्रृंखला के दौरान इस बात पर जोर दिया कि कोई भी व्यक्ति दालों के वायदा कारोबार में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रमुख बंदरगाहों और दाल उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में स्टॉक को समय-समय पर सत्यापित किया जाना चाहिए और स्टॉक प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली स्टॉकहोल्डिंग संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने यांगून में भारतीय मिशन के साथ म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों जैसे कि संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों द्वारा रखे गए स्टॉक के मद्देनजर आयात की कीमतें पर भी चर्चा की। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि भारतीय मिशन ने बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने और उन्हें और अधिक कुशल बनाने के लिए 25 जनवरी 2024 से रुपया क्यात निपटान तंत्र चालू किया गया है। मंत्रालय के अनुसार सेंट्र बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी 2024 को विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।



म्यांमा से दालों का आयात भुगतान को सरकार ने बनाया सरल

नई दिल्ली। सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

बिजली की बढ़ी मांग गैस संयंत्रों को दो माह चालू रखने के निर्देश

नई दिल्ली। सरकार ने इस बार लंबे समय तक गर्मी रहने के अनुमान के कारण बिजली की मांग में वृद्धि को देखते हुए गैस आधारित सभी बिजली उत्पादन स्टेशनों को एक मई से 30 जून तक अपने संयंत्रों को चालू रखने का निर्देश दिया है।

गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों (जीबीएस) के एक बड़े हिस्से का वर्तमान में, मुख्यतः व्यावसायिक कारणों से प्रयोग नहीं हो रहा है। मंत्रालय ने इस गर्मी में 260 गीगावाट अधिकतम मांग का अनुमान लगाया है। यह आदेश एक मई, 2024 से 30 जून, 2024 तक बिजली उत्पादन और आपूर्ति के लिए वैध रहेगा। गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों से अधिकतम बिजली उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत सभी गैस-आधारित उत्पादन स्टेशनों को निर्देश जारी किए हैं।

रियल एस्टेट में विदेशी निवेश की भारी गिरावट जनवरी-मार्च में आए सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया।

रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, रियल एस्टेट में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले साल की समान अवधि में 44.69 करोड़ डॉलर से 21 प्रतिशत अधिक है। वेस्टियन के सीईओ श्रीनिवास राव ने कहा कि घरेलू निवेशक भारत की वृद्धि गाथा को लेकर उत्साहित हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश करना जारी रख रहे हैं।

आशियाना हाउसिंग गुरुग्राम के 15 मिनट में बिके 224 फ्लैट

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग ने गुरुग्राम में परियोजना शुरू करने के 15 मिनट के भीतर 224 लग्जरी फ्लैट 440 करोड़ में बेच दिए। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 93 में स्थित है। आशियाना हाउसिंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम मिली इस प्रतिक्रिया से खुश हैं। हमने सुबह 11 बजे पंजीकरण शुरू किया और हमें 11.15 बजे तक 224 इकाइयों के लिए 800 चेक मिल गए थे।

पुणे में जीसीसी का ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर शुरू

नई दिल्ली। स्पेशिलिटी केमिकल क्षेत्र की कंपनी लुब्रीजोल ने एक रणनीतिक केंद्र के रूप में पुणे में एक नया ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) शुरू किया है। कंपनी ने कहा कि एम्बेसी टेक जोन, हिंजेवाड़ी, पुणे में स्थित ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर लुब्रीजोल के नई सुविधा का हिस्सा है। जीसीसी कैम्पस लीड गोल्ड प्रमाणित है और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के प्रति जागरूक कार्यस्थल को सक्षम बनाने के लिए उपयुक्त है। ग्राहक अनुभव केंद्र लुब्रिजोल के विज्ञान बारे में जानकारी देता है। इंजीनियरिंग, सप्लाय चेन, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, प्रोक्योरमेंट, लीगल आणि ह्यूमन रिसोर्स में काम करने वाले 200 से अधिक कर्मचारियों को अगले वर्ष जीसीसी में नौकरी मिलने की उम्मीद है।

पेट्रेगैज इंडिया ने एलपीजी आयात भंडारण टर्मिनल किया चालू

चेन्नई, एजेंसी

पेट्रेडेक समूह की अनुषंगी कंपनी पेट्रेगैज इंडिया ने अपना नया अत्याधुनिक एलपीजी आयात और भंडारण टर्मिनल चालू किया है। कंपनी ने शनिवार को कहा कि इसे 600 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया गया है।

आंध्र प्रदेश के कृष्णापट्टनम में अडाणी कृष्णापट्टनम निजी बंदरगाह के भीतर स्थित नई इकाई से निजी विपणनकर्ताओं के साथ-साथ आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और वाहन क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लाभ होगा। कंपनी ने बयान में कहा कि यह इकाई पेट्रेगैज को एलपीजी विपणन के लिए लागत प्रभावी और भरोसेमंद समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाती है। इस इकाई की वार्षिक क्षमता 15 लाख टन से अधिक है।

राष्ट्रीय

एक नजर

हिमाचल प्रदेश: चार माह बाद खुले चूड़धार मंदिर के कपाट, यात्रा प्रारंभ

शिमला। हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में 11 हजार 965 फीट की ऊंचाई पर स्थित चूड़धार मंदिर के कपाट शनिवार से भक्तों के लिए खुल गए हैं। इसके साथ ही सर्दियों में करीब चार महीने बंद रहने के बाद चूड़धार की यात्रा आज से प्रसाशनिक तौर एक बार फिर शुरू हो चुकी है। आज वैशाखी की संक्रांति होने के चलते बड़ी संख्या में दूर-दूर से श्रद्धालु यहाँ पहुंचे है। बता दें कि हर साल देवता शिरगुल महाराज की तपोस्थली कही जाने वाली चूड़धार चोटी की यात्रा पर दिसंबर माह में आधिकारिक रूप से प्रतिबंध लग जाता है। दिसंबर महीने में चूड़धार में अत्यधिक बर्फबारी के चलते जहां पारा माइनस से नीचे रहता है, वहीं चूड़धार के रास्तों पर यात्रा में अत्यधिक जोखिम रहता है। जिसके बाद अप्रैल माह में वैशाखी की संक्रांति पर मंदिर के कपाट विधिपूर्वक पूजा-पाठ के साथ खुल जाते हैं।

डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में लगी गोली, पिता पर मुकदमा दर्ज

सोनीपत। सोनीपत के लाठ गांव में डेढ़ साल के बच्चे को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में बच्चे के पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां एवं दादा ने पुलिस के सामने बयान दर्ज कराने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने बताया कि गोहाना सदर थाना पुलिस ने जांच अधिकारी के बयान के आधार पर बच्चे के पिता के खिलाफ हत्या की कोशिश व शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

सीएसडीएस के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार की खोल दी है पोल : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमुल्य नीरज खलखो ने कहा कि सी.एस.डी.एस. के ताजा सर्वे ने मोदी सरकार का पोल खोलकर रख दी है। प्रदेश संगठन महासचिव ने कहा कि लगातार कांग्रेस इन्हीं मुद्दों के बीच आवाज उठा रही है और यही कारण है कि इन आवाजों को दबाने के लिए कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं पर ईडी की शिकंजा कसवाया जा रहा है ताकि महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे गोन रहे। खलखो ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार के दिन अब पूरी तरह लद चुके हैं।

खराब मौसम के चलते दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदला

नई दिल्ली। खराब मौसम के कारण शनिवार शाम को दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 उड़ानों का मार्ग बदला गया। इनमें से नौ उड़ान जयपुर, आठ लखनऊ, दो चंडीगढ़ और 1-1 को वाराणसी, अमृतसर तथा अहमदाबाद भेजा गया। अधिकारी ने कहा कि जिन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया, उनमें इंडिगो की नौ, एयर इंडिया की आठ और विस्तारा की तीन उड़ानें शामिल हैं।।

966 करोड़ के चुनावी बॉण्ड खरीदने वाली मेघा इंजीनियरिंग पर मुकदमा

नई दिल्ली। सीबीआई ने हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ रिश्वत देने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉण्ड खरीदे थे और वह इन बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार है। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के लिए मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने में 78 लाख रुपये की रिश्वत दी। प्राथमिकी में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों को भी रिश्वत लेने के लिए नामित किया गया है।

भारत-सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन

नवोन्मेष की अगली सीमा है एआई : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि आधुनिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से ऐसे जटिल नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनकी व्यापक समीक्षा की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृत्रिम मेधा 'नवोन्मेष की अगली सीमा' तक ले जाती है तथा अदालती निर्णय प्रक्रिया में उसका इस्तेमाल अवसर और चुनौतियों दोनों ही पेश करता है जिनपर गहन विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कृत्रिम मेधा अप्रत्याशित मौके प्रस्तुत करती है लेकिन साथ ही, वह खासकर नैतिकता, जवाबदेही और पक्षपात से संबंधित कई चुनौतियां भी खड़ी करती है तथा इन चुनौतियों के समाधान के लिए भौगोलिक और संस्थानों की सीमाओं से परे वैश्विक पक्षों द्वारा ठोस प्रयास की जरूरत है। वह भारत एवं सिंगापुर के उच्चतम न्यायालयों के बीच प्रौद्योगिकी एवं संवाद विषयक दो दिवसीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

सिंगापुर के प्रधान न्यायाधीश सुंदरीष मेनन तथा कई अन्य न्यायाधीश एवं विशेषज्ञ इस सम्मेलन में मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानूनी क्षेत्र में भी, कानूनी शोध से लेकर मामला विश्लेषण तक और अदालती कार्यवाही की कार्यकुशलता तक, जिस तरह कानूनी पेशेवर काम करते हैं, उनमें बदलाव लाने में कृत्रिम मेधा में विपुल संभावना है।

उन्होंने कहा कि कानूनी शोध के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा पासा पलटने वाले के रूप में उभरी है तथा उसने कानूनी पेशेवरों को असाधारण कार्यकुशलता एवं सटीकता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाया है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि चैटजीपैट के आने से यह चर्चा होने लगी है कि किसी मामले में निष्कर्ष पर पहुंचने में कृत्रिम मेधा पर भरोसा किया जाए या नहीं। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं दर्शाती हैं कि हम अदालती निर्णय प्रक्रिया में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के प्रश्न को टाल नहीं सकते। अदालती कार्यवाही समेत आधुनिक प्रक्रियाओं में एआई के इस्तेमाल से ऐसे नैतिक, कानूनी और व्यावहारिक विषय खड़े होते हैं जिनपर व्यापक परीक्षण की जरूरत है।

नई दिल्ली में भारत के सर्वोच्च न्यायालय में प्रौद्योगिकी और न्यायिक संवाद पर दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ (बाएं) कार्यक्रम में मौजूद भारत के सर्वोच्च न्यायालय और अन्य अदालतों के न्यायाधीश।

कोलकाता में भीषण आग, 50 झुग्गियां राख

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में दमदम रोड पर छाता कोल के पास मेला ग्राउंड में स्थित झुग्गी बस्ती में शनिवार को आग लगने से लगभग 50 झुग्गियां जल कर खाक हो गयीं।

दमदम निर्वाचन क्षेत्र के सांसद सौगत रॉय ने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन पास के पशुशाला में कई मवेशियों की जलकर मौत हो गई।पश्चिम बंगाल के अग्निशमन मंत्री सुजीत बोस ने कहा कि आग की बढ़ती लपटों पर काबू पाने के लिए दमकल की करीब 10 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि संकीर्ण गाली और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र होने के कारण अग्निशमन वाहनों को आग के स्रोत का पता लगाने में कठिनाई हुई। बोस ने कहा कि उनका पहला काम आग की लपटों पर काबू पाना और फिर संपत्ति के नुकसान का आकलन करना था। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को देखेगी। माकपा नेता एवं दमदम उम्मीदवार सुजन चक्रवर्ती ने भी इलाके का दौरा किया और लोगों से बात की।

आदिवासी होने के कारण राष्ट्रपति को प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने से रोका : राहुल

जगदलपुर (छत्तीसगढ़)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और कहा कि भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से रोका गया क्योंकि वह एक आदिवासी हैं और यह भाजपा की सोच को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं संविधान की रक्षा करने वाले और इसे नष्ट करने वालों के बीच की लड़ाई बताया।

राहुल चुनाव प्रचार में नहीं करेंगे झंडे का प्रयोग

वायनाड। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के कार्यवाहक प्रमुख एम एम हसन ने शनिवार को कहा कि वायनाड में राहुल गांधी के चुनाव प्रचार के दौरान किसी झंडे का इस्तेमाल नहीं होगा। पर्वतीय निर्वाचन क्षेत्र में अगले सप्ताह होने वाले चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस या उसके सहयोगियों के किसी भी झंडे का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

भारत माता की जय बोलने में झिझक पर भाजपा ने उठाए सवाल

कलबुर्गी। कर्नाटक के कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी द्वारा पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे की अनुमति के बिना 'भारत माता की जय' बोलने में झिझकने की घटना लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु बन गई है।

कर्नाटक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा ने इस घटना का फायदा उठाते हुए कांग्रेस की आलोचना की और खुद को राष्ट्रवाद के सच्चे चैंपियन के रूप में स्थापित करने की कोशिश की। विजयेंद्र की टिप्पणियों ने भाजपा की इस कहानी पर प्रकाश डाला कि कांग्रेस में देशभक्ति के उत्साह की कमी है और वह राष्ट्रवादी भावनाओं को व्यक्त करने में अनिश्चित है। घटना को ऐसे प्रस्तुत करके भाजपा ने राष्ट्रवादी आदर्शों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को कांग्रेस की दुविधा या झिझक के रूप में चित्रित करने की कोशिश की।

दिल्ली में बिजली, पानी और बस यात्रा सब्सिडी रहेगी जारी : सक्सेना

- दिल्ली के उपराज्यपाल बोले- झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से न लें

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के लोगों को आश्वस्त किया है कि गरीबों को मिलने वाली किसी भी तरह की सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से निहित राजनीतिक स्वार्थ के चलते दिए जा रहे बयानों और अफवाहों पर ध्यान न देने के अपील की है।

राज निवास की ओर से जारी एक बयान में शनिवार को कहा गया है कि सक्सेना ने एक विशेष पार्टी के सदस्यों और सरकार के मंत्रियों द्वारा जानबूझकर दिए जा रहे झूठे और भ्रामक बयानों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें पूरी तरह से खारिज किया है। इन बयानों में प्रचार किया जा रहा है कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली सरकार की फ्री बिजली, पानी और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा से संबंधित योजनाओं को बंद कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार और उपराज्यपाल इन योजनाओं को रोक देंगे। सक्सेना ने आश्वस्त किया है कि गरीबों को लाभ मिलने वाली सब्सिडी योजनाओं को बंद नहीं किया जाएगा।

राजद का वादा, एक करोड़ युवाओं को नौकरी

पटना, एजेंसी

- राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र का दिया है नाम, जनता से किए 24 वादे

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रक्षाबंधन पर गरीब परिवारों की बहनों को प्रति वर्ष एक लाख रुपये देने का वादा किया है। राजद ने घोषणपत्र को परिवर्तन पत्र नाम दिया है। राजद ने जनता से 24 वादे किए हैं।

यादव ने कहा कि हमने आज परिवर्तन पत्र जारी किया है, हम 2024 के चुनावों के लिए 24 वचन लेकर आए हैं। विपक्षी गुट इंडिया की सरकार बनने पर देश के एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी । रक्षाबंधन के मौके पर गरीब परिवारों की बहनों को सालाना एक लाख रुपये देना शुरू करेंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करने और एलपीजी सिलेंडर 500 रुपये में देने का वादा किया। 30 लाख से अधिक सरकारी पद रिक्त हैं जिनको भरने के साथ-साथ 70 लाख पद सृजित किए जाएंगे। घोषणापत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने, पांच वर्षों में बिहार में चौमुखी विकास के लिए एक लाख 60 हजार करोड़ की विशेष वित्तीय सहायता दिए जाने, देश भर में जातिगत गणना कराने, आरक्षण की सीमा बढाकर 75 प्रतिशत करने की बात कही गई है।

शिअद ने जारी की 7 नामों की सूची

चंडीगढ़, एजेंसी

- शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब के चुनावी मैदान में उतारे उम्मीदवार

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने पंजाब के लिए शनिवार को सात उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। शिअद ने पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह चंदूमाजरा को आनंदपुर साहिब से और दलजीत सिंह चीमा को गुरदासपुर से प्रत्याशी घोषित किया है। इसके अलावा शिअद ने पूर्व विधायक एन के शर्मा को पटियाला, पूर्व मंत्री अनिल जोशी को अमृतसर, बिक्रमजीत सिंह खालसा को फतेहगढ़ साहिब, राजविंदर सिंह को फरीदकोट और इकबाल सिंह झूंदा को संगरूर सीट से उम्मीदवार बनाया है।

शिअद के नेता दलजीत सिंह चीमा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने संसदीय चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों के रूप में पार्टी के सात वरिष्ठ नेताओं की सूची की घोषणा की है। 'खालसा सृजन दिवस' के ऐतिहासिक एवं पवित्र अवसर को प्रत्याशियों की घोषणा के लिए सबसे उपयुक्त दिन के रूप में चुनते हुए, उन्होंने पहली सूची जारी की है। शिरोमणि अकाली दल 1996 के बाद पहली बार अपने दम पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगा। शिअद ने 1996 में भाजपा के साथ गठबंधन किया था। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व वाली पार्टी ने अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों को लेकर 2020 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन छोड़ दिया था।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	06	319
रियान पराग (राजस्थान)	06	266
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	05	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	04	09

घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने उतरेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

दो बार की चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स अपने गढ ईडन गार्डंस पर रविवार को आईपीएल के मैच में मयंक यादव के बिना उतर रही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की राह पर लौटने का होगा। यह ईडन गार्डंस पर केकेआर का इस सत्र में पहला मैच है।

मेंटोर गौतम गंभीर को बखूबी पता है कि यहां होने वाले पांच मैच 2021 के बाद पहली बार प्लेआफ में जगह बनाने के लिये निर्णायक साबित हो सकते हैं। दोनों टीमों ने तीन तीन जीत दर्ज की है जबकि पिछले दौर में पराजय का सामना करके आई हैं। केकेआर को वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल और सुनील नारायण पर अत्यधिक निर्भरता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है जो चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ साबित होगा। चेन्नई ने पिछले मैच में उसे सात विकेट से हराया। नारायण (27) और रसेल (10) बल्ले से नाकाम रहे। इन दोनों के जबर्दस्त फॉर्म के चलते तीन मैचों में 200 पार का स्कोर बनाने वाली केकेआर चेन्नई के खिलाफ नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। ऊंगली की चोट के कारण नीतिश राणा यह मैच भी नहीं खेल सकेंगे। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर प्रभावित नहीं कर सके हैं और चार मैचों में 0, नाबाद 39, 18 और 34 रन बनाये। वेंकटेश अय्यर तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाये और एकमात्र अर्धशतक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ लगाया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पहले मैच में वह तीसरे नंबर पर उतरे लेकिन पिछले दो मैचों में सातवें और पांचवें नंबर पर उतरे। रमनदीप सिंह ने भी प्रभावित नहीं किया। अंडर 19 विश्व कप 2022 विजेता अंगकृष रघुवंशी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 54 रन बनाये। वह अच्छी पारी खेलने को बेताब होंगे। मिचेल स्टार्क गेंदबाजी में नाकाम रहे हैं और उन्होंने पहले दो मैचों में 100 रन दे डाले। दूसरी ओर लखनऊ को तेज गेंदबाज मयंक यादव की कमी खलेगी जो बाजू की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर हैं। उनकी जगह खेल रहे अरशद खान दिल्ली के खिलाफ नाकाम रहे। मोहसिन खान भी अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्विंटोन डिकॉक और केएल राहुल को बड़ी पारियां खेलनी होगी। वहीं मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। उनके पास रवि बिश्नोई और कृणाल पंड्या जैसे उम्दा स्पिनर भी है।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।**

टी20 विश्वकप के आधिकारिक गान के लिए तैयार पॉल व केस

दुबई। ग्रैमी पुरस्कार विजेता सीन पॉल और सोका सुपरस्टार केस एक जून को शुरु होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के आधिकारिक गान के लिए तैयार हैं। वेस्टइंडीज और यूएसए में आयोजित टूर्नामेंट में फेंकी जाने वाली पहली गेंद से 50 दिन पहले आईसीसी ने आधिकारिक गान की घोषणा की है। आने वाले हफ्तों में यह गान लॉन्च के लिए तैयार होगा जिसका ट्रैक माइकल 'टैनो' मोंटानो ने बनाया है।

खेल डायरी

कैंडिडेट्स शतरंज में भारतीय दौड़ में बरकरार

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में जब अपने अभियान का फिर से आगाज करेंगे तो रूस के इयान नेपोम्नियाशिच को पीछे छोड़ने पर फोकस रहेगा। प्रज्ञानानंदा का सामना फ्रांस के फिरोजा अलीरजा से है जबकि गुकेश की टक्कर हमवतन विदित गुजराती से होगी। नेपोम्नियाशिच 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि उनसे आधा अंक पीछे प्रज्ञानानंदा, गुकेश और अमेरिका के फेबियानो कारूआना हैं। महिला वर्ग में भारतीय खिलाड़ी अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं हैं।

भाटिया और थीगाला ने कट में प्रवेश किया

आगस्टा। भारतीय मूल के अमेरिकी अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने तेज हवाओं के बीच अच्छा प्रदर्शन करते हुए 88वें आगस्टा मास्टर्स गोल्फ के दूसरे दिन कट में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह वालेरो टैक्सास ओपन जीतने वाले 22 वर्ष के भाटिया संयुक्त 30वें और थीगाला संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। दुनिया के नंबर एक गोल्फर स्कॉटी शेफलेर ने तीन बर्डी और तीन बोगी लगाकर इवन पार 72 स्कोर किया। वह ब्रायसन डि चैम्ब्यू और मैक्स होमा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। वहीं टाइगर वुड्स ने रिकॉर्ड लगातार 24वीं बार कट में प्रवेश किया। वह संयुक्त 22वें स्थान पर हैं।

राधिका को रजत, शिवानी को कांस्य पदक मिला

बिश्केक (किर्गिस्तान)। एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भारतीय पहलवान राधिका ने शनिवार को महिलाओं की 68 किलो वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक जीता। एशियाई चैम्पियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है। पिछले साल अंडर 23 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया।

बिली जीन किंग कप: भारत न्यूजीलैंड से 1-2 से हारा

चांगशा (चीन)। अनुभवी टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना दूसरा एकल गंवाने के बाद अपनी जोड़ीदार प्रार्थना थोंबारे के साथ निर्णायक युगल मैच हार गईं। जिससे भारत शनिवार को यहां न्यूजीलैंड से 1-2 से पिछड़कर बिली जीन किंग कप के प्ले-ऑफ जगह बनाने के ऐतिहासिक मौके से चूक गया। भारत टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहकर एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में बना रहा। रुतुजा भोसले ने शुरुआती एकल में मोनिका बैरी पर 6-2, 7-6 से जीत दर्ज कर भारत को आगे कर दिया। अंकिता दूसरे एकल मुकाबले में दुनिया के 169 वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लुलु सुन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में 2-6, 0-6 से हार गयी।

मुक्केबाजी में अमित पंघाल भारतीय टीम में

नयी दिल्ली। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने बैंकाक में 25 मई से दो जून तक होने वाले आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये मुक्केबाजी टीम में वापसी की है। पिछले महीने इटली में ओलंपिक क्वालीफायर में खराब प्रदर्शन के बाद पांच मुक्केबाजों को दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के लिये टीम में जगह नहीं मिली है। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किले) और मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किलो), छह बार के एशियाई चैम्पियनशिप विजेता शिवा थापा (63.5 किलो), मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन लक्ष्य चाहर (80 किलो) और 2022 राष्ट्रमंडल खेल कांस्य पदक विजेता जे लम्बोरिया (60 किलो) को जगह नहीं मिली है।

गौरव गिल ओटागो रैली के पहले दिन शीर्ष तीन में

नयी दिल्ली। भारत के सबसे तेज रैली ड्राइवर गौरव गिल न्यूजीलैंड में ओटागो रैली के शुरुआती दिन अच्छा प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में जगह बनाने में सफल रहे। जेके टायर के गिल और न्यूजीलैंड के उनके सह-चालक जेरेड हडसन तालिका में शीर्ष पर काबिज जैक हॉक्सवुड से 30 सेकंड जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद रॉबी स्टोक्स से 11 सेकंड पीछे है। गिल और हडसन 2022 एपीआरसी चैंपियन और 10 बार के ओटागो रैली विजेता हेडन पैडन की 'हुंडई आई20 एन रैली2 मशीन' चला रहे थे। रैली के 16 चरण में से पहले दिन ड्राइवरों ने आठ विशेष चरणों से होकर गुजरना था। गिल पांचवें चरण में एक गलती कर बैठे जिससे उन्होंने 15 सेकंड गंवा दिया। एपीआरसी के तीन बार के चैंपियन गिल चौथे, सातवें और आठवें चरण को जीतकर खिताब की दौड़ में बने हुए है।

राजस्थान के हेटमायर ने पंजाब से छीनी जीत

पंजाब को एक गेंद शेष रहते तीन विकेट से हराया, राजस्थान रॉयल्स के आवेश और महाराज ने दो-दो विकेट झटके

शिमरोन हेटमायर

मुल्लापुंर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को तीन विकेट से शिकस्त दी। पंजाब की पारी को आठ विकेट पर 147 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने सबसे ज्यादा 39 रन का योगदान दिया। शिमरोन हेटमायर ने आखिरी ओवरों में 10 गेंद में नाबाद 27 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। पंजाब के लिए कगिसो रबाडा और सैम करेन ने दो-दो विकेट लिये।

केशव महाराज की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स को आठ विकेट पर 147 रन पर रोक दिया था। महाराज ने चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिये। उन्हें आवेश खान (दो विकेट), ट्रेंट बोल्ट (एक विकेट), युजवेंद्र चहल (एक विकेट) और कुलदीप सेन (एक विकेट) का अच्छा साथ मिला था। पंजाब की टीम 13वें ओवर में 70 रन पर पांचवां विकेट गंवा कर संघर्ष कर रही थी लेकिन आशुतोष शर्मा (31 रन), जितेश शर्मा (29 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (21 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाकर टीम को चुनौती देने लायक स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब को चोटिल कप्तान शिखर धवन की कमी खली। उनकी जगह टीम में आये अथर्व तायडे ने दूसरे ओवर में कुलदीप सेन का स्वागत लगातार दो चौके से कर आक्रामक तेवर दिखाये लेकिन चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिए आये आवेश ने उनकी 12 गेंद में 15 रन की पारी को खत्म किया। पावरप्ले में पंजाब की टीम एक विकेट पर 38 रन ही बना सकी। सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये चहल ने प्रभसिमरन सिंह (10 रन) को चलता किया तो अगले ओवर में महाराज ने जॉनी बेयरस्टो (15) का शिकार किया। धवन की जगह टीम की कमान संभाल रहे सैम करेन भी बल्ले से कुछ कमाल नहीं कर सके। वह महाराज का दूसरा शिकार बने। शानदार लय में चल रहे शशांक सिंह और लय तलाश रहे जितेश शर्मा ने 12वें ओवर में महाराज के खिलाफ एक-एक चौके लगाकर रन गति तेज करने की कोशिश की। शशांका हालांकि नौ रन बनाकर सेन की गेंद पर ध्रुव जुरेल को कैच देकर पवेलियन लौट गये। जितेश ने 15वें ओवर में चहल के खिलाफ छक्का जड़ा जबकि अगले ओवर में उन्होंने सेन के खिलाफ गेंद को दर्शकों के पास पहुंचाया। इसी ओवर का अंत लिविंगस्टोन ने चौका और छक्का से किया। आवेश के खिलाफ 17वें ओवर में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जितेश रियान पराग को कैच थमा बैठे। इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर क्रीज पर आये आशुतोष ने चहल के खिलाफ शानदार छक्का लगाया लेकिन अगली गेंद पर संजू सैमसन के शानदार प्रयास से लिविंगस्टोन रन आउट हो गये। आशुतोष को आवेश की गेंद पर 19वें ओवर में जीवनदान मिला।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	4	3	1	6	+1.528
चेन्नई	5	3	2	6	+0.666
लखनऊ	5	3	2	6	+0.436
हैदराबाद	5	3	2	6	+0.344
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
मुंबई	5	2	3	4	-0.073
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	6	1	5	2	-1.124

पंजाब 147/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अथर्व तायडे का सेन बो आवेश	15	12	2/0
जॉनी बेयरस्टो का हेटमायर बो महाराज	15	19	1/0
प्रभसिमरन सिंह का जुरेल बो चहल	10	14	1/0
सैम करेन का जुरेल बो महाराज	06	10	0/0
जितेश शर्मा का पराग बो आवेश	29	24	1/2
शशांक सिंह का जुरेल बो सेन	09	09	1/0
लिविंगस्टोन रन आउट (कोटियान/सैमसन)	21	14	2/1
आशुतोष शर्मा का महाराज बो बोल्ट	31	16	1/3
हरप्रीत बराड़ नाबाद	03	03	0/0

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-22-1, कुलदीप सेन 4-0-35-1, आवेश खान 4-0-34-2, युजवेंद्र चहल 4-0-31-1, केशव महाराज 4-0-23-2

राजस्थान 152/7

19.5 ओवर, अतिरिक्त : 3

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का हर्षल बो रबाडा	39	28	4/0
तनुष कोटियान बो लिविंगस्टोन	24	31	3/0
संजू सैमसन पगबाधा रबाडा	18	14	1/1
रियान पराग का रबाडा बो अर्शदीप	23	18	1/1
ध्रुव जुरेल का शशांक बो हर्षल	06	11	0/0
शिमरोन हेटमायर नाबाद	27	10	1/3
रोवमैन पोवेल का जितेश बो करेन	11	05	2/0
केशव महाराज का लिविंगस्टोन बो करेन	01	02	0/0
ट्रेंट बोल्ट नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : अर्शदीप 3.5-0-45-1, रबाडा 4-0-18-2, करेन 4-0-25-2, लिविंगस्टोन 3-0-21-1, हर्षल 2-0-21-1, बराड 3-0-22-0

चेन्नई और मुंबई के मुकाबले में नजरें धोनी पर

मुंबई, एजेंसी

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और मेजबान मुंबई इंडियंस इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को आमने सामने होंगी तो नजरें महेंद्र सिंह धोनी पर रहेंगी जिनका वानखेड़े स्टेडियम पर संभवतः यह आखिरी मैच होगा। चेन्नई सुपर किंग्स पहली बार मुंबई में धोनी की कप्तानी के बिना खेलेगी।

नवंबर 2005 के बाद किसी भी टीम के साथ सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर वह यहां पहली बार खेलेंगे। 42 वर्ष की उम्र में भी विकेट के पीछे धोनी कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं और खेल की उनकी समझ का कोई सानी नहीं। चेन्नई को उम्मीद है कि बाहरी मैदान पर इस सत्र में खराब रिकॉर्ड सुधारने में धोनी का रणनीतिक कौशल काम आयेगा। मुंबई के खिलाफ पिछले पांच मैचों में चेन्नई ने चार जीते हैं। पांच पांच बार आईपीएल खिताब जीत चुकी टूर्नामेंट की दो सबसे कामयाब टीमों के कप्तान इस बार बदले हैं। मुंबई ने रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया जबकि चेन्नई की कमान धोनी ने रूतुराज गायकवाड़ को दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की मैदानी प्रतिद्वंद्विता जस की तस रहने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 200 के करीब का लक्ष्य हासिल करने वाले मुंबई के बल्लेबाजों को रोकना चेन्नई के गेंदबाजों के लिये कठिन चुनौती होगा। खराब शुरूआत के बाद पंड्या की मुंबई इंडियंस ने वापसी की है। पिछले दो मैचों में उसके बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। सूर्यकुमार यादव ने आरसीबी के खिलाफ 17 गेंद में अर्धशतक जड़ डाला। चेन्नई के गेंदबाजों ने चेपॉक की धीमी पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन सपाट और बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर अभी तक उनकी परीक्षा नहीं हुई है। ईशान किशन और रोहित शर्मा की शुरूआती साझेदारी मुंबई के लिये अहम रहेगी। दूसरी ओर चेन्नई को कप्तान गायकवाड़, रचिन रविंद्र, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा और धोनी से अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

मुंबई इंडियंस : हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। **चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

ऑस्ट्रेलिया से पांचवां टेस्ट भी हारा भारत, सूपड़ा साफ

पर्थ, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पांचवें और आखिरी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 3-2 से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 5-0 से जीत ली। पिछले चार मैचों में भारत को 1-5, 2-4, 1-2, 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा था। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये यह दौरा काफी महत्वपूर्ण था।

भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह (चौथा मिनट) और बॉबी सिंह धामी (53वां मिनट) ने गोल दागे। आस्ट्रेलिया के जेरेमी हैवर्ड (20वां), के विलोट (38वां) और टिम ब्रांड (39वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की। जुगराज सिंह ने आस्ट्रेलियाई हाफ में जरमनप्रीत सिंह को गेंद सौंपी लेकिन वह उसे पकड़ नहीं पाये। भारत को चौथे मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कामयाबी दिलाई। हरमनप्रीत का यह श्रृंखला में तीसरा गोल था। ऑस्ट्रेलिया ने 20वें मिनट में हैवर्ड के गोल के दम पर बराबरी की। भारत के रिजर्व गोलकीपर सूरज करकेरा ने नाथन ई के शॉट पर मुस्तैदी से गोल बचाया। हाफटाइम के बाद ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन सूरज करकेरा ने गोल बचाया। 37वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत का निशाना चूक गया।

बॉलीवुड हलचल

परिणीति ने अमर सिंह चमकीला के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ''अमर सिंह चमकीला'' के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था। परिणीति चोपड़ा ने बताया,किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया।इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। ये बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।

एकता कपूर की फिल्म एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ''एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी।राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं। एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत "मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है।" डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ऋतिक और जूनियर एनटीआर की फिल्म में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं। फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा।बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

100वीं बार चुनाव हार जाऊं, फिर नहीं लड़ूंगा

- देश के सभी चुनावों में नामांकन भर चुके हैं आगरा के हसनुराम अंबेडकरी 'धरती पकड़'

आगरा, एजेंसी

आगरा में तीसरे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत शुक्रवार से हो गई। नामांकन पत्र खरीदने एक ऐसा शख्स भी पहुंचा जो अब तक 98 बार चुनाव लड़ चुका है।

आगरा जिले की खेरागढ़ तहसील निवासी 78 वर्षीय हसनूराम अंबेडकरी ने सौ बार चुनाव लड़ने का रिकार्ड बनाने को आगरा सुरक्षित और फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीटों से नामांकन पत्र लिए। उन्हें आज तक किसी चुनाव में जीत भले न मिली हो, लेकिन उनके चुनाव लड़ने के जज्बे में किसी तरह की कमी नहीं आई है।

हसनूराम आंबेडकरी ने बताया कि वह पहले राजस्व विभाग में अमीन के पद पर थे। उस समय वह वामसेफ में सक्रिय थे। बसपा ने वर्ष 1985 में खेरागढ़ सीट से विधानसभा चुनाव लड़ाने का आश्वासन दिया गया था। उन्होंने चुनाव लड़ने को अपनी सरकारी नौकरी छोड़ दी। चुनाव के समय उन्हें टिकट नहीं दिया गया। यह बात उनके दिल को चुभ गई। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। बता दें, हसनूराम पेशे से मनरेगा मजदूर हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने को फंड बना रखा है। इसमें वह प्रतिदिन कुछ न कुछ रुपये डालते हैं। नामांकन प्रक्रिया के अतिरिक्त वह चुनाव प्रचार पर एक रुपया व्यय नहीं करते हैं। प्रचार के लिए वह घर-घर संपर्क करते हैं।

1985 में लड़ा था पहला चुनाव, हासिल किया था तीसरा स्थान

1985 में फतेहपुर सीकरी के खेरागढ़ विधानसभा सीट से उन्होंने पहला चुनाव लड़ा और 17711 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे। तब से अब तक वह हर चुनाव में किस्मत आजमाते चले आ रहे हैं। हसनूराम ने बताया कि वह ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, सहकारी बैंक, विधायक, एमएलसी, सांसद का चुनाव लड़ चुके हैं। राष्ट्रपति के चुनाव को भी उन्होंने नामांकन किया था। वह 12 बार आगरा ग्रामीण, 13 बार खेरागढ़ और छह बार फतेहपुर सीकरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग चुनाव जीतने को लड़ते हैं, लेकिन वह हार का रिकार्ड बनाने को चुनाव लड़ते हैं। उनका दावा है कि अब तक किसी प्रत्याशी ने इतने चुनाव नहीं लड़े हैं।

वैसाखी उत्सव को सिख तीर्थयात्रियों का जत्था पाक रवाना

अमृतसर। भारत के करीब 2400 सिख तीर्थ यात्री वैशाखी के अवसर पर शनिवार को पाकिस्तान पहुंचे हैं। पाकिस्तानी पंजाब के पहले सिख मंत्री सरदार रामश सिंह अरोरा, इवैक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने वाघा बॉर्डर पर भारतीय तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। ईटीपीबी प्रवक्ता अमीर हाशमी ने बताया कि गुरुद्वारा पुंजा साहिब में आयोजित वैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारतीय यहां आए हैं। उन्हें पुलिस और पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग ने तीर्थयात्रियों को 2,975 वीजा जारी किए थे लेकिन यहां सिर्फ 2400 यात्री ही आए हैं।

एनपीएस में मिलेगा पीपीएफ के मुकाबले ज्यादा टैक्स फायदा

जो लोग सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में नहीं आते, उनके लिए पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) और नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) खुशहाल रिटायरमेंट के अच्छे विकल्प हैं। लेकिन, टैक्स बेनिफिट के मामले में एनपीएस बेहतर है। नेशनल पेंशन सिस्टम में सरकारी कर्मचारी और सामान्य नागरिक दोनों निवेश कर सकते हैं। यहां 18 से 60 साल तक की उम्र के लोग निवेश कर सकते हैं। देश के करीब सभी सरकारी और निजी बैंकों में जाकर इस योजना के तहत खाता खुलवाया जा सकता है। जानते हैं कैसे...

- एनपीएस बनाम पीपीएफ पीपीएफ सरकार समर्थित इन्वेस्टमेंट स्कीम है। ये गारंटीड रिटर्न देती है। एनपीएस पीएफआरडीए द्वारा रेगुलेटेड मार्केट लिंक्ड इन्वेस्टमेंट प्लान है। इसमें बाजार से जुड़ी एसेट्स के डाइवर्सिफाई पोर्टफोलियो से ऊंचा रिटर्न देने की क्षमता होती है।

पीपीएफ की 7.1 फीसदी है ब्याज दर

- पीपीएफ के बेनिफिट्स 15 साल के लॉक-इन पीरियड और गारंटीड ब्याज दरों के साथ, पीपीएफ एक विश्वसनीय सेविंग स्कीम है। जोखिम से बचने वाले लोग अक्सर पीपीएफ में निवेश करते हैं। अभी इसकी ब्याज दर 7.1 फीसदी है।
- एनपीएस के बेनिफिट्स इस मार्केट लिंक्ड रिटायमेंट स्कीम में इक्विटी और डेट, दोनों के लाभ मिलते हैं। एनपीएस के लिए न्यूनतम योगदान टियर-1 में 500 रुपए और टियर-2 खातों में 1,000 रुपए तय है। निवेश की अधिकतम निवेश सीमा तय नहीं है। 18 से 60 वर्ष की उम्र तक इसमें खाता खोला जा सकता है।

दोनों में क्या हैं टैक्स लाभ

दोनों निवेश योजनाएं आयकर कानून की धारा 80सी के तहत कटौती लाभ के लिए योग्य हैं। हालांकि, टैक्स बचत के मामले में एनपीएस, पीपीएफ से ज्यादा फायदेमंद है। इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि इसमें धारा 80सी के तहत 1.5 लाख रुपए से अधिक की कटौती के अलावा धारा 80 सीसीडी (1बी) के तहत भी 50 हजार रुपए तक अतिरिक्त छूट मिल सकती है।

- रिटायरमेंट के बाद भी आपको नियमित आमदनी होती रहे, इसके लिए रिटायरमेंट प्लानिंग बहुत जरूरी है। अलग-अलग जगह निवेश कर आप अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। रिटायरमेंट प्लानिंग के लिहाज से निवेश का एक अच्छा ऑप्शन नेशनल पेंशन स्कीम भी है।
- पब्लिक प्रोविडेंट फंड यानी पीपीएफ के शानदार रिटर्न और टैक्स छूट के चलते यह हर किसी का फेवरेट बनता जा रहा है। इसके तहत जो प्रिंसिपल अमाउंट निवेश किया जाता है, उस पर 80सी के तहत टैक्स नहीं लगता है। वहीं इस पर जो ब्याज मिलता है वह भी सेक्शन 10 के तहत टैक्स के दायरे से बाहर रहता है।

एक नजर

लिव-इन में रह रहे प्रेमी जोड़े ने सातवीं मंजिल से कूदकर दी जान

चंडीगढ़। हरियाणा के झज्जर जिले में लिव-इन रिलेशन में रह रहे एक प्रेमी जोड़े ने अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। दोनों मृतक यूट्यूब पर चैनल चलाते थे। जानकारी के अनुसार, दोनों में झगड़ा हुआ जिसके बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। मृतकों की पहचान गर्वित (25) और नंदिनी (22) के रूप में हुई है। दोनों देहरादून के रहने वाले थे, बहादुरगढ़ के रुहिल में किराए पर रहते थे। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर शिविल अस्पताल में रखवा दिया है, जहां उनका पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। बता दें कि हाल ही में मृतक देहरादून उत्तराखंड से अपनी टीम के साथ फेसबुक पर शॉर्ट फिल्म बनाकर लौटे थे। जिसके बाद टीम रुहिल रेजीडेंसी में रुकी हुई थी। फिलहाल पुलिस टीम जांच में जुटी है।

आस्ट्रेलिया में चाकू मारकर ली छह लोगों की जान, हमलावर ढेर

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित एक शॉपिंग मॉल में चाकूबाजी और गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। वेस्टफील्ड मॉल के अंदर चाकूबाजी से अफरातफरी मच गई और सैंकड़ों लोग इधर-उधर भागते दिखे। घटना में छह लोगों की मौत हो गई है और संख्या में और इजाफा हो सकता है। पुलिस ने बताया कि वहां ऑपरेशन चलाकर हमलावर को मार गिराया गया है। मॉल में छह लोगों पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चाकूबाज पर गोली चलाई। बता दें, घटना सिडनी के पूर्वी उपनगरों में एक मॉल की है।

भूकंप से दहली चीन की धरती, 5.7 की तीव्रता से लगे झटके

बीजिंग। चीन में भूकंप के तेज झटके लगे है। पड़ोसी मुल्क के जिजांग प्रांत में ये झटके महसूस किए गए हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने बताया है कि, चीन में आए भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 5.7 आंकी गई है। एजेंसी ने कहा कि भूकंप 10 किमी (6.2 मील) की गहराई पर था। भूकंप से फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है।

आज गोवा में नौसेना के जवान होंगे वीरता पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार रविवार को वीरता, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धि और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रविवार को गोवा के आईएनएस हंसा में आयोजित नौसेना अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओर से पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सीएनएस उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल और हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेगा।

इजराइल पर हमले की ताक में ईरान अमेरिका ने तीन देशों से मांगी मदद

ईरान से टकराव टालने में जुटे ब्लिंकन, पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

अमरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल को अलर्ट करते हुए कहा कि वह जल्द ही ईरान की तरफ से हमले की उम्मीद कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के भीतर ईरान की तरफ से यहूदी धरती पर ड्रोन और मिसाइल से हमले होने की संभावना है। ईरान के पास अपनी सीमाओं से दो हजार किमी दूर तक अपने लक्ष्य पर हमला करने वाले बैलेस्टिक और क्रूज मिसाइलें हैं।

नेतन्याहू ने ईरान के हमले की आशंका के बाद शुक्रवार देर रात सुरक्षा की समीक्षा के लिए वॉर कैबिनेट और रक्षा प्रमुखों साथ बैठक की। उधर, ईरान समर्थित हिजबुल्ला गुट ने लेबनान से देर रात इजराइल में रॉकेट 2 और ड्रोन से विस्फोटक दागे। इजराइली सेना का दावा है कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने न 40 से रॉकेट और दो ड्रोन को मार गिराया। बता दें, इजराइल को बचाने के लिए अमेरिका ने मदद भेज दी है। भूमध्य सागर में अमेरिका ने अपनी नौसैनिक विध्वंसक पोत को तैनात किया है।

एक यूएसएस कार्ने भी है, जिसे लाल सागर में हूती ड्रोन और जहाज रोधी मिसाइलों को रोकने के लिए तैनात किया गया था। अमेरिका ने क्षेत्र में युद्ध को रोकने के लिए अपने राजनायिक प्रयासों को भी दोगुना कर दिया है। अमेरिका स्विस चैनलों के माध्यम से लगातार ईरान को संदेश भेज रहा है। बाइडन ने अमेरिका सेंट्रल कमांड के अधिकारी जनरल माइकल कुरिला को वार्ता के लिए इजराइल भेजा है।

अमेरिका के शीर्ष कमांडर एरिक इजराइल पहुंचे

इससे पहले, अमेरिका ने हाई अलर्ट जारी किया। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी न ब्लिंकन ने सऊदी अरब, तुर्की, चीन और यूरोपीय देशों के अपने समकक्षों से ईरान को इजराइल पर हमला रोकने में मदद मांगी है। अमेरिका, रूस समेत 5 देशों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इजराइल और मिडिल ईस्ट न जाएं। अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों से कहा है कि वे तेल अवीव, - यरूशलम और बेर्शेबा से बाहर यात्रा न करें। मिडिल ईस्ट में एक और जंग छिड़ने के आभास के बीच अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला गुरुवार को इजराइल पहुंच गए है। रिपोर्ट के मुताबिक वो ईरानी हमले की स्थिति में इजराइल को गाइड करेंगे। उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से मुलाकात की। अमेरिका ने कहा है कि वह इजराइल का साथ जरूर देगा।

जयशंकर ने ब्रिटेन के अपने समकक्ष से तनाव पर की चर्चा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को ब्रिटेन के अपने समकक्ष डेविड कैमरून के साथ इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर और कैमरून के बीच टेलीफोन ईरान द्वारा जब्त जहाज को लेकर चर्चा हुई है। जयशंकर ने एक्स पर कहा, आज ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून से बात की। पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति और हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर भी चर्चा हुई। इस बात की आशंका बढ़ गई है कि 12 दिन पहले सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के जवाब में तेहरान इजराइल पर हमला कर सकता है। ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

अनुकूल माहौल में वार्ता करें भारत-पाकिस्तान

श्रीनगर, एजेंसी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों को वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल माहौल बनाना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने उन लोगों की आलोचना की, जो कहते हैं कि भारत को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस लेने के लिए बल प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं इसे इस तरह से कह सकता हूं कि केवल बल प्रयोग से आपको किसी भी समस्या का समाधान नहीं मिलेगा। अंततः जब समाधान निकालने की बात आती है तो अंतिम लक्ष्य पर बातचीत के माध्यम से ही पहुंचा जाता है। अब्दुल्ला ने कहा, बातचीत के लिए स्थितियां बनाना दोनों पक्षों की जिम्मेदारी है, अकेले भारत की नहीं। दोनों देशों के बीच वार्ता बहाल होने की संभावना पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष अब्दुल्ला ने कहा, अब पाकिस्तान में नई सरकार है और जून के बाद भारत में भी नई सरकार होगी, भले ही उस सरकार का नेतृत्व कोई भी कर रहा हो। उन्होंने कहा, अब देखना यह है कि क्या ये दोनों सरकारें बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बना पाती हैं। जो लोग पाकिस्तान के साथ जंग पर जोर दे रहे हैं, उन्हें खुद जाकर लड़ लेना चाहिए।

गोपी बनेंगे अंतरिक्ष की सैर करने वाले पहले भारतीय पर्यटक

वाशिंगटन। आंध्र प्रदेश में जन्मे गोपीचंद थोटाकुरा अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पर्यटक बनेंगे हैं। वे न्यू शेफर्ड-25 (एनएस-25) मिशन के लिए चालक दल के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा करेंगे।

वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए हैं। हालांकि अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन के इस मिशन के लिए उड़ान की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है। ब्लू ओरिजिन के अनुसार, गोपी एक पायलट और एविएटर हैं। इतना ही नहीं वह प्रिजर्व लाइफ कॉर्प के सह-संस्थापक भी हैं।

आतंकियों ने बस में सवार यात्रियों पर चलाईं गोलियां, 11 की मौत

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को अज्ञात आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पहली घटना में हथियारबंद लोगों ने नोशकी जिले में राजमार्ग पर एक बस को रोककर बंदूक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया था। एक अधिकारी ने कहा कि इन नौ लोगों के शव बाद में पास के पहाड़ी इलाकों में एक पुल के पास मिले, इन्हें गोली मारी गई थी। बस क्वेटा से ताफ्तान जा रही थी कि इस बीच हथियारबंद लोगों ने बस को रोका और यात्रियों की पहचान करने के बाद नौ लोगों को पहाड़ी इलाके में ले गए थे। वहीं, एक अलग घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि नोशकी राजमार्ग पर 11 लोगों की हत्या में शामिल आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा और उन्हें जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। बुगती ने कहा कि हमलों में शामिल आतंकवादियों का पीछा किया जाएगा, उनका उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नुकसान पहुंचाना है।

अनोखी परंपरा

अगरतला : अगरतला में एक अनोखी परंपरा आकर्षक रूप में मनाई जाती है। आदिवासी त्योहारों में से ही एक पर्व चरक पूजा है, जिसे भक्त बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं। चरक पूजा अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु उलटे होकर जमीन पर लेटते हैं, अन्य मौजूदा महिलाएं ढोल-नगाड़ों के साथ मंगल गीत गाती हैं। ● एजेंसी

दो इनामी महिला नक्सली समेत 6 ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो इनामी महिला नक्सलियों समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि महिला नक्सली तेलाम गीता (35) और मुचाकी सोमे (24) समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि नक्सली गीता पर दो लाख रुपये व सोमे एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादी नेताओं के भेदभावपूर्ण व्यवहार से तंग आकर हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया है।

आतंक के खात्मे को कोई नियम-कानून नहीं

पुणे, एजेंसी

- जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान को घेरा, कहा- जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर पाकिस्तान को आतंकवाद को लेकर घेरा है। जयशंकर ने कहा कि अगर भारत पर सीमा पार से आतंकी हमला होगा तो उसका जवाब देने के लिए हमारा देश प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी नियमों के अनुसार नहीं चलते, इसलिए हमारे लिए भी उनका जवाब देने के लिए कोई नियम नहीं हो सकता।

जयशंकर ने 2008 में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर बोलते हुए कांग्रेस की तत्कालीन यूपीए सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बहुत विचार-विमर्श के बाद भी उस समय कुछ भी सार्थक परिणाम नहीं निकला। युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' नामक एक कार्यक्रम में युवाओं के साथ बातचीत करते हुए जयशंकर ने कहा कि अगर अब इसी तरह का हमला होता है और कोई उस पर प्रतिक्रिया नहीं करता है, तो आगे ऐसे हमलों को कैसे रोका जा सकता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से देश की विदेश नीति में बदलाव आया है और आतंकवाद से निपटने का यही तरीका है। उन देशों के बारे में पूछे जाने पर जिनके साथ भारत को संबंध बनाए रखना चुनौतीपूर्ण लगता है, जयशंकर ने कहा कि भारत को सवाल करना चाहिए कि क्या उसे कुछ देशों के साथ संबंध बनाए रखना चाहिए।

जयशंकर ने उत्तर देते हुए कहा कि एक देश तो हमारे बगल में ही है और ईमानदारी से कहूं तो पाकिस्तान के साथ रिश्ता रखने के लिए हमें केवल आत्मनिरीक्षण करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर भारत शुरू से ही स्पष्ट होता कि पाकिस्तान आतंकवाद में लिप्त है, जिसे भारत को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करना चाहिए, तो देश की नीति बहुत अलग होती।

मणिपुर में दो गुटों में गोलीबारी दो लोगों की मौत, जवान तैनात

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर की राजधानी इंफाल के पूर्वी इलाके में शनिवार को दो गुटों के बीच जमकर गोलीबारी हुई। इस दौरान दो लोगों की गोली लगने से मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है।

इंफाल के पूर्वी इलाके में कांगपोकली जिले की सीमा के पास शनिवार को गोलीबारी हुई। एक अज्ञात समूह और गांव के स्वयं सेवकों के बीच गोलीबारी होने लगी। इस गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की सूचना मिलते ही राज्य सुरक्षा दल और केंद्रीय बल तैनात किया गया है। गोलीबारी में मरे दोनों लोगों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, वहीं पुलिस बल अज्ञात दल को ढूंढ रहा है।

राज्य में चुनाव के लिए सही समय नहीं, कुकी व मैतई समुदाय चिंतित

इंफाल। मणिपुर में कुकी और मैतई के बीच जातीय हिंसा भड़के हुए लगभग एक साल हो गए हैं। जातीय हिंसा ने मणिपुर की तस्वीर ही बदल दी है। मणिपुर में दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 और 26 अप्रैल को होंगे। आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर के कुछ क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान होगा, जबकि बाहरी मणिपुर के शेष क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान होगा। आगामी चुनाव को लेकर चुराचांदपुर जिले में एक राहत शिविर में समन्वयक कुकी लहैनीलम ने कहा कि हमारी मांग स्पष्टा है। हम कुकी सममुदाय के लिए एक अलग प्रशासन चाहते हैं। वर्षों से विकास केवल घाटी में हुआ है, लेकिन हमारे क्षेत्रों में ऐसा नहीं हुआ। पिछले साल हुई हिंसा के बाद से हम एक साथ नहीं रह सकते, जिसकी कोई संभावना ही नहीं है।

अमेरिका में एफबीआई ने वांछित भारतवंशी पर रखा दो करोड़ का इनाम

वाशिंगटन। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने एक भारतीय पर दो करोड़ से अधिक का इनाम रखा है। अहमदाबाद के वीरमगाम का रहने वाला ये भारतीय अमेरिका के दस सर्वाधिक वांछित भगोड़े की सूची में शामिल भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल है। पटेल की गिरफ्तारी के लिए एफबीआई ने 250,000 डॉलर यानी (2 करोड़ 9 लाख रुपये से अधिक) तक का इनाम घोषित कर दिया है।

भद्रेशकुमार भगोड़े सूची में साल 2017 से शामिल है। भद्रेशकुमार अमेरिका की मोस्ट वांटेड लिस्ट में भी शामिल है। पटेल 12 अप्रैल 2015 को मैरीलैंड के हनोवर में एक डोनट की दुकान पर काम करते समय अपनी पत्नी की चाकू से हत्या के बाद से भगौड़ा है। अब पटेल को पकड़ने के लिए एफबीआई ने इनाम तक घोषित कर दिया है।

जांबाज भारतीय सेना ने वर्षगांठ पर हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन समेत बुनियादी ढांचा की गिनाईं उपलब्धियां, 24 घंटे कर रहे निगरानी

सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर में जवानों के चार दशक पूरे

नई दिल्ली एजेंसी

ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों के बारे में बताया। जिसमें हेलीकॉप्टर और लॉजिस्टिक ड्रोन का भी जिक्र किया गया।

सेना अधिकारियों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में काफी सुधार हुआ है। खासकर उन चौकियों पर जहां भीषण सर्दियों में जवान तैनात रहते हैं। अधिकारियों ने बताया कि विशेष कपड़ों, पर्वतारोहण उपकरणों और राशन की उपलब्धता ने सैनिकों को दुनिया के सबसे ठंडे युद्धक्षेत्र की कठोर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता को बढ़ा दिया है। अधिकारियों ने हाल ही में सेना के आधुनिकरण पर कहा था कि प्रत्येक सैनिक के पास पॉकेट वेदर ट्रैकर्स जैसे गैजेट मौसम के बारे में समय पर अपडेट प्रदान करते हैं और उन्हें संभावित हिमस्खलन के बारे में चेतावनी देते हैं।

ट्रैक के एक व्यापक नेटवर्क के विकास और ऑल-टेरेन व्हीकल्स (एटीवी) की शुरूआत से ग्लेशियर के पार गतिशीलता में काफी सुधार हुआ है।

डीआरडीओ द्वारा विकसित एटीवी पुलों जैसे नवाचारों ने सेना को प्राकृतिक बाधाओं पर काबू पाने में सक्षम बनाया है, जबकि हवाई केबलवे में उच्च गुणवत्ता वाली डायनेमा रस्सियां सबसे दूरस्थ चौकियों तक भी निर्बाध आपूर्ति लाइनें सुनिश्चित करती हैं। ऑपरेशन मेघदूत' की 40वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने अधिकारियों ने हाल के दिनों में भारतीय रक्षा बलों द्वारा सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में की गई कुछ प्रमुख पहलों पर कहा कि मोबाइल और डेटा कनेक्टिविटी में काफी सुधार हुआ है। वीएसएटी तकनीक की शुरूआत ने ग्लेशियर पर संचार में क्रांति ला दी है, जिससे सैनिकों को डेटा और इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है।

प्रौद्योगिकी में इस छलांग ने वास्तविक जागरूकता, टेलीमेडिसिन क्षमताओं और हमारे सैनिकों को उनके परिवारों से जोड़े रखकर उनकी भलाई को बढ़ाया है। उत्तरी और मध्य ग्लेशियरों में चौकियों पर कर्मियों को डिब्बाबंद राशन के बजाए ताजा राशन और सब्जियां मिलें। एक ऐसा पहलू जिसकी कुछ साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। नई लॉजिस्टिक पहलों की बदौलत ताजा राशन और सब्जियां अब हमारे फॉरवर्ड पोस्ट के लिए एक वास्तविकता बन गई हैं।

इसरो ने स्थापित किया था अत्याधुनिक चिकित्सा ढांचा

दुर्गम स्थान में मिली चिकित्सा सहायता इसरो द्वारा स्थापित टेलीमेडिसिन नोड्स समेत सियाचिन में अत्याधुनिक चिकित्सा बुनियादी ढांचा न केवल हमारे सैनिकों को बल्कि नुब्रा घाटी में स्थानीय आबादी और पर्यटकों को भी महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता प्रदान करता है। परतापुर और बेस कैंप में चिकित्सा सुविधाओं में देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, अत्याधुनिक एचएपीओ कक्ष और जीवन समर्थन प्रणालियों के अलावा ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र शामिल हैं।